सूर्योदय 6:15 सूर्यास्त 6:39

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 8.0 न्यू | 17.0 अधि |
| धर्मशाला | 10.0 न्यू | 19.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 73,583 |
| निफ्टी | 22,820 |

सोना 1,43,300 | चांदी 2,22,200

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 29 मार्च 2026 | 16 चैत्र, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 89, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### ईरान के बाद अगला नंबर क्यूबा का: ट्रंप

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने एक बड़ा बयान देते हुए कहा है कि अब अगला नंबर क्यूबा का है। ट्रंप ने हालांकि साफ तौर पर यह नहीं बताया कि क्यूबा के खिलाफ उनका अगला कदम क्या होगा, लेकिन उन्होंने इशारा दिया कि जरूरत पड़ी तो सैन्य ताकत का इस्तेमाल भी किया जा सकता है। ट्रंप ने कहा, 'मैंने अमेरिकी सेना को बहुत मजबूत बनाया है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि इसका इस्तेमाल करना पड़ेगा, लेकिन कभी-कभी ऐसा करना पड़ता है। वैसे क्यूबा का अगला नंबर है।' (अनंत ज्ञान)

### बालेन के प्रधानमंत्री बनते ही ओली अरेस्ट

**एजेंसी, काठमांडू।** नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक को पुलिस ने शनिवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी पिछले साल हुए जेन-जी प्रोटेस्ट के मामले में हुई है। यह कार्रवाई उस समय हुई, जब कल ही बालेन शाह ने नए प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली है। पुलिस के अनुसार, ओली को शनिवार सुबह भक्तपुर के गुंडु स्थित उनके घर से पकड़ा गया। वहीं, रमेश लेखक को सुबह करीब 5 बजे सूर्यविनायक से गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई गृह मंत्रालय की शिकायत के बाद शुरू हुई जांच के आधार पर की गई है। एक जांच आयोग ने सुझाव दिया था कि इन नेताओं पर लापरवाही का केस चलाया जाए। इस मामले में 10 साल तक की सजा हो सकती है। (अनंत ज्ञान)

### इंडिगो प्लेन का इंजन फेल दिल्ली में इमरजेंसी लैंडिंग

**एजेंसी, नई दिल्ली।** विशाखापट्टनम से आ रही इंडिगो फ्लाइट 6ई 579 का इंजन फेल हो गया। जिसके बाद उसकी दिल्ली में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। सभी 160 यात्री सुरक्षित हैं। विमान की सुरक्षित लैंडिंग सुनिश्चित करने के लिए एयरपोर्ट के रनवे 28 पर 'फुल इमरजेंसी' लागू की गई थी। एसओपी के तहत, रनवे के चारों ओर दमकल की गाड़ियां और एंबुलेंस मौजूद थीं। फायर डिपार्टमेंट के मुताबिक, शनिवार सुबह 10.53 बजे इमरजेंसी कॉल आया। टीम को अलर्ट पर रखा गया था। हालांकि विमान बोइंग 737 ने 10:59 पर सुरक्षित लैंडिंग की। (अनंत ज्ञान)

### मणिपुर में गिरफ्तार किए आठ उग्रवादी

**एजेंसी, इंफाल।** मणिपुर में प्रतिबंधित संगठनों के विरुद्ध जारी अभियानों में सुरक्षा बलों को लगातार सफलता मिल रही है। मणिपुर पुलिस मुख्यालय द्वारा आज दी गई आधिकारिक सूचना के अनुसार राज्य के अलग-अलग हिस्सों में बीते 24 घंटे के दौरान विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों के कुल आठ कैडरों को गिरफ्तार किया गया है। शुक्रवार को प्रतिबंधित संगठन यूएनएलएफ (पी) के एक सक्रिय कैडर थोंगबम प्रेमजीत सिंह (49) को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित संगठन आरपीएफ/पीएलए के एक सक्रिय कैडर चिंगाखाम नोंगपोकंगनबा मैतेई (21) को भी गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार छह और सक्रिय कैडर को पुलिस बलों ने गिरफ्तार किया है। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- पान के पत्तों से बदली महोबा के भाई-बहन की किस्मत -पेज 2
- त्रियुंड ट्रैकिंग साइट की चार चेकपोस्ट नीलाम -पेज 4
- पुलिस की कार्रवाई: पांवटा में ओवर लोडिड 4 डंपर किए जब्त -पेज 12


# 3 साल में केंद्र से मिले सिर्फ 44,519 करोड़: सीएम

## कहा- केंद्र सरकार से राजस्व घाटा अनुदान के तहत 17 हजार करोड़, राज्य आपदा राहत फंड के तहत मिले 1130 करोड़

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के प्रश्नकाल के दौरान शनिवार को केंद्र सरकार से राज्य को मिली आर्थिक सहायता को लेकर सरकार और विपक्ष के बीच तीखी बहस देखने को मिली। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सदन को बताया कि पिछले तीन वर्षों में केंद्र सरकार से प्रदेश को विभिन्न मदों के तहत सिर्फ 44519 करोड़ रुपए प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता सभी विधानसभा क्षेत्रों का समान विकास करना है और पूरे प्रदेश के विकास के लिए उनका 'दिल खुला' है। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीन वर्षों में लगभग 17 हजार करोड़ रुपए आरडीजी के रूप में प्राप्त हुए। वर्ष 2023-24 में 8058 करोड़, 2024-25 में 6258 करोड़ और वित्त वर्ष 2025-26 में 31 जनवरी तक 2714 करोड़ रुपए राज्य को मिले। हालांकि, आरडीजी बंद होने को



विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान सदस्यों के सवालों के जवाब देते मुख्यमंत्री सुक्खू। अनंत ज्ञान

लेकर राज्य सरकार केंद्र पर लगातार भेदभाव का आरोप लगा रही है, जिससे यह मुद्दा राजनीतिक रूप से संवेदनशील बना हुआ है। केंद्रीय प्रायोजित योजनाओं के तहत भी हिमाचल को बड़ी सहायता प्राप्त हुई है। आंकड़ों के अनुसार, तीन वर्षों में 15 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि इन योजनाओं के माध्यम से राज्य में पहुंची। वहीं ऋण और अग्रिम मद में भी केंद्र से निरंतर वित्तीय सहयोग मिलता रहा, जिसके

**◆ केंद्र प्रायोजित योजनाओं के तहत मिले 6715 करोड़**

तहत क्रमशः 1649 करोड़, 2521 करोड़ और 2545 करोड़, कुल 6715 करोड़ रुपए प्राप्त हुए।

आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में भी केंद्र की ओर से सहायता जारी रही। स्टेट डिजास्टर रिस्पॉन्स फंड (एसडीआरएफ) के तहत तीन वर्षों में क्रमशः 361 करोड़, 371 करोड़ और 398 करोड़, कुल 1130 करोड़ रुपए मिले, जबकि स्टेट डिजास्टर मिटिगेशन फंड (एसडीएमएफ) में भी अलग से धनराशि दी गई। स्थानीय निकायों को सशक्त बनाने के लिए भी केंद्र ने अलग-अलग वर्षों में 277 करोड़, 610 करोड़ और 734 करोड़ रुपए जारी किए।

उन्होंने कहा कि नाबार्ड के तहत जिन विधायकों की सीमा (लिमिट) शेष है, उनकी प्राथमिकताओं के अनुसार कार्य किए जाएंगे। साथ ही उन्होंने बताया कि नाबार्ड की लिमिट 200 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 225 करोड़ रुपए कर दी गई है।

भाजपा विधायक सुखराम चौधरी ने अनुपूरक प्रश्न में अपने विधानसभा क्षेत्र की नाबार्ड की पांच लंबित योजनाओं का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि उनकी लगभग 70 करोड़ रुपए की लिमिट अभी भी बची है और एक सड़क को अब तक मंजूरी नहीं मिली है। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि उनकी लिमिट उपलब्ध है तो वे प्राथमिकता के आधार पर एक सड़क का प्रस्ताव दें, सरकार उस पर ध्यान देगी। इसके जवाब में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि केंद्र से प्राप्त राशि योजनागत और करों के हिस्से के रूप में मिलती है और उसका आवंटन सभी क्षेत्रों में किया गया है।

## हिमाचल में एलपीजी और पेट्रोल-डीजल की फिलहाल कमी नहीं

**शिमला।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव और वैश्विक परिस्थितियों के असर अब हिमाचल प्रदेश में भी दिखाई देने लगे हैं। राज्य में पहले से चल रही कमर्शियल एलपीजी गैस की कमी के बीच अब पेट्रोल और डीजल को लेकर भी चिंता गहराने लगी है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने संकेत दिए हैं कि प्रदेश के पास फिलहाल केवल लगभग 15 दिनों का ही पेट्रोल-डीजल भंडार उपलब्ध है, जिससे आने वाले समय में स्थिति चुनौतीपूर्ण हो सकती है। मुख्यमंत्री ने मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में स्पष्ट किया कि वर्तमान में प्रदेश में घरेलू गैस और पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति सामान्य रूप



से चल रही है, लेकिन स्टॉक सीमित होने के कारण भविष्य में दबाव बढ़ सकता है। उन्होंने मुख्य सचिव को निर्देश दिए हैं कि इस स्थिति पर निरंतर निगरानी रखी जाए और प्रतिदिन समीक्षा की जाए, ताकि किसी भी संभावित संकट से समय रहते निपटा जा सके। कमर्शियल गैस सिलेंडरों की उपलब्धता को लेकर कई क्षेत्रों से शिकायतें सामने आ रही हैं,

**◆ स्टॉक सीमित होने के कारण भविष्य में बढ़ सकता है दबाव**

जिससे होटल, ढाबों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की परेशानी बढ़ रही है। सरकार ने इस विषय को भी गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। इस बीच, विपक्ष द्वारा हिमकेयर योजना की जांच सिटिंग जज से करवाने की मांग पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार के मामलों की जांच सामान्यतः सरकारी एजेंसियों द्वारा ही की जाती है, न कि सिटिंग जज के माध्यम से करवाई जाती है।

## शाहपुर के घेरा में खाई में गिरी कार, दो की मौत

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले में कार हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। जगराता देखकर लौट रहे लोगों के साथ हादसा शाहपुर के घेरा में पेश आया, जहां कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे की आवाज सुनते ही स्थानीय लोग मदद के लिए दौड़े और पुलिस को सूचित किया। हादसे में दो लोगों की मौका पर ही मौत हो गई, जबकि दो महिलाएं घायल हो गईं, जिनका टांडा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार चल रहा है। मृतकों में कार चालक करण बहादुर और एक लड़की करीना शामिल हैं। शुक्रवार रात को करीब साढ़े 12 बजे यह हादसा पेश आया, जब पांच लोग जगराता में भाग लेकर वापिस लौट रहे थे। एएसपी कांगड़ा राजेंद्र कुमार जसवाल ने पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस थाना मैक्लोडगंज के अंतर्गत शुक्रवार रात को यह सूचना मिली कि घेरा के पास कार खाई में गिर गई है।

**◆ जगराता देखकर लौटते समय हुआ सड़क हादसा दो महिलाएं हुईं घायल**

पुलिस टीम मौका पर पहुंची और कार्रवाई शुरू की। उन्होंने बताया कि कार में 5 लोग सवार थे, जिनमें से ड्राइवर और एक लड़की की मौके पर मौत हो गई, जबकि घायल दो महिलाओं को टांडा मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है। इस मामले में आगामी कार्रवाई जारी है।

## 9वीं-10वीं कक्षा के सिलेबस में होगा बदलाव

### चौथी से आठवीं तक के सिलेबस को बदल चुका है स्कूल शिक्षा बोर्ड

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश में नौवीं व दसवीं के सिलेबस में बदलाव होगा। शैक्षणिक सत्र 2027-28 से नौवीं व दसवीं के पूरे पाठ्यक्रम में बदलाव होगा, जबकि चौथी से आठवीं तक के सिलेबस को हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड पहले ही बदल चुका है। प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड का यह कदम राज्य की स्कूली शिक्षा को राष्ट्रीय स्तर के मानकों के अनुरूप लाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इससे पहले शिक्षा बोर्ड चौथी से लेकर आठवीं कक्षा तक के सिलेबस में बदलाव कर चुका है और अब इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए माध्यमिक कक्षाओं को भी इसमें शामिल किया जा रहा है।

शिक्षा बोर्ड के अनुसार पुराने सिलेबस और राष्ट्रीय स्तर पर लागू पाठ्यक्रम में अंतर के कारण विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं





और उच्च शिक्षा में दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। एनसीईआरटी आधारित सिलेबस लागू होने से छात्रों को देशभर में एक समान शैक्षणिक ढांचा मिलेगा, जिससे उनकी तैयारी बेहतर हो सकेगी।

**◆ शैक्षणिक सत्र 2027-28 से बदला जाएगा पाठ्यक्रम: शिक्षा बोर्ड**

वहीं, छात्रों का बोझ कम होगा, लेकिन समझ बढ़ेगी। कंसेप्ट बेस्ड पढ़ाई से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने में भी उन्हें मदद मिलेगी। शिक्षा बोर्ड इस पाठ्यक्रम में क्या-क्या शामिल करेगा, इसको लेकर विशेष विशेषज्ञों के चर्चा कर योजना बनाई जाएगी।

उधर, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड अगले वर्ष 9वीं और 10वीं कक्षा के सिलेबस को बदलेगा। इस सिलेबस में एनसीईआरटी के तहत पाठ्यक्रम जारी किया जाएगा। चौथी से आठवीं कक्षा तक के सिलेबस को बोर्ड बदल चुका है।

## हिमाचल के 5 जिलों में आज ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** मौसम विभाग ने ताजा बुलेटिन जारी कर 29 मार्च को हिमाचल प्रदेश के पांच जिलो चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला में ओलावृष्टि के साथ-साथ आंधी और तूफान चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती है। अन्य जिलों में येलो अलर्ट की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग ने 30 मार्च को किन्नौर और लाहौल स्पीति को छोड़कर अन्य सभी 10 जिलों आंधी-तूफान व ओलावृष्टि का येलो अलर्ट दिया गया है। आज भी सोलन, सिरमौर, किन्नौर और लाहौल स्पीति को छोड़कर अन्य सभी जिलों में आंधी-तूफान की चेतावनी है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश अगले सात दिन मौसम खराब रहेगा। 31 मार्च और 1 अप्रैल को चेतावनी तो नहीं दी गई, लेकिन मौसम पूरे प्रदेश में खराब रहेगा। इस दौरान सामान्य बारिश-बर्फबारी होने की संभावना है।

**◆ 50 से 60 किलोमीटर की रफ्तार से चलेंगी तेज हवाएं**

वहीं, दो और तीन अप्रैल को फिर से पूरे प्रदेश में भारी बारिश-बर्फबारी और आंधी तूफान चलने का पूर्वानुमान है।

### तापमान में आएगी गिरावट

प्रदेश में अगले एक सप्ताह के दौरान मौसम में बदलाव के बाद तापमान में भारी गिरावट आएगी। राज्य के अधिकांश शहरों का अधिकतम तापमान पहले ही नॉर्मल से नीचे गिर चुका है और प्रदेश का औसत अधिकतम तापमान नॉर्मल से 0.7 डिग्री नीचे लुढ़क चुका है। आने वाले एक सप्ताह के दौरान इसमें 5 से 6 डिग्री की और गिरावट होगी।

## रूस ने 4 माह के लिए रोका पेट्रोल निर्यात

### भारत पर कम, लेकिन चीन-तुर्किये और ब्राजील पर ज्यादा असर

**एजेंसी, मॉस्को**

रूस ने 1 अप्रैल से 31 जुलाई तक पेट्रोल निर्यात पर रोक का फैसला किया है। उपप्रधानमंत्री अलेक्जेंडर नोवाक ने ऊर्जा मंत्रालय से इस प्रस्ताव को तैयार करने को कहा। रूस के मुताबिक, यह कदम घरेलू सप्लाई बनाए रखने और कीमतें नियंत्रित रखने के लिए है। नोवाक ने कहा कि मिडिल ईस्ट में चल रहे इसराइल-ईरान जंग की वजह से ग्लोबल तेल और पेट्रोलियम प्रोडक्शन बाजार में अस्थिरता बढ़ी है। इससे कीमतों में उतार-चढ़ाव हो रहा है। रूस रोजाना 1.2 से 1.7 लाख बैरल पेट्रोल निर्यात करता है। इस फैसले से चीन, तुर्किये,



ब्राजील, अफ्रीका और सिंगापुर प्रभावित हो सकते हैं। ये देश रूसी तेल उत्पादों के बड़े खरीदार हैं। भारत पर असर कम होगा, क्योंकि वह पेट्रोल नहीं, कच्चा तेल खरीदता है।

रूस के उपप्रधानमंत्री अलेक्जेंडर नोवाक ने शुक्रवार को देश में पेट्रोल और दूसरे तेल उत्पादों की उपलब्धता और कीमतों की स्थिति की समीक्षा की। (अनंत ज्ञान)

### पहले भी पेट्रोल एक्सपोर्ट पर रोक लगा चुका है रूस

**रूस** पहले भी कीमत नियंत्रण और घरेलू सप्लाई के लिए पेट्रोल-डीजल निर्यात पर रोक लगा चुका है। पिछले साल भी ऐसा हुआ था, जब यूक्रेन हमलों से रिफाइनरियां प्रभावित हुई थीं। इंडस्ट्री के आंकड़ों के मुताबिक, रूस ने पिछले साल करीब 50 लाख मीट्रिक टन पेट्रोल एक्सपोर्ट किया था, यानी हर दिन लगभग 1.17 लाख बैरल के बराबर है। नोवाक ने बैठक में कहा कि पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त स्टॉक है और रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। तेल कंपनियों ने कहा कि पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त स्टॉक है और रिफाइनरियां पूरी या उससे अधिक क्षमता पर काम कर रही हैं।

## अमेरिका-इसराइल और ईरान जंग रुकवाने को पाकिस्तान जाएंगे 3 देश

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** अमेरिका-इसराइल और ईरान जंग का 29वां दिन है। ईरान को लेकर बढ़ते तनाव के बीच तुर्किये, मिस्र और सऊदी अरब के विदेश मंत्री 30 मार्च को पाकिस्तान पहुंचेंगे। यहां वे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से भी मुलाकात करेंगे। इस्लामाबाद में होने वाली इस बैठक में मिडिल ईस्ट के हालात पर चर्चा होगी। युद्ध शुरू होने के बाद यह पहली बड़ी बैठक मानी जा रही है, जिसमें कई देशों के विदेश मंत्री एक साथ शामिल होंगे। दूसरी तरफ यूएई भी अमेरिका और इजराइल के साथ मिलकर ईरान के खिलाफ जंग में शामिल हो सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले तीन हफ्तों में ईरान ने यूएई पर 2200 से ज्यादा मिसाइल और ड्रोन हमले किए हैं, जिनमें से 95% को रोक दिया गया। (अनंत ज्ञान)

## जंग में अब हूती विद्रोही भी शामिल

### 2000 किलोमीटर दूर से इसराइल पर दागी बैलिस्टिक मिसाइल

**एजेंसी, तेल अवीव**

ईरान-इसराइल जंग के करीब एक महीने बाद अब भी इसमें शामिल हो गए हैं। टाइम्स ऑफ इसराइल की रिपोर्ट के मुताबिक, यमन में मौजूद ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने करीब 2000 किलोमीटर दूर इसराइल के दक्षिणी शहर बेर्शेबा और आसपास के इलाकों को निशाना बनाते हुए बैलिस्टिक मिसाइल दागी।

इसराइली सेना के मुताबिक, मिसाइल लॉन्च का पता चलते ही एयर डिफेंस सिस्टम को एक्टिव किया गया और खतरे को हवा में ही नष्ट कर दिया गया। इस हमले में किसी के घायल होने की



खबर नहीं है। मौजूदा जंग के दौरान यमन से इसराइल पर यह पहला हमला माना जा रहा है।

**◆ गाजा जंग के दौरान भी इसराइल पर हमले कर चुके हैं हूती विद्रोही**

हूती ने इससे पहले गाजा जंग शुरू होने के बाद नवंबर 2023 में इसराइल और समुद्री जहाजों पर हमले शुरू किए थे। इसके जवाब में इसराइल ने भी उन पर जवाबी हमले किए थे। हालांकि अक्तूबर 2025 में हमास और इसराइल के बीच सीजफायर होने के बाद से हूती विद्रोहियों ने इसराइल पर हमले रोक दिए थे। (अनंत ज्ञान)

# प्रधानमंत्री मोदी ने नोएडा में किया देश के सबसे बड़े एयरपोर्ट का उद्घाटन

## देशवासियों का युद्ध के संकट से एकजुट होकर लड़ने का आह्वान

**एजेंसी, नोएडा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को यूपी के जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के फेज-1 का उद्घाटन किया। यह अभी देश का सबसे बड़ा और एशिया का दूसरा सबसे बड़ा एयरपोर्ट है। 4 फेज पूरे होने पर एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट हो जाएगा। पीएम ने जनसभा को संबोधित करते हुए लोगों से इजराइल-अमेरिका और ईरान की जंग से उपजे संकट से एकजुट होकर लड़ने की



अपील की। उन्होंने कहा- कल सभी राज्यों के सीएम से चर्चा हुई। देशवासियों से कहूंगा कि धैर्य और एकजुटता के साथ इस संकट का सामना करें। ये पूरी दुनिया को परेशान करने वाला संकट है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश के राजनीतिक दलों से कहना चाहता हूं कि संकट की घड़ी में ऐसी बातें करने से बचें, जो देश के लिए नुकसानदायक हैं। देश को नुकसान पहुंचाने वाली हरकतों को जनता कभी माफ नहीं करेगी।

इस एयरपोर्ट के पहले फेज का काम पूरा हो गया है। इसमें करीब 3300 एकड़ जमीन पर टर्मिनल और रनवे बनाए गए हैं। यह टर्मिनल हर साल लगभग 1.2 करोड़ यात्रियों को संभाल सकेगा। इस पूरे प्रोजेक्ट पर करीब 11 हजार करोड़ रुपए की राशि खर्च हुई है। (अनंत ज्ञान)

**आश्चर्यजनक** भरमौर के धर्मराज मंदिर में पहुंच रहे देशभर से पत्र बने चर्चा का विषय

# सीधे भगवान को चिट्ठियां लिख रहे फरियादी

अनंत ज्ञान

**ओपी शर्मा, भरमौर।** विश्व प्रसिद्ध चौरासी मंदिर परिसर, भरमौर में स्थित भगवान धर्मराज मंदिर इन दिनों एक बार फिर सुर्खियों में है। वजह है देश के अलग-अलग राज्यों से सीधे भगवान धर्मराज के नाम भेजी जा रही चिट्ठियां, जिनमें श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं, फरियादें और भावनाएं लिखकर भेज रहे हैं। यही वजह है कि ये पत्र अब स्थानीय स्तर से लेकर सोशल मीडिया तक चर्चा का विषय बन गए हैं।

मंदिर के पुजारी रवि दत्त और पुजारी भुवनेश्वर शर्मा ने पुष्टि की है कि हाल ही में मंदिर को दिल्ली, छत्तीसगढ़ और झारखंड से कुछ खास चिट्ठियां प्राप्त हुई हैं। पुजारियों के अनुसार, इस तरह के पत्र पहले भी आते रहे हैं, लेकिन हाल के





छत्तीसगढ़ के एक श्रद्धालु की ओर से धर्मराज मंदिर ट्रस्ट भरमौर को भेजा गया पत्र। अनंत ज्ञान

पत्रों ने लोगों का खास ध्यान खींचा है। बताया जा रहा है कि एक पत्र भेजने वाले ने खुद को छत्तीसगढ़ का निवासी बताया है, जबकि दूसरे ने अपने आप को दिल्ली से बताया है। वहीं, झारखंड से आए एक पत्र में श्रद्धालु ने भगवान धर्मराज के समक्ष अपनी कई मनोकामनाएं रखी हैं। इन पत्रों में लंबी उम्र, पारिवारिक सुख-समृद्धि, अधूरी शिक्षा पूरी होने, माता-पिता के स्नेह, बेहतर जीवन और आध्यात्मिक कृपा जैसी इच्छाएं लिखी गई हैं। कुछ पत्रों में दिवंगत माता-पिता के लिए आशीर्वाद भी मांगा गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि धर्मराज मंदिर की मान्यता ऐसी है कि यहां लोग सिर्फ माथा टेकने ही नहीं, बल्कि अपनी दिल की बात भी सीधे भगवान तक पहुंचाने का विश्वास रखते हैं। शायद यही वजह है कि कई श्रद्धालु अब पोस्टकार्ड और चिट्ठियों के जरिए अपनी फरियाद सीधे धर्मराज के दरबार में भेज रहे हैं।

### धर्मराज में लोगों को गहरी आस्था

**पुजारियों** ने बताया कि भगवान धर्मराज मंदिर को लेकर लोगों में गहरी आस्था है और देशभर से समय-समय पर इस तरह की चिट्ठियां आती रहती हैं। उनके अनुसार, यह केवल धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि श्रद्धा, विश्वास और भगवान से भावनात्मक जुड़ाव का अनोखा रूप है। गौरतलब है कि भरमौर के चौरासी मंदिर परिसर स्थित भगवान धर्मराज मंदिर को लेकर दूर-दराज के राज्यों में भी विशेष मान्यता है। यही कारण है कि श्रद्धालु यहां पहुंचने के साथ-साथ अब चिट्ठियों के जरिए भी अपनी मनोकामनाएं धर्मराज के दरबार तक पहुंचा रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### सुन्नी हत्या मामले का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जिला शिमला के थाना सुन्नी में दर्ज हत्या मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए दूसरे मुख्य आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान बिकेश कुमार (31) निवासी पूर्वी चंपारण, बिहार के रूप में हुई है। वारदात के बाद आरोपी नेपाल भाग गया था और गिरफ्तारी से बचने की कोशिश कर रहा था। पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण और विश्वसनीय मुखबिर की सूचना के आधार पर नेपाल सीमा क्षेत्र तक उसका पीछा किया और सुनियोजित कार्रवाई के तहत उसे बिहार के मोतिहारी क्षेत्र से पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी को स्थानीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है, जहां से ट्रांजिट रिमांड लेकर उसे शिमला लाया जाएगा। इस मामले में अब दोनों मुख्य आरोपी पुलिस हिरासत में हैं, जिससे जांच को गति मिली है। पुलिस हर पहलू से मामले की तहकीकात कर रही है ताकि हत्या के पीछे के कारणों और घटनाक्रम की पूरी सच्चाई सामने लाई जा सके।

### अप्रैल में नागडू में फिर शुरू होगी एंटी हेलगन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** उद्यान विभाग कोटखाई के तहत नागडू क्षेत्र में स्थापित एंटी हेलगन को अप्रैल के पहले सप्ताह से पुनः संचालित किया जाएगा। पौधों के संरक्षण अधिकारी सुनील दत्त शर्मा ने बताया कि बीते सप्ताह इस एंटी हेलगन का सफल परीक्षण किया गया, जिसमें यह पूरी तरह सुचारु रूप से कार्य करती पाई गई। उन्होंने कहा कि हर वर्ष लगभग तीन महीने तक इस गन का संचालन किया जाता है, जिससे सेब की फसलों को ओलावृष्टि से होने वाले नुकसान से बचाया जा सके। ओलावृष्टि की आशंका के दौरान इसे सक्रिय किया जाता है, जिससे बागवानों को काफी राहत मिलती है। स्थानीय बागवान राकेश चौहान, रणवीर चौहान, दिलीप चौहान, अनूप शर्मा और राजेश चौहान ने बताया कि इस व्यवस्था से कोटखाई व आसपास के क्षेत्रों में फसलों को सुरक्षा मिलती है और उन्होंने विभाग से मांग की है कि पूरे सीजन के दौरान इसे नियमित रूप से चलाया जाए ताकि बागवानों को अधिकतम लाभ मिल सके।

### जनजातीय विकास को नई दिशा दे रही केंद्र सरकार: कश्यप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने हिमाचल प्रदेश नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, शिमला में आयोजित 'जनजातीय पहचान और शासन' विषयक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेते हुए जनजातीय समाज के अधिकारों, पहचान और विकास पर केंद्र सरकार की पहलों को रेखांकित किया। उन्होंने बिरसा मुंडा को नमन करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 15 नवंबर को 'जनजातीय गौरव दिवस' घोषित कर जनजातीय नायकों को राष्ट्रीय पहचान दी गई है, जबकि द्रौपदी मुर्मू का राष्ट्रपति बनना जनजातीय समाज के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने बताया कि सरकार ने जनजातीय क्षेत्रों के लिए विशेष पैकेज, शिक्षा हेतु एकलव्य विद्यालय, स्वास्थ्य के लिए आयुष्मान भारत और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए वन धन केंद्र जैसी योजनाएं लागू कर व्यापक बदलाव किए हैं। जल, आवास, सड़क और डिजिटल सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ पीएम जनमन जैसी पहल से कमजोर जनजातीय समूहों तक विकास पहुंचाया जा रहा है, जिससे अब जनजातीय समाज मुख्यधारा में सक्रिय भागीदारी निभा रहा है।

### किसान सलाहकार समिति की बैठक में विकास कार्यों को लेकर हुए अहम फैसले

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जिला शिमला के बसंतपुर में कृषि विभाग के तहत आयोजित किसान सलाहकार समिति की बैठक में क्षेत्रीय विकास कार्यों और किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गंभीर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष बेसरदास हरनोट ने की, जिसमें विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के साथ-साथ किसानों के सर्वांगीण विकास और उन्नत खेती को बढ़ावा देने के लिए नई परियोजनाओं पर विचार किया गया। इस दौरान केंद्र सरकार द्वारा पोषित आतमा प्रोजेक्ट के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करवाने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई। बैठक में कृषि विभाग बसंतपुर कार्यालय के मरम्मत कार्य के लिए पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह से बजट उपलब्ध करवाने का आग्रह किया गया। अधिकारियों ने विभागीय योजनाओं की स्थिति पर जानकारी देते हुए लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही क्षेत्र में सड़क, पानी और अन्य आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने तथा विकास कार्यों को गति देने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिम्मेदारियां तय कर नियमित समीक्षा सुनिश्चित की जाएगी, ताकि आम जनता और किसानों को योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके।

# जिला परिषद शिमला परिसीमन में बदली सीमाएं, नए वार्डों ने बदला सियासी नक्शा

## रामपुर, नारकंडा, जुब्बल, रोहड़ू व चौपाल में वार्ड सीमाओं में हुआ बदलाव

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** जिला परिषद शिमला के चुनाव से पहले जारी हुई परिसीमन की अंतिम अधिसूचना ने पूरे जिले के ग्रामीण राजनीतिक परिदृश्य को नई दिशा दे दी है। वर्षों बाद हुए इस व्यापक पुनर्गठन में कई वार्डों की सीमाएं बदली गई हैं, ग्राम पंचायतों का पुनर्विन्यास किया गया है और जनसंख्या संतुलन के आधार पर प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया है। प्रशासन के इस कदम से जहां चुनावी प्रक्रिया को गति मिली है, वहीं गांव-गांव में राजनीतिक चर्चाएं और सरगर्मियां भी तेज हो गई हैं।

जानकारी के अनुसार इस परिसीमन में विशेष रूप से रामपुर, नारकंडा, जुब्बल, रोहड़ू, ठियोग और चौपाल विकास खंडों में बड़े बदलाव सामने आए हैं। रामपुर क्षेत्र के वार्डों में कई ग्राम पंचायतों को इधर-उधर समायोजित किया गया है, जिससे पुराने वोट बैंक का संतुलन प्रभावित हुआ है। नारकंडा और ठियोग में कुछ पंचायतों को नए वार्डों में शामिल किया गया है, जबकि कुछ स्थानों पर वार्डों का पुनर्गठन कर उनकी संख्या और क्षेत्रफल दोनों में बदलाव किया गया है।



रोहड़ू और जुब्बल-कोटखाई क्षेत्रों में परिसीमन का प्रभाव और भी स्पष्ट दिखाई दे रहा है। यहां कई पंचायतों को नए वार्डों में जोड़ने के साथ-साथ कुछ पुराने वार्डों को समाप्त कर नए वार्ड बनाए गए हैं। इससे स्थानीय नेताओं के समीकरण पूरी तरह बदल गए हैं और कई संभावित उम्मीदवारों को अपने राजनीतिक क्षेत्र बदलने पर मजबूर होना पड़ सकता है। चौपाल क्षेत्र में भी पंचायतों के पुनर्विन्यास से चुनावी मुकाबले अब पहले से अधिक रोचक होने की संभावना है।

अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया गया है कि परिसीमन की प्रक्रिया हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज अधिनियम 1994 के नियमों के तहत पूरी की गई है। जनसंख्या के अनुपात, भौगोलिक स्थिति और प्रशासनिक सुविधा को ध्यान में रखते हुए वार्डों की सीमाएं तय की गई हैं, ताकि प्रत्येक क्षेत्र को संतुलित प्रतिनिधित्व मिल सके और विकास योजनाओं का लाभ समान रूप से पहुंचे।

ग्रामीण जनता के बीच इस बदलाव को लेकर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। कुछ क्षेत्रों में लोग इसे विकास और प्रतिनिधित्व के लिहाज से सकारात्मक कदम मान रहे हैं, जबकि कुछ जगहों पर पंचायतों के विभाजन और स्थानांतरण को लेकर असंतोष भी देखने को मिल रहा है। कई ग्रामीणों का कहना है कि उनके पारंपरिक सामाजिक और आर्थिक संबंध प्रभावित हुए हैं, वहीं कुछ का मानना है कि इससे विकास की नई संभावनाएं खुलेंगी।

### संभावित उम्मीदवार भी तैयार करने लगे नए समीकरण

**राजनीतिक** दलों और संभावित उम्मीदवारों ने भी इस परिसीमन के बाद अपनी रणनीतियों में बदलाव शुरू कर दिया है। नए वार्डों के गठन और सीमाओं में बदलाव के कारण अब प्रत्याशियों को अपने क्षेत्र में नई पकड़ बनानी होगी और मतदाताओं के बीच नई पहचान स्थापित करनी होगी। इससे चुनावी मुकाबला और भी कड़ा और दिलचस्प होने की उम्मीद है।

# आज घर-घर जाकर आपदा राहत कार्यों की हकीकत जांचेंगे एसडीएम

अनंत ज्ञान

◆ लाभार्थियों के निर्माणाधीन घरों का मौके पर होगा निरीक्षण, फोटो सहित भेजनी होगी रिपोर्ट

**ब्यूरो, शिमला।** जिला शिमला में आपदा राहत पैकेज के तहत किए जा रहे कार्यों की जमीनी हकीकत जानने के लिए प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने निर्देश जारी करते हुए कहा है कि 29 मार्च को जिले के सभी 12 एसडीएम अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर लाभार्थियों के घरों का निरीक्षण करेंगे। विशेष रूप से पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त घरों के पुनर्निर्माण कार्य की स्थिति का मौके पर आकलन किया जाएगा और प्रत्येक अधिकारी को निरीक्षण के दौरान फोटो व विस्तृत रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय को भेजनी होगी, जिसके आधार पर जिला स्तर पर समायोजित रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि राहत राशि जारी होने के बावजूद कई स्थानों पर निर्माण कार्य अधूरा है, जिसे गंभीरता से लिया गया है। उन्होंने पटवारियों को भी निर्देश दिए हैं कि वे अपनी फील्ड बुक में निरीक्षण रिपोर्ट दर्ज करें, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। साथ ही निर्माण कार्य शुरू होने से पहले और दौरान की तस्वीरें राजस्व अभिलेख का हिस्सा बनानी अनिवार्य होंगी। प्रशासन उन मामलों की भी जांच करेगा, जहां पूर्ण दर्शाकर राहत ली गई, जबकि वास्तविकता में नुकसान आंशिक पाया गया।

जिले में आपदा राहत पैकेज 2023 के तहत 405 पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त घरों के लाभार्थी चिन्हित किए गए हैं, जिनमें अधिकांश को किस्तों में सहायता जारी हो चुकी है, जबकि आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त 2149 मामलों में भी सहायता दी गई है। वहीं वर्ष 2025 के पैकेज के अंतर्गत 115 पूर्ण और 725 आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त घरों के लिए वित्तीय सहायता स्वीकृत की गई है। उपायुक्त ने बताया कि 10 अप्रैल 2026 को सभी राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित कर इन कार्यों की विस्तृत समीक्षा की जाएगी, ताकि राहत कार्यों में पारदर्शिता और गति सुनिश्चित की जा सके।

# शिमला में मित्रोवा इंस्टिट्यूट ऑफ फ्यूचर एजुकेशन का शुभारंभ

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला में मित्रोवा इंस्टिट्यूट ऑफ फ्यूचर एजुकेशन जेएम मित्रोवा फाउंडेशन की इकाई का भव्य उद्घाटन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। संस्थान का उद्घाटन फाउंडेशन के निदेशक जगदीश शर्मा और मोहिंद्र भारद्वाज द्वारा किया गया।



गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानित करते हुए।

इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में वार्ड नंबर 23 के पार्षद नरेंद्र ठाकुर तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सहायक आयुक्त आबकारी एवं कराधान एचपीएएस अभिषेक शर्मा भी उपस्थिति रहे। अतिथियों ने संस्थान के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान युवाओं को आधुनिक शिक्षा और कौशल से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

संस्थान के निदेशक ने बताया कि यहां विद्यार्थियों को पहली से बारहवीं कक्षा तक ट्यूशन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं डिजिटल कौशल पाठ्यक्रम, कंप्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण, व्यावसायिक एवं कौशल विकास पाठ्यक्रम तथा सरकारी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाएगी। साथ ही प्रत्येक विद्यार्थी को सामान्य ज्ञान, सार्वजनिक भाषण और संप्रेषण कौशल की कक्षाएं निशुल्क प्रदान की जाएंगी। उन्होंने यह भी बताया कि प्रत्येक बैच में दो आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को संस्थान द्वारा निशुल्क शिक्षा दी जाएगी, जिससे जरूरतमंद विद्यार्थियों को आगे बढ़ने का अवसर मिल सके।

# शिमला के मंदिरों में किन्नर बनकर घूमने वाला युवक निकला बांग्लादेशी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला शहर के विभिन्न मंदिरों और बाजारों में किन्नर का भेष धारण कर घूमने वाले युवक की पहचान पुलिस जांच में बांग्लादेश के छात्र के रूप में हुई है। पुलिस को मिली शिकायत के आधार पर की गई गहन पड़ताल में सामने आया कि यह व्यक्ति सोशल मीडिया पर स्वयं को बांग्लादेशी मुस्लिम बताता था और शहर के कालीबाड़ी मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों तथा लोअर व मिडल बाजार क्षेत्र में साड़ी पहनकर घूमता देखा गया था। शिकायत में उस पर लोगों से पैसे लेने के आरोप भी लगाए गए थे, जिसके बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की।

◆ पुलिस जांच में पहचान हुई उजागर दस्तावेज पाए गए वैध

जांच के दौरान युवक की पहचान इस्लाम मोहम्मद शाहिदुल्ल (30) निवासी राजशाही, बांग्लादेश के रूप में हुई, जो वर्तमान में शिमला की एपीजी विश्वविद्यालय में बीजेएमसी पाठ्यक्रम का छात्र है। पुलिस पूछताछ में उसने बताया कि वह स्वयं को किन्नर समुदाय से जुड़ा मानता है और काली माता में आस्था रखता है, जिसके चलते वह मंदिरों में जाता रहा। पुलिस के अनुसार उसके पासपोर्ट, स्टडी वीजा, पहचान पत्र तथा शैक्षणिक दस्तावेज सभी वैध पाए गए हैं। फिलहाल पैसे ऐंठने की कोई ठोस शिकायत सामने नहीं आई है, हालांकि, मामले की आगे भी जांच जारी है।

# प्रदेश सरकार और स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर के बीच एमओयू

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में नियोजित शहरीकरण को नई दिशा देने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार और नई दिल्ली स्थित स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) हस्ताक्षरित किया गया। यह समझौता नगर एवं ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसमें विभाग की ओर से निदेशक हेमिस नेगी और संस्थान की ओर से निदेशक वीरेंद्र कुमार पॉल ने दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए। इस पहल के तहत बिलासपुर, हमीरपुर और ऊना जिलों के लिए क्षेत्रीय स्तर की योजनाएं तैयार की जाएंगी, जिससे व्यवस्थित और संतुलित शहरी विकास को गति मिलेगी।




प्रदेश सरकार और स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर के बीच एमओयू हस्ताक्षरित करते अधिकारी।

मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि प्रदेश में तेजी से बढ़ते विकास के मद्देनजर नए शहरों की आवश्यकता अनिवार्य होती जा रही है। उन्होंने बताया कि इस साझेदारी के माध्यम से तकनीकी विशेषज्ञता और शोध आधारित दृष्टिकोण अपनाते हुए भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप योजनाएं बनाई जाएंगी। पर्यावरण संरक्षण को केंद्र में रखते हुए तैयार की जाने वाली इन योजनाओं से ग्रामीण-शहरी समन्वय को बल मिलेगा और शहरों पर बढ़ते दबाव को कम करने में मदद मिलेगी।

# हमीरपुर-सुजानपुर-पालमपुर सड़क को फोरलेन बनाने की मांग तेज

अनंत ज्ञान

◆ सिकंदर कुमार बोले-बेहतर कनेक्टिविटी से व्यापार, स्वास्थ्य और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

**ब्यूरो, शिमला।** राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार ने हमीरपुर-सुजानपुर-पालमपुर सड़क मार्ग को फोरलेन में परिवर्तित करने का मुद्दा उठाते हुए सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित किया है। उन्होंने कहा कि हमीरपुर और पालमपुर प्रदेश के महत्वपूर्ण केंद्र हैं, जबकि सुजानपुर से होकर गुजरने वाला यह मार्ग सामरिक और जनजीवन दोनों के लिए अत्यंत अहम है।



बढ़ती यातायात भीड़ और संकरी सड़क के कारण इस मार्ग पर फोरलेन निर्माण समय की आवश्यकता बन गया है। सुजानपुर का ऐतिहासिक मैदान और पालमपुर के चाय बागान पर्यटकों को आकर्षित करते हैं, ऐसे में बेहतर सड़क सुविधा से पर्यटन को भी गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस मार्ग के चौड़ीकरण से स्थानीय व्यापार को मजबूती मिलेगी और कृषि उत्पादों को मंडियों तक पहुंचाना आसान होगा। वर्तमान में संकरी सड़क, तीखे मोड़ और भारी यातायात के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है, जबकि फोरलेन सड़कें अधिक सुरक्षित होती हैं।

साथ ही आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं में भी तेजी आएगी और मरीजों को समय पर उपचार मिल सकेगा। उन्होंने केंद्र सरकार से इस परियोजना को प्राथमिकता देते हुए वर्तमान वित्त वर्ष में ही इसे स्वीकृति देने की मांग की, ताकि क्षेत्र के विकास के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर भी सृजित हो सकें।

# मानसून से पहले सतर्क हुआ जिला प्रशासन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला शहर में आगामी मानसून को देखते हुए प्रशासन ने तैयारियों को तेज कर दिया है। उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में शहर के आपदा संभावित क्षेत्रों को चिन्हित करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने एसडीएम शिमला शहरी को स्पष्ट रूप से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में विस्तृत योजना तैयार करें ताकि किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। साथ ही, संभावित आपदा से पहले आवश्यक संसाधनों और स्टॉक की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया।



समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त। अनंत ज्ञान

बैठक में यह भी तय किया गया कि मानसून के दौरान होने वाले नुकसान को कम करने के लिए सभी विभाग मिलकर कार्य करेंगे। उपायुक्त ने लोक निर्माण विभाग और नगर निकायों को विशेष रूप से निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नालियों और जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त रखें, ताकि बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि समय रहते किए गए ये प्रयास शहरवासियों को बड़ी परेशानियों से बचा सकते हैं।

इसके अतिरिक्त, उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आपदा से संबंधित किसी भी घटना की रिपोर्टिंग तुरंत और प्राथमिकता के आधार पर की जाए। उन्होंने आवश्यक वस्तुओं के भंडारण को लेकर भी विस्तृत तैयारियां करने को कहा, ताकि आपात स्थिति में किसी प्रकार की कमी न रहे। बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (प्रोटोकॉल) ज्योति राणा सहित राजस्व विभाग और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे और उन्होंने अपने-अपने स्तर पर तैयारियों की जानकारी साझा की।

# एचपीयू में एसएफआई ने किया प्रदर्शन

## भर्तियों और नई शिक्षा नीति को लेकर भी घेरा विश्वविद्यालय प्रशासन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में एसएफआई इकाई ने शनिवार को विभिन्न छात्र समस्याओं को लेकर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया और कार्यकारी परिषद को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय में 56 वर्ष बीत जाने के बावजूद छात्र अब भी मूलभूत सुविधाओं के अभाव से जूझ रहे हैं।



प्रदर्शन करते एसएफआई कार्यकर्ता। अनंत ज्ञान

खासकर हॉस्टलों में स्वच्छ पेयजल की कमी, शौचालयों की खराब स्थिति, जर्जर ढांचा और लंबे समय से मरम्मत कार्य न होने से छात्रों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। श्रीखंड बॉयज हॉस्टल के नवीनीकरण में हो रही देरी पर भी संगठन ने नाराजगी जताई। एसएफआई नेताओं ने विश्वविद्यालय में परिवहन व्यवस्था की बदहाल स्थिति को भी उजागर किया। उन्होंने कहा कि पहले जहां विश्वविद्यालय में आठ बसें संचालित होती थीं, वहीं अब यह संख्या घटकर मात्र तीन रह गई है, जिससे छात्रों को निजी बसों पर निर्भर होना पड़ रहा है। संगठन ने नई बसों की खरीद में हो रही देरी पर सवाल उठाते हुए इसे तत्काल पूरा करने की मांग की। इसके साथ ही नई शिक्षा नीति 2020 को बिना व्यापक चर्चा लागू करने का विरोध करते हुए इसे शिक्षा के व्यापारीकरण और निजीकरण की दिशा में कदम बताया गया।

प्रदर्शन के दौरान गैर-शिक्षक कर्मियों की लंबित भर्तियों और प्रोफेसर भर्ती में कथित अनियमितताओं का मुद्दा भी जोर-शोर से उठाया गया। संगठन ने इन भर्तियों की न्यायिक जांच की मांग करते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन और प्रदेश सरकार से तत्काल कार्रवाई करने को कहा। एसएफआई ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो व्यापक छात्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# राज्यपाल से निर्वाचन आयुक्त व एचपीएसईबी अध्यक्ष की शिष्टाचार भेंट

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राज्यपाल कविंद्र गुप्ता से शनिवार को लोक भवन में अनिल कुमार खाची और प्रबोध सक्सेना ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान एचपीएसईबी अध्यक्ष ने राज्यपाल को बोर्ड की गतिविधियों, विभिन्न विद्युत परियोजनाओं तथा विद्युत वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी।



राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट करते राज्य निर्वाचन आयुक्त अनिल कुमार खाची। अनंत ज्ञान

राज्यपाल ने प्रदेश में बढ़ती ऊर्जा मांग को देखते हुए आधुनिक तकनीक अपनाने और नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि निर्बाध और सतत विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए दीर्घकालिक योजनाओं के साथ नवाचार को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है।

वहीं, राज्यपाल से लोकभवन में प्रधान महालेखाकार लेखा एवं हकदारी सुशील ठाकुर तथा प्रधान महालेखाकार लेखा परीक्षा पुरुषोत्तम तिवारी ने भी शिष्टाचार भेंट की, जिसमें उन्होंने राज्यपाल को अपने कार्यालयों की कार्यप्रणाली और प्रमुख कार्यों के संबंध में विस्तार से अवगत करवाया। इस दौरान वित्तीय प्रबंधन, लेखा परीक्षा तथा सरकारी व्यय में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी साझा की गई।

# गैस बुकिंग अवधि 30 दिन करने की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** ग्रामीण क्षेत्रों में रसोई गैस की बढ़ती कीमतों और बुकिंग अवधि को 30 दिन से बढ़ाकर 45 दिन किए जाने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जुन्गा तहसील के राकेश कुमार, नेक राम, प्रीतम ठाकुर, मनोहर सिंह और जयराम सहित अनेक ग्रामीणों ने सरकार से मांग की है कि गैस सिलेंडर की बुकिंग अवधि को फिर से 30 दिन किया जाए, क्योंकि एक सिलेंडर संयुक्त परिवारों में मुश्किल से 20-25 दिन ही चल पाता है। ग्रामीणों का कहना है कि लकड़ी जैसे पारंपरिक ईंधन का अभाव हो चुका है और गैस पर निर्भरता बढ़ गई है, ऐसे में 45 दिन की बाध्यता से संकट गहराता जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि इससे वनों पर दबाव बढ़ेगा और पर्यावरण संतुलन भी प्रभावित हो सकता है। खाद्य एवं आपूर्ति निरीक्षक रंजना सूद के अनुसार, बुकिंग अवधि का निर्णय केंद्र सरकार स्तर पर होता है और वही इसमें बदलाव कर सकती है।

## कामयाबी | रचा स्वरोजगार का नया इतिहास, पीएचडी छोड़कर खड़ा किया सफल उद्यम

# पान के पत्तों से बदली महोबा के भाई-बहन की किस्मत

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की फिजा में चल रहे जीआई महोत्सव में एक ऐसी प्रेरणादायक कहानी सामने आई है, जो परंपरा और नवाचार का अनोखा संगम बनकर उभर रही है। उत्तर प्रदेश के महोबा से आए भाई-बहन की जोड़ी ने पान के साधारण पत्ते को असाधारण उत्पादों में बदलकर न केवल अपनी पहचान बनाई है, बल्कि दर्जनों लोगों के लिए रोजगार के नए द्वार भी खोल दिए हैं। राजधानी शिमला के पीटरहॉफ होटल में सजे इस महोत्सव में उनके स्टॉल पर उमड़ रही भीड़ इस बात का प्रमाण है कि यदि सोच नई हो, तो परंपरा भी आधुनिकता का आधार बन सकती है।



महोबा से आए मयंकिता चौरसिया और चिंत्राश चौरसिया अपने उत्पादों के साथ। अनंत ज्ञान

महोबा के मलकपुरा गांव के मयंकिता चौरसिया और चिंत्राश चौरसिया ने वर्ष 2023 में 'अच्युत्यम ऑर्गेनिक एंड हर्बल' कंपनी की स्थापना कर 'बीटलाइफ' ब्रांड के तहत पान के पत्तों से अनूठे उत्पाद तैयार करने की शुरुआत की। पान चॉकलेट, पान शरबत, गुलकंद, पान लड्डू, चोको पान डेट्स जैसे उत्पादों ने बाजार में नई पहचान बनाई है। खास बात यह है कि मयंकिता ने पीएचडी की पढ़ाई छोड़कर इस कार्य को चुना और परिवार के सहयोग से इसे सफल उद्यम में बदल दिया। आज उनके उत्पाद देशभर में पहुंच रहे हैं और सोशल मीडिया के माध्यम से विदेशों तक भी अपनी मौजूदगी दर्ज करा रहे हैं।

◆ जीआई टैग की ताकत से महोबा पान बना रोजगार और पहचान का आधार

वर्ष 2021 में महोबा देशावरी पान को जीआई टैग मिलने के बाद इस क्षेत्र की तस्वीर बदलनी शुरू हुई। पहले जहां पान की खेती सीमित थी। वहीं, अब इसमें लगातार बढ़ोतरी हो रही है। मयंकिता बताती हैं कि उनका लक्ष्य इस खेती को 80 प्रतिशत तक ले जाना है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को रोजगार मिल सके। वर्तमान में उनकी कंपनी 50 से अधिक लोगों को नियमित काम दे रही है और आने वाले समय में स्किन केयर उत्पादों को भी बाजार में लाने की तैयारी है।

### महोबा पान विरासत और विशेषता का प्रतीक

**महोबा** का देशावरी पान केवल एक कृषि उत्पाद नहीं, बल्कि हजार वर्षों पुरानी सांस्कृतिक धरोहर है, जिसकी शुरुआत चंदेलकाल से मानी जाती है। इसकी खासियत इसका मुलायम और कुरकुरा स्वरूप है, जिसमें रेशा नहीं होता और यह मुंह में घुल जाता है। हल्के मीठे स्वाद के कारण यह प्रीमियम श्रेणी में आता है और बनारस से लेकर लखनऊ तक इसकी खास मांग बनी रहती है। इसकी खेती भी बेहद जटिल होती है, जिसमें 'बरेजा' जैसी विशेष संरचना बनाकर पौधों को सुरक्षित रखा जाता है।

### प्रेरणा की मिसाल बनती नई पीढ़ी

**यह** कहानी केवल एक व्यवसाय की सफलता नहीं, बल्कि नई पीढ़ी के साहस और दृष्टिकोण की मिसाल है। मयंकिता और चिंत्राश ने दिखाया है कि यदि परंपरागत ज्ञान को आधुनिक सोच के साथ जोड़ा जाए, तो गांवों में भी वैश्विक स्तर का उद्यम खड़ा किया जा सकता है। उनका यह प्रयास न केवल आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक मजबूत कदम है, बल्कि युवाओं के लिए भी यह संदेश है कि अपने मूल से जुड़कर ही सच्ची पहचान बनाई जा सकती है।










# दफ्तरों में प्रीपेड बिजली मीटरों को पोस्टपेड करने पर होगा विचार : सीएम

## मोबाइल की तरह चलेगा स्मार्ट मीटर सिस्टम, हर दिन की खपत का मिलेगा हिसाब

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बिजली व्यवस्था में बड़े बदलाव के संकेत दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी दफ्तरों में लगे बिजली मीटरों को प्रीपेड से पोस्टपेड करने के प्रस्ताव पर सरकार गंभीरता से विचार करेगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर मोबाइल फोन की तरह काम करेंगे, जिससे उपभोक्ता अपनी बिजली खपत पर हर समय नजर रख सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने प्रश्नकाल के दौरान विधायकों के सवालों का जवाब देते हुए बताया कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं को यह सुविधा देंगे कि वे अपने मोबाइल फोन के जरिए जान सकेंगे कि उन्होंने कितनी बिजली खर्च की है और कब रिचार्ज करना है। उन्होंने साफ किया कि इन मीटरों के कारण किसी भी मीटर रीडर की नौकरी पर कोई असर नहीं पड़ा है, क्योंकि सभी 994 मीटर रीडर आउटसोर्स एजेंसियों के माध्यम से कार्यरत हैं और उनके समायोजन का कोई प्रश्न नहीं उठता। विधानसभा में यह भी मुद्दा उठा कि प्रीपेड मीटर लागू होने से जलशक्ति विभाग की पेयजल योजनाओं और स्ट्रीट लाइट जैसी सेवाओं पर असर पड़ सकता है। इस पर मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि ऐसी योजनाओं के संचालन में कोई बाधा नहीं आने दी जाएगी और सरकार इस दिशा में संतुलित व्यवस्था सुनिश्चित करेगी। ग्रामीण विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने जानकारी दी कि जिन पंचायत चौकीदारों ने 31 अगस्त 2022 तक 12 वर्ष का कार्यकाल पूरा कर लिया है, उन्हें दैनिक वेतनभोगी बना दिया गया है। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इन कर्मचारियों को नियमित करने या उनकी सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाने का फिलहाल कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन नहीं है। प्रदेश में पंचायत चौकीदारों की स्थिति पर विस्तार से जानकारी देते हुए बताया गया कि 3773 पंचायतों में 2912 चौकीदार कार्यरत हैं, जिनमें से 1518 को 12 वर्ष की सेवा पूरी करने पर दैनिक वेतनभोगी का दर्जा दिया जा चुका है। यह कैडर जिला परिषद के अधीन आता है और इस संबंध में अंतिम निर्णय कैबिनेट स्तर पर लिया जाएगा।



### दिव्यांग कर्मचारियों को जल्द मिलेगी पदोन्नति

**उप** मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने सदन में बताया कि जल शक्ति विभाग में दिव्यांग श्रेणी के कर्मचारियों को 15 अप्रैल से पहले पदोन्नति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार 4 प्रतिशत आरक्षण कोटे के तहत यह प्रक्रिया पूरी की जा रही है और इसके लिए एक विशेष समिति का गठन किया गया है।

# मेडिकल एजुकेशन में हुए क्रांतिकारी बदलाव

## मुख्यमंत्री सुक्खू ने किया सदन में दावा, विपक्ष ने उठाए सवाल

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में स्वास्थ्य और मेडिकल शिक्षा का मुद्दा शनिवार को केंद्र में रहा। सत्ता पक्ष ने जहां पिछले साढ़े तीन वर्षों में मेडिकल क्षेत्र में बड़े बदलावों का दावा किया, वहीं विपक्ष ने जमीनी हकीकत को लेकर सरकार को घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ी। दिनभर चली बहस के बाद सदन की कार्यवाही 30 मार्च तक स्थगित कर दी गई।

सत्र के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति, मेडिकल कॉलेजों की व्यवस्था, हिमकेयर योजना और अस्पतालों में सुविधाओं की कमी जैसे मुद्दों पर तीखी बहस देखने को मिली। विधायकों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं को उठाते हुए सरकार से जवाब मांगा।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सदन में जवाब देते हुए कहा कि उनकी सरकार ने मेडिकल एजुकेशन के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन किए हैं। उन्होंने बताया कि चंबा मेडिकल कॉलेज के लिए 172.19 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं, जबकि हमीरपुर मेडिकल कॉलेज को पूरा करने के लिए 389 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने कहा कि पांच एमआरआई मशीनों के आदेश दिए गए हैं, जिनमें से कुछ स्थापित भी हो चुकी हैं और टांडा में पेट स्कैन मशीन स्थापित की जा रही है। साथ ही 125 असिस्टेंट प्रोफेसर पद सृजित किए गए हैं और कैंसर उपचार के लिए 470 पदों को मंजूरी दी गई है।

मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि पूर्व सरकार के समय मेडिकल संस्थानों की स्थिति पर ध्यान नहीं दिया गया, जिसके कारण आज कई समस्याएं सामने आ रही हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए सरकार गंभीरता से काम कर रही है और आने वाले समय में एम्स जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयास जारी हैं। वहीं, विपक्षी विधायकों ने सरकार के दावों पर सवाल उठाते हुए कहा कि अस्पतालों में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। कई स्थानों पर डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ के पद खाली पड़े हैं, जिसके कारण मरीजों को रेफर किया जा रहा है। टांडा मेडिकल कॉलेज में लंबी वेटिंग, खराब मशीनें और स्टाफ की कमी जैसे मुद्दे भी सदन में उठाए गए।

हिमकेयर योजना को लेकर भी सत्ता और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। विपक्ष ने आरोप लगाया कि सरकार इस योजना को कमजोर कर रही है, जबकि मुख्यमंत्री ने कहा कि योजना में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

इसके अलावा आउटसोर्स कर्मचारियों की भर्ती, पंचायत चौकीदारों की नियमितीकरण नीति और जल जीवन मिशन के लंबित फंड जैसे मुद्दे भी चर्चा में रहे। सरकार ने स्पष्ट किया कि आउटसोर्स भर्ती को कम करने और नीतिगत सुधार करने पर विचार किया जा रहा है, जबकि पंचायत चौकीदारों के मामले को कैबिनेट में लाया जाएगा।

कुल मिलाकर दिनभर चली बहस के दौरान यह साफ हुआ कि प्रदेश में स्वास्थ्य ढांचे को लेकर अभी भी कई चुनौतियां मौजूद हैं। सत्ता पक्ष जहां सुधारों का दावा कर रहा है, वहीं विपक्ष जमीनी स्तर पर बदलाव की कमी को उजागर कर रहा है।

# पंजाब के कब्जे में 200 करोड़ का शानन प्रोजेक्ट

## सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई पर टिकी उम्मीदें, सदन में मुख्यमंत्री ने दी जानकारी

अनंत ज्ञान



**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** मंडी जिले के जोगिंद्रनगर स्थित शानन जल विद्युत परियोजना को लेकर हिमाचल और पंजाब के बीच विवाद एक बार फिर सुर्खियों में है। करीब 200 करोड़ रुपए सालाना आय देने वाला यह प्रोजेक्ट अभी भी पंजाब के नियंत्रण में है, जबकि 99 वर्ष की लीज अवधि 2 मार्च 2024 को समाप्त हो चुकी है। अब इस मामले में हिमाचल की निगाहें सुप्रीम कोर्ट की आगामी 27 अप्रैल को होने वाली सुनवाई पर टिकी हैं।

विधानसभा के बजट सत्र के दौरान इस मुद्दे को उठाया गया, जिसमें जोगिंद्रनगर के विधायक प्रकाश राणा ने सरकार से वर्तमान स्थिति पर सवाल किया। मुख्यमंत्री की ओर से दिए गए लिखित जवाब में बताया गया कि यह समझौता 3 मार्च 1925 को तत्कालीन ब्रिटिश शासन और मंडी रियासत के बीच हुआ था। लीज अवधि समाप्त होने के बाद हिमाचल सरकार ने परियोजना का स्वामित्व लेने के लिए केंद्र और पंजाब सरकार से पत्राचार किया, लेकिन पंजाब ने इस पर आपत्ति जताते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में देखा जाए तो आजादी के समय हिमाचल, पंजाब का ही हिस्सा था और 1966 के पुनर्गठन अधिनियम के तहत यह परियोजना पंजाब के प्रबंधन में रही। हालांकि, शर्तों के अनुसार लीज समाप्ति के बाद स्वामित्व उस राज्य को मिलना चाहिए, जहां परियोजना स्थित है। इसी आधार पर हिमाचल सरकार अपने दावे को मजबूत बता रही है, जबकि पंजाब इस लाभकारी परियोजना को छोड़ने के पक्ष में नहीं दिख रहा।

राजनीतिक स्तर पर भी यह मामला गरमाया हुआ है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने पंजाब से बड़े भाई की भूमिका निभाने की अपील की है। वहीं, केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने इस विवाद में केंद्र सरकार के निष्पक्ष रहने की बात कही है।

# प्रदेश में 1518 दैनिक वेतनभोगियों को नहीं मिलेगी स्थायी नौकरी : अनिरुद्ध

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दौरान पंचायत चौकीदारों के भविष्य को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है। सदन में उठे प्रश्नों के जवाब में ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने स्पष्ट किया कि प्रदेश में विभिन्न पंचायतों में कार्यरत 1518 दैनिक वेतनभोगी चौकीदारों को नियमित करने का सरकार का कोई विचार नहीं है। उन्होंने बताया कि 31 अगस्त 2022 तक लगातार 12 वर्ष का कार्यकाल पूरा करने वाले चौकीदारों को पहले ही दैनिक वेतनभोगी बनाया जा चुका है, लेकिन अब उन्हें स्थायी करने की नीति नहीं है।

विधानसभा में विधायक डीएस ठाकुर, रीना कश्यप और हरदीप सिंह बावा द्वारा उठाए गए सवालों के जवाब में मंत्री ने कहा कि यह निर्णय पंचायतीराज विभाग की अधिसूचना के तहत लिया गया था और वर्तमान में सरकार इसी व्यवस्था को जारी रखेगी। प्रदेश में कुल 3773 पंचायतें हैं, जिनमें 2912 पंचायत चौकीदार कार्यरत हैं। इनमें से 1518 को निर्धारित अवधि पूरी करने के बाद दैनिक वेतनभोगी बनाया गया है। जिला कांगड़ा में सबसे अधिक 282 चौकीदार इस श्रेणी में हैं, जबकि लाहौल-स्पीति में यह संख्या सबसे कम तीन है।

इसी मुद्दे से जुड़ी एक और महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए मंत्री ने स्पष्ट किया कि पंचायतीराज संस्थाओं के चतुर्थ श्रेणी के अंशकालिक और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित करने या उनकी सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाने का भी कोई प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन नहीं है। इस बयान के बाद प्रदेश भर के हजारों कर्मचारियों में भविष्य को लेकर असमंजस की स्थिति बन गई है और आने वाले समय में इस मुद्दे पर राजनीतिक और सामाजिक बहस तेज होने की संभावना है।

# दुर्लभ कैंसर के इलाज को पुरुषों की बच्चादानी से जोड़ना शर्मनाक : जयराम

अनंत ज्ञान



शिमला में पत्रकारों को संबोधित करते नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला में विधान सभा के भीतर स्वास्थ्य से जुड़े स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा के बाद नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर ने पत्रकार वार्ता में मुख्यमंत्री के बयान को निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि दुर्लभ कैंसर से पीड़ित मरीजों के उपचार को पुरुषों की बच्चेदानी निकालने जैसे बयान से जोड़ना न केवल तथ्यहीन है बल्कि पद की गरिमा के खिलाफ भी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन चार मामलों का हवाला दिया गया, वे सभी दुर्लभ कैंसर से जुड़े थे और उनका उपचार हिम केयर योजना के अंतर्गत कीमोथेरेपी दवाओं के संयोजन से किया गया। इन मरीजों में 71 वर्षीय बुजुर्ग, 12 वर्षीय बालक और 50 व 37 वर्ष आयु वर्ग के पुरुष शामिल हैं, जिनमें किसी का भी कोई ऑपरेशन नहीं हुआ।

### चार मरीजों के इलाज में नहीं हुआ कोई ऑपरेशन, मुख्यमंत्री से मांगी माफी

जयराम ठाकुर ने कहा कि 'लाइपो डॉक्स और कार्बोप्लैटिन' जैसे दवा संयोजन का उपयोग विभिन्न प्रकार के कैंसर के इलाज में किया जाता है और दुर्लभ कैंसर के मामलों में स्पष्ट उपचार पद्धति न होने के कारण चिकित्सक उपलब्ध पैकेज के तहत इलाज करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री राजनीतिक कारणों से हिम केयर जैसी जनहितकारी योजना को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं और गलत तथ्यों के आधार पर सनसनी फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बयानबाजी से विशेषज्ञ चिकित्सकों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठता है, इसलिए मुख्यमंत्री को सदन और प्रदेश की जनता से माफी मांगनी चाहिए।

# डिप्टी सीएम ने पेयजल टैंकों की गुणवत्ता जांच के दिए आदेश

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में शनिवार को केंद्रीय योजनाओं के आवंटन को लेकर सत्ता और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। नाचन से भाजपा विधायक विनोद कुमार ने सरकार पर विपक्षी क्षेत्रों की अनदेखी का आरोप लगाया, जबकि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कांग्रेस विधायकों को मिली स्वीकृत योजनाओं का हवाला देते हुए सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। जवाब में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने स्पष्ट किया कि सरकार पूरे प्रदेश के संतुलित विकास के लिए प्रतिबद्ध है और किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जा रहा।

प्रश्नकाल के दौरान पेयजल व्यवस्था का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने मंडी जिले के धर्मपुर क्षेत्र में बने पेयजल टैंकों की गुणवत्ता की जांच करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में सैकड़ों टैंक बनाए गए हैं, जिन पर करोड़ों रुपये खर्च हुए हैं, लेकिन कुछ टैंकों में तकनीकी खामियों की शिकायतें सामने आई हैं। आगामी मानसून को देखते हुए सरकार ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र जांच और सुधार का आश्वासन दिया है।

इसी बीच सरकार ने प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करने की दिशा में भी कदम बढ़ाए हैं। मुख्यमंत्री ने संकेत दिए कि किराये के भवनों में चल रहे सरकारी कार्यालयों को खाली पड़े सरकारी भवनों में स्थानांतरित किया जाएगा और इस संबंध में उपायुक्तों को अधिकार दिए जाएंगे। वहीं, स्वास्थ्य क्षेत्र में भी प्रगति करते हुए ऊना जिले के बलघर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण को मंजूरी दी गई है, जिससे क्षेत्रीय स्वास्थ्य सेवाओं को नई गति मिलने की उम्मीद है।

### सदन में केवल सिंह पठानिया ने उठाया सवाल

# आंखन खोला-सुधेड़ सड़क आठ माह से बड़े वाहनों के लिए बंद



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** धर्मशाला जिला मुख्यालय से महज तीन किलोमीटर दूर आंखन खोला-सुधेड़ सड़क पिछले आठ माह से बड़े वाहनों के लिए बंद पड़ी है, जिससे स्थानीय लोगों और पर्यटन गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। बारा कोठा गांव के समीप अगस्त माह में हुए भारी भूस्खलन के कारण सड़क का लगभग 80 मीटर हिस्सा धंस गया था। इसके बाद लोक निर्माण विभाग ने जेसीबी मशीन के माध्यम से केवल पैदल आवाजाही बहाल की, लेकिन बड़े वाहनों के लिए अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया जा सका।

इस गंभीर स्थिति को केवल सिंह पठानिया ने विधानसभा में प्रमुखता से उठाया और सरकार से जवाब तलब किया। उन्होंने कहा कि पर्यटन नगरी धर्मशाला में इस प्रकार की अव्यवस्था सरकार और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती है। लंबे समय से सड़क बंद रहने के कारण स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, वहीं प्रशासन की धीमी कार्रवाई को लेकर लोगों में रोष भी बढ़ता जा रहा है।

### इंद्रदत्त लखनपाल के सवाल पर बोले मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू-

# हिमाचल में 585 साइबर ठगी केस के मामले आए सामने

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश विधानसभा में बजट सत्र के दौरान प्रश्नकाल में भाजपा विधायक इंद्रदत्त लखनपाल के सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश में बढ़ते साइबर अपराध के आंकड़े साझा करते हुए स्थिति को गंभीर बताया। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में हिमाचल प्रदेश में साइबर ठगी के 585 मामले दर्ज हुए हैं, जिनमें करीब 1.50 अरब रुपए की ठगी हुई है।

मुख्यमंत्री ने सदन में बताया कि इन मामलों में 258 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और लगभग 10.25 करोड़ रुपए की बरामदगी भी की गई है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि कई पीड़ित शिकायत दर्ज नहीं कराते, जिससे वास्तविक आंकड़ा इससे कहीं अधिक हो सकता है। डिजिटल ठगी के मामलों में कांगड़ा जिला सबसे आगे है, जबकि बद्दी, सोलन और मंडी जैसे क्षेत्रों में भी तेजी से मामले बढ़े हैं।

### तीन साल में 1.50 अरब की चपत, कांगड़ा सबसे आगे शिमला में रकम सबसे अधिक

उन्होंने बताया कि साइबर अपराध से निपटने के लिए प्रदेश के 146 पुलिस थानों में साइबर हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं और अधिकारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मंडी, धर्मशाला और शिमला स्थित साइबर पुलिस थानों में ही 262 मामले दर्ज होना इस बात का संकेत है कि साइबर अपराध अब संगठित रूप ले चुका है। रकम के लिहाज से मुख्यमंत्री ने बताया कि साइबर पुलिस थाना शिमला में सबसे अधिक 55 करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी दर्ज हुई है। इसके बाद मंडी और धर्मशाला का स्थान है। चंबा, सोलन, सिरमौर और कांगड़ा में भी करोड़ों रुपए की ठगी सामने आई है, जबकि बिलासपुर में सबसे कम मामले दर्ज किए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने यह भी उजागर किया कि कुछ मामलों में बैंक कर्मचारियों की मिलीभगत या लापरवाही सामने आई है, जिसके चलते चार कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया है। इससे यह स्पष्ट होता है कि साइबर अपराध केवल बाहरी गिरोहों तक सीमित नहीं, बल्कि अंदरूनी स्तर पर भी कमजोर कड़ियां मौजूद हैं।

### सरकार चला रही लगातार जागरूकता अभियान

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि सरकार लगातार जागरूकता अभियान चला रही है, लेकिन आम जनता को भी सावधानी बरतनी होगी। अनजान कॉल, फर्जी लिंक और निवेश के झांसे से दूर रहकर ही इस बढ़ते खतरे पर नियंत्रण पाया जा सकता है।

**चिंता** कटौती प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान विपक्ष का हमला, दवा गुणवत्ता से लेकर स्वास्थ्य सुविधाओं तक उठे गंभीर सवाल

# हिमाचल में बनी दवाओं के सैंपल फेल होने पर घिरी सरकार

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में स्वास्थ्य विभाग की मांगों पर लाए गए कटौती प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान दवाओं के सैंपल फेल होने का मुद्दा जोरदार तरीके से गूंजा। विपक्ष ने इस संवेदनशील विषय को उठाते हुए सरकार को कटघरे में खड़ा किया और स्वास्थ्य व्यवस्था की जमीनी हकीकत पर कई गंभीर सवाल खड़े किए। कांगड़ा के भाजपा विधायक पवन काजल ने 24 फरवरी 2026 को प्रकाशित 'हिमाचल में बनीं 71 दवाओं समेत देश भर में 215 के सैंपल हुए फेल' को सदन में रखते हुए सरकार से पूछा कि आखिर दवाओं के सैंपल फेल होने के बाद भी ठोस कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह मामला सीधे जनता के स्वास्थ्य से जुड़ा है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए।

### फेल दवाओं व स्वास्थ्य घोटालों पर विपिन परमार ने सरकार को घेरा



**सुलह** से भाजपा विधायक विपिन सिंह परमार ने स्वास्थ्य क्षेत्र में गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने पूछा कि जिन कंपनियों की दवाएं गुणवत्ता परीक्षण में फेल हुई हैं, उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि हिमाचल में बनने वाली लगभग 40 प्रतिशत दवाओं में 1,400 सैंपल फेल होना चिंताजनक है। परमार ने जेनरिक दवाओं को बढ़ावा देने के लिए ठोस नीति की मांग की और कंडाघाट लैब की स्थिति सुधारने पर जोर दिया। उन्होंने पुरुषों के गर्भाशय ऑपरेशन के नाम पर फर्जी बिलों का मामला भी उठाया और संबंधित डॉक्टर का नाम सार्वजनिक कर सख्त कार्रवाई की मांग की। इसके अलावा, उन्होंने हिमकेयर योजना में कथित घोटाले की जांच, कई अस्पतालों में बेकार पड़ी मशीनों, रेडियोलॉजिस्ट व तकनीकी स्टाफ की कमी, रोबोटिक मशीन की खरीद और सिंगल टेंडर प्रक्रिया पर सवाल उठाए। परमार ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना आवश्यक है, ताकि जनता का भरोसा कायम रहे।

### तीन साल में एक बार भी पांवटा नहीं पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री : सुखराम चौधरी



**पांवटा** के भाजपा विधायक सुखराम चौधरी ने आरोप लगाया कि स्वास्थ्य मंत्री ने अपने कार्यकाल में एक बार भी पांवटा अस्पताल का दौरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में डॉक्टरों और तकनीशियनों की भारी कमी है और मशीनें धूल फांक रही हैं।

### इलाज कैसे होगा, अगर दवा ही होंगी खराब : पवन काजल

**पवन** काजल ने स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा में सीटी स्कैन के लिए मरीजों को दो-दो महीने इंतजार करना पड़ता है और कई बार मरीजों को फर्श पर लेटना पड़ता है। वार्ड बॉय को वेतन नहीं मिल रहा और पार्किंग जैसी मूलभूत सुविधाएं भी नहीं हैं। उन्होंने विधायक निधि में कटौती को भी अनुचित बताया।

### गरीब मरीज की मदद को भ्रष्टाचार कहना गलत : डॉ. जनक राज



**भरमौर** के भाजपा विधायक डॉ. जनक राज ने कहा कि हिमकेयर योजना के तहत कुछ मामलों में डॉक्टरों द्वारा मरीजों को राहत देने के लिए पैकेज में एडजस्टमेंट किया गया, जिसे भ्रष्टाचार नहीं कहा जा सकता। उन्होंने स्क्रब टायफस से हर साल होने वाली मौतों का मुद्दा उठाते हुए राज्यस्तरीय यूनिट शुरू करने की मांग की। जनक राज ने स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली का उदाहरण देते हुए कहा कि विधानसभा के क्लीनिक में भी हालात ऐसे हैं कि इलाज के दौरान छत से रंग गिर जाता है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति पूरे सिस्टम की सच्चाई बयां करती है। इस तरह बजट सत्र के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं और दवाओं की गुणवत्ता का मुद्दा केंद्र में रहा। विपक्ष ने जहां सरकार की कार्यप्रणाली पर तीखे सवाल उठाए, वहीं सरकार पर अब इन आरोपों का जवाब देने और व्यवस्था में सुधार लाने का दबाव बढ़ गया है।

# हिमाचल में मत्स्य विकास को 155.48 करोड़ रुपए की मंजूरी : अनुराग ठाकुर

अनंत ज्ञान



**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने लोकसभा में नियम 377 के तहत गोबिंदसागर (भाखड़ा) और महाराणा प्रताप सागर (पोंग) जलाशयों के लिए समयबद्ध और समग्र एक्वाकल्चर विकास योजना की आवश्यकता पर जोर दिया। इन जलाशयों का संयुक्त क्षेत्र लगभग 42,000 हेक्टेयर है, जो ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर और कांगड़ा जिलों में मत्स्य आधारित आर्थिक विकास की अपार संभावनाएं प्रस्तुत करता है।

अनुराग ने आधुनिक फिश लैंडिंग केंद्र, आइस प्लांट, ट्राउट और कार्प हैचरी, केज कल्चर विस्तार और सीधे विपणन तंत्र को शामिल करते हुए सुनियोजित योजना बनाने की बात कही। उन्होंने ब्लू रिवोल्यूशन योजना के तहत बुनियादी ढांचा, फिश सीड स्टॉकिंग, मछुआरों के कल्याण, पोस्ट-हार्वेस्ट सुविधाएं और कौशल विकास कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई।

### गोबिंदसागर और महाराणा प्रताप सागर के लिए समग्र एक्वाकल्चर योजना की आवश्यकता पर दिया जोर

24 मार्च को लोकसभा में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में केंद्र सरकार ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत हिमाचल प्रदेश के लिए 155.48 करोड़ रुपए की परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं, जिनमें केंद्र का अंश 79.47 करोड़ रुपए है।

वहीं, उन्होंने एक अन्य मामला उठाते हुए कहा कि हिमाचल और उत्तराखंड के प्रसिद्ध पैराग्लाइडिंग स्थलों पर बढ़ती दुर्घटनाओं का मामला गंभीर है। पिछले छह वर्षों में हिमाचल में 30 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें बीड़-बिलिंग क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित रहा है।

मुद्दा उठाते हुए नागरिक उड्डयन मंत्रालय से देशभर में पैराग्लाइडिंग के लिए सख्त और एकरूप नीति बनाने की मांग की गई। सुरक्षा मानकों, प्रशिक्षित पायलटों की कमी, उपकरणों की गुणवत्ता, मौसम पूर्वानुमान और आपात प्रबंधन में खामियां प्रमुख चिंता के रूप में सामने आई हैं। इस बीच हिमाचल को इंटरनेशनल पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप चैंपियनशिप की मेजबानी का मौका भी गंवाना पड़ा, जिससे पर्यटन और रोजगार पर असर पड़ा है।

विशेषज्ञों का मानना है कि मजबूत सुरक्षा ढांचा, अनिवार्य प्रशिक्षण और आधुनिक तकनीकों के उपयोग से दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के साथ प्रदेश की वैश्विक पहचान दोबारा स्थापित की जा सकती है।

## न्यूज ब्रीफ

### नैहरनपुखर में विराट धार्मिक सम्मेलन का आयोजन



**अनंत ज्ञान, गरली।** नैहरनपुखर स्थित सरकारी आईटीआई के समीप आयोजित 8वें विराट धार्मिक सम्मेलन ने शनिवार को पूरे क्षेत्र को भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम उस समय और भव्य बन गया, जब बाबा रुद्धानंद धाम से पधारे श्रीश्री 10008 स्वामी हेमानंद महाराज का स्वागत किया गया। ढोल-नगाड़ों, फूलों की वर्षा और कलश शोभायात्रा के साथ श्रद्धालुओं ने उनका अभिनंदन किया। अपने प्रवचनों में स्वामी जी ने कहा कि मानव जीवन का सच्चा उद्देश्य ईश्वर भक्ति और सेवा है। उन्होंने भौतिकवाद, लालच और अहंकार से दूर रहने का संदेश दिया। भजन-कीर्तन और कथा-वाचन के बीच पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

### हार में शरारती तत्वों ने खड़ी कार के शीशे तोड़े

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** देहरा विधानसभा क्षेत्र के तहत हार निवासी अनिल कुमार की कार को अज्ञात शरारती तत्वों ने नुकसान पहुंचाया। अनिल कुमार ने अपनी आल्टो कार घर के पास सड़क किनारे खड़ी की थी। रात के समय किसी ने कार के शीशे तोड़ दिए। सुबह जब उन्होंने गाड़ी देखी तो वह क्षतिग्रस्त थी, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हुआ। इस घटना से क्षेत्र में रोष और दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसी घटनाएं बढ़ती जा रही हैं, जिससे सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं। पीड़ित ने प्रशासन से आरोपियों को जल्द पकड़ने की मांग की है। साथ ही लोगों ने रात्रि गश्त बढ़ाने की भी अपील की है।

### धलूं स्कूल में आज लगेगा स्वास्थ्य शिविर

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** धलूं पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में एक दिवसीय शिविर का आयोजन रविवार को किया जाएगा। इसमें हिमाचल इलेक्ट्रो होम्योपैथी डाक्टर्स एसोसिएशन टीम द्वारा सेवाएं प्रदान की जाएंगी। इस शिविर में विभिन्न रोगों के अलावा आंखों की जांच भी कराई जा सकेगी तथा जरूरी चिकित्सा जांच भी होगी। शिविर में फिजियोथैरेपिस्ट की भी सुविधा मिलेगी।

### शनि देव मंदिर देहरिया रेहलू में महायज्ञ आज

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** रेहलू पंचायत के शनि देव मंदिर देहरिया रेहलू में 29 मार्च को नौवां विशाल भंडारा तथा महायज्ञ आयोजित किया जाएगा। धार्मिक समागम के मुख्य आयोजक अखिल समयाल, बिट्टा तथा दीप मांडले ने बताया कि प्रातः 10 बजे विधिवत पूजा-अर्चना के उपरांत हवन किया जाएगा। इसके बाद विशाल महायज्ञ में ग्रामवासी पूर्ण आहुति डालेंगे व कन्या पूजन किया जाएगा । दोपहर बाद 1 बजे मंदिर के प्रांगण में लंगर प्रसाद वितरित किया जाएगा। यह कार्यक्रम स्थानीय ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है।

### प्रोडक्शन ऑपरेटर पदों के लिए साक्षात्कार 31 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी अक्षय कुमार ने बताया कि फुजियामा सोलर लिमिटेड, परवाणू और एमटी ऑटो क्राफ्ट लिमिटेड परवाणू में प्रोडक्शन ऑपरेटर के 60 पदों को भरने के लिए साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। फुजियामा सोलर में 30 और एमटी ऑटो क्राफ्ट में 30 पद भरे जाएंगे। योग्यता के रूप में दसवीं, बारहवीं या आईटीआई (फिटर, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, एमएमवी) आवश्यक है, जबकि आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। चयनित अभ्यर्थियों को 13,500 रुपए प्रतिमाह वेतन तथा कंपनी के अनुसार अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। साक्षात्कार 31 मार्च, 2026 को उप रोजगार कार्यालय, देहरा में प्रातः 11 बजे होगा। इच्छुक अभ्यर्थियों को पासपोर्ट साइज फोटो, हिमाचली प्रमाण पत्र, मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र, बायोडाटा और अनुभव प्रमाण पत्र (यदि उपलब्ध हो) साथ लाना अनिवार्य है।

# त्रियुंड ट्रैकिंग साइट की चार चेकपोस्ट नीलाम, तय रेट ही वसूल पाएगी फर्म

## निजी फर्म ने 86 लाख 11 हजार रुपए में प्राप्त किया टेंडर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** विश्व प्रसिद्ध ट्रैकिंग साइट को चार चेकपोस्ट सहित 86 लाख 11 हजार रुपए में नीलाम कर दिया गया है। वन विभाग धर्मशाला की ओर से ट्रैकिंग साइट में टेंट लगाने सहित चारों साइट में शुल्क का जिम्मा अब निजी हाथों में सौंप दिया गया है। इसके लिए वन विभाग धर्मशाला के पास तीन टेंडर पहुंचे थे, जिन्हें शुक्रवार को खोला गया।

इसमें एक निजी फर्म ने 86 लाख 11 हजार रुपए में टेंडर प्राप्त किया, जोकि एक अप्रैल से 31 मार्च 2027 तक एक साल के लिए ट्रैकिंग साइट व रूट की चेक पोस्ट का संचालन का जिम्मा संभालेंगी। इसमें वन विभाग की ओर से तय किए गए दामों के तहत देश के सभी पर्यटकों को प्रति पर्यटक एक सौ रुपए शुल्क ट्रैकिंग साइट में जाने का देना होगा। साथ ही त्रियुंड में प्रति टेंट लगाने को 275 रुपए शुल्क देना होगा। वहीं, विदेशी पर्यटकों से दोगुना शुल्क वूसला जाएगा, जिसमें प्रति विदेशी टूरिस्ट 200 रुपए शुल्क व प्रति टेंट 550 रुपए वसूल किए जाएंगे। उक्त निर्धारित शुल्क को ही संबंधित निजी कंपनी की ओर से वसूल करना होगा, इससे अधिक वूसली पर वन विभाग की पूरी नजर रहेगी, जबकि कार्रवाई भी की जाएगी। इसमें स्थानीय हक-हकूक रखने वाले लोगों, धार्मिक यात्राओं व मंदिरों में जाने वाले लोगों को ही निशुल्क जाने की अनुमति प्रदान की जाएगी। एक अप्रैल बुधवार से सूचारु रूप से चलाई जाएंगी। इसमें मुख्य ट्रैकिंग मार्ग धर्मकोट गलू माता मंदिर, भागसूनाग वाटरफॉल के रास्ते में, हीना रेस्तरां के पास व इंद्रूनाग-चोहला की तरफ से बनगोटू में भी चेकपोस्ट स्थापित की गई है। हर रास्ते से ट्रैकिंग साइट में जाने वाले पर्यटकों से वसूली की जाएगी। अब तक के चोर रास्तों से गुपचुप तरीके से गुजरने वाले पर्यटकों से भी फीस वसूली जाएगी। इससे पहले वन विभाग की ईको टूरिज्म सोसायटी के तहत पिछले 3 वर्षों में 1 करोड़ 27 लाख रुपए कमाए हैं। राशि को वन मंडल धर्मशाला द्वारा धर्मशाला वन वृत्त ईको टूरिज्म सोसायटी के खाते में जमा करवाया जाता है। वन वृत्त ईको टूरिज्म सोसायटी द्वारा गतिविधियों के लिए अनुमोदित प्रस्तावों के अनुसार व्यय किया जाता है।

◆ **एक अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक निजी फर्म करेगी संचालन**

> **ट्रैकिंग** साइट त्रियुंड सहित चारों रास्तों में चेकपोस्ट के संचालन का जिम्मा निजी फर्म को टेंडर एक अप्रैल से 31 मार्च तक एक साल के लिए प्रदान किया गया है, जिसमें निर्धारित शुल्क ही कंपनी पर्यटकों से वूसल सकेगी। स्थानीय लोगों के जिनके त्रियुंड में अधिकार हैं व धार्मिक यात्रा वाले शुल्क लोगों से शुल्क नहीं लिया जाएगा।
>
> **-अमित शर्मा, डीएफओ, वन मंडल धर्मशाला।**

# अनुराधा को नगरोटा महिला मोर्चा का अध्यक्ष किया नियुक्त



शिवसेना की बैठक में पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारियां। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला में शिवसेना की बैठक का आयोजन प्रदेश अध्यक्ष नरेश कुमार संजू के दिशा-निर्देशों के अनुसार किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता जिला कांगड़ा के अध्यक्ष प्रेम चंद कटोच ने की। बैठक में संगठन को मजबूत करने और आगामी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान विभिन्न पदों पर नियुक्तियां भी की गईं। अनुराधा को तहसील नगरोटा बगवां महिला मोर्चा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं, जगदेव राणा को जिला उपाध्यक्ष कांगड़ा (लीगल), विजयेन्द्र सिंह परमार और परवीन थापा को जिला उपाध्यक्ष कांगड़ा बनाया गया। युवा वर्ग को मजबूत करने के उद्देश्य से सूर्यांश कटोच को युवा सेना जिला उपाध्यक्ष कांगड़ा नियुक्त किया गया। इसके अलावा अथर्व, आशीष, लक्की और मुकेश को शिवसेना की सदस्यता प्रदान की गई।

बैठक के अंत में जिला अध्यक्ष प्रेम चंद कटोच ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों और सदस्यों को बधाई दी और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता मिलकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें।

## विद्यार्थियों को दी टीबी से बचाव और स्वास्थ्य की देखभाल की जानकारी

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय में क्षयरोग (टीबी) जागरुकता एवं मानसिक स्वास्थ्य पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों में सामाजिक चेतना और संवेदनशीलता विकसित करने के उद्देश्य से कई रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की गईं। टीबी जागरुकता एवं मानसिक स्वास्थ्य विषयों पर आधारित पोस्टर मेकिंग तथा नारा लेखन प्रतियोगिता करवाई गई, जिसमें महाविद्यालय के 60 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपनी उत्कृष्ट कला, सृजनात्मकता और संदेशपूर्ण अभिव्यक्ति के माध्यम से इन गंभीर विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

प्रतियोगिता के परिणामों में खुशबू ने प्रथम स्थान, पूर्वा शर्मा ने द्वितीय स्थान और अंतरा एवं रितिका ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके पश्चात रेड रिबन क्लब के नोडल अधिकारी बोविंदर कटोच द्वारा टीबी जागरुकता एवं मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर विस्तृत एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।

उन्होंने विद्यार्थियों को टीबी के लक्षण, उपचार एवं बचाव के उपायों के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल, तनाव प्रबंधन तथा सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पंकज सूद ने कहा कि विद्यार्थियों को इन विषयों के प्रति केवल स्वयं जागरूक ही नहीं रहना चाहिए, बल्कि समाज में भी जागरुकता फैलाने की जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

## पेट्रोल-डीजल सस्ता केंद्र ने जनता को दी राहतः विनय शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश के भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विनय शर्मा ने केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में 10-10 रुपए प्रति लीटर की कटौती के ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने इसे जन-हितैषी कदम बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। विनय शर्मा ने कहा कि यह निर्णय दर्शाता है कि केंद्र सरकार आम जनता, किसानों और मध्यम वर्ग के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी 13 रुपए से घटाकर 3 रुपए प्रति लीटर कर दी गई है, जबकि डीजल पर यह शून्य कर दी गई है। इससे आम जनता को सीधे आर्थिक लाभ मिलेगा और परिवहन लागत में कमी से रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम भी नियंत्रित रहेंगे। उन्होंने बताया कि डीजल पर ड्यूटी शून्य होने से किसानों और ट्रांसपोर्ट सेक्टर को विशेष लाभ मिलेगा, जिससे कृषि और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र मजबूत होंगे। शर्मा ने प्रदेश की अन्य सरकारों से भी अपील की कि वे वैट में कटौती करें, ताकि आम जनता को इस निर्णय का अधिकतम लाभ मिल सके।

### विवेका फाउंडेशन्ज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दीक्षांत समारोह की धूम

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स नवाजे

अनंत ज्ञान




समारोह में सम्मानित किए गए स्टूडेंट्स। अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** विवेका फाउंडेशन्ज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मनसिंबल पालमपुर में शनिवार को दीक्षांत समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। स्कूल की संस्थापक निर्देशिका एवं प्राचार्या कुसुम राणा एवं विद्यालय की प्रधानाचार्य मनीषा अग्रवाल ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना की एक सुंदर प्रस्तुति दी। तत्पश्चात, प्लेवे 3 और कक्षा पांचवीं के छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ अपना दीक्षांत गीत (ग्रेजुएशन सॉग) प्रस्तुत किया, जो उनकी उपलब्धियों और खुशी को दर्शाता था।

कक्षा आठवीं के छात्रों ने भी आत्मविश्वास और शालीनता के साथ अपना दीक्षांत गीत प्रस्तुत कर अपनी शैक्षणिक यात्रा के एक महत्वपूर्ण पड़ाव को चिह्नित किया। इसके बाद कार्यक्रम पुरस्कार वितरण समारोह की ओर बढ़ा। पुरस्कारों का वितरण एक व्यवस्थित क्रम में किया गया, जिसकी शुरुआत प्लेवे 3 से हुई और उसके बाद कक्षा पांचवीं व आठवीं को पुरस्कृत किया गया। प्रत्येक श्रेणी से पहले, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स को सम्मानित किया गया।

प्लेवे 1 से कक्षा ग्यारहवीं तक के छात्रों को भी सम्मानित किया गया, जिसमें प्रत्येक कक्षा के पांच सर्वश्रेष्ठ छात्रों को पुरस्कार दिए गए। वहीं, विज्ञान प्रदर्शनी व साहित्य प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, ताकि बच्चे इससे ज्ञानवर्धक बातें सीख सकें। समारोह में अभिभावकों की उपस्थिति और उनके प्रोत्साहन ने इस आयोजन को छात्रों के लिए और भी यादगार और प्रेरणादायक बना दिया। विद्यार्थियों के चेहरों पर चमक और सुनहरे भविष्य की उम्मीदों के साथ यह उत्सव संपन्न हुआ। गुरुजनों और अभिभावकों के आशीर्वाद ने इस दिन को यादगार बना दिया और सभी ने विद्यालय के इस अनुशासित व सुंदर आयोजन की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

## शूटिंग में प्रताप वर्ल्ड स्कूल की छात्रा ओजस्विनी ने झटका तीसरा स्थान



**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा।** प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा चनौर की होनहार छात्रा ओजस्विनी ठाकुर ने निशानेबाजी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने मंडी जिला स्थित लखनपाल शूटिंग स्पोर्ट्स अकादमी भुल्ली में आयोजित ओपन शूटिंग प्रतियोगिता में इतिहास रचा है। ओजस्विनी ठाकुर ने ओपन एयर पिस्टल शूटिंग में सब-यूथ गर्ल्स कैटेगरी में तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। ओजस्विनी की इस शानदार सफलता से विद्यालय में खुशी और गर्व का माहौल है। प्रिंसिपल रेणु परमार एवं एमडी डॉ. रिचा महाजन ने छात्रा को सम्मानित करते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उन्होंने बताया कि ओजस्विनी की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। इस प्रतियोगिता का आयोजन अंतरराष्ट्रीय मेला कमेटी मंडी एवं मंडी पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में किया गया, जिसमें राइफल और पिस्टल दोनों वर्गों में टारगेट शूटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विजेताओं को नकद पुरस्कार एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया।

# विश्व शांति के लिए आत्मिक शांति का होना जरूरी : दत्तात्रेय होसबाले

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह ने की दलाईलामा से की शिष्टाचार भेंट

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश के प्रवास पर आए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने धर्मशाला में धर्म सम्मेलन में शिरकत की। धर्म सम्मेलन में दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि विश्व शांति के लिए आत्मिक शांति का होना आवश्यक है। इससे पहले उन्होंने तिब्बती धर्मगुरु दलाईलामा से भी शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने निर्वासित तिब्बत सरकार की संसद का भी अवलोकन किया।

धर्मशाला के कोतवाली बाजार स्थित सामुदायिक भवन में देव भूमि मैत्री संघ द्वारा आयोजित धर्म सम्मेलन में भाग लेते हुए उन्होंने कहा कि बुद्ध कहते थे, सनातन की जड़ें प्रकृति में विद्यमान हैं, मानव सेवा धर्म है, जो शुचिता, करुणा, तपस्या, त्याग आधारित है। सभी महापुरुषों ने समय-समय पर धर्म की स्थापना एवं धर्म रक्षा के लिए



धर्मशाला में धर्म सम्मेलन का आयोजन। अनंत ज्ञान

प्राणार्पण किए। गुरु तेगबहादुर जी ने धर्म रक्षा के लिए बलिदान किया, उसी धर्म रक्षा के लिए परम पावन दलाईलामा विश्व में शांति का संदेश दे रहे हैं, इसलिए सभी को धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए। सम्मेलन में मुख्य अतिथि 7वें लिंग रिंपोछे उपस्थित हुए। सम्मेलन का आयोजन दलाईलामा के 90वर्ष पूर्ण होने पर उनके दीर्घायु के लिए एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के निमित्त किया गया। लिंग रिंपोछे ने संघ की प्रशंसा करते हुए कहा कि संघ देश और दुनिया में एकता, समरसता एवं सद्भावना का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि सभी को पर्यावरण रक्षा, अहिंसा एवं विश्व शांति के लिए कार्य करने की आवश्यकता है। भारत, दुनिया को सही रास्ता दिखा कर आगे बढ़ रहा है। सम्मेलन में किन्नौर, लाहौल, स्पीति, जिला कांगड़ा एवं अन्य कई स्थानों से बौद्ध धर्म के सैकड़ों अनुयायियों ने भाग लिया।

## शांता बोले- लिव इन रिलेशन गैरकानूनी कृत्य

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपने एक निर्णय में लिव इन रिलेशन को कानूनी ठहराया है और यह कहा कि इस पर किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि मैं समझता हूं कि एक सभ्य समाज में लिव इन रिलेशन एक गैरकानूनी कृत्य ही नहीं अपितु समाज के विरूद्ध एक भयंकर पागलपन है। शांता ने कहा कि एक व्यक्ति विवाह करता है उसके बच्चे हो जाते हैं। उसके बाद वह किसी अन्य गैर महिला के साथ किसी अलग स्थान पर इकटठा रहने लगता है यह पूरे समाज के प्रति एक भयंकर अपराध है। जरा सोचिए, परिवार के बच्चे अपने पिता को जब याद करते होंगे तो उनका मन क्या सोचता होगा। इसी प्रकार की घटना से कई परिवार टूटते हैं। शांता ने समाज व सभी प्रदेशों की सरकारों से आग्रह किया है कि अतिशीघ्र एक कानून बनाकर लिव इन रिलेशन को एक बड़ा अपराध घोषित किया जाए।

## शिमला में पठानिया ने सीएम को भेंट की कचनार की सब्जी और मोंगरे



मुख्यमंत्री सुक्खू को कचनार की सब्जी भेंट करते केवल पठानिया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**कोहली, शाहपुर।** शिमला में शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को प्राकृतिक कचनार की सब्जी तथा मोंगरे भेंट किए।

यह भेंट हिमाचल की पारंपरिक खानपान संस्कृति, प्राकृतिक उत्पादों के प्रति लगाव और स्थानीय स्वादों के सम्मान का प्रतीक रही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को प्रदेश की समृद्ध लोक परंपराओं तथा ग्रामीण अंचलों में प्रचलित प्राकृतिक एवं पारंपरिक खाद्य पदार्थों की विशेषता से भी अवगत करवाया गया। कचनार की सब्जी और मोंगरे जैसे स्थानीय व्यंजन न केवल हिमाचल की सांस्कृतिक विरासत को संजोए हुए हैं, बल्कि पहाड़ी जीवनशैली की सादगी, प्रकृति से जुड़ाव और स्थानीय जैव विविधता के महत्व को भी उजागर करते हैं। इस प्रकार की भेंटें प्रदेश की लोक संस्कृति, पारंपरिक खानपान और स्थानीय उत्पादों के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में प्रेरणादायक संदेश देती हैं।

## पाइल्स को न करें नजरअंदाज समय पर इलाज जरूरी: डॉ. राहुल

### जनता पाइल्स क्लीनिक में स्पेशल कैंप 2 अप्रैल को




धर्मशाला में प्रेसवार्ता करते डॉ. राहुल। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** पाइल्स (बवासीर) को न करें नजरअंदाज, समय पर इलाज बेहद जरूरी है। कांगड़ा स्थित जनता पाइल्स क्लीनिक (जेपीसी) के चेयरमैन डॉ. राहुल ने धर्मशाला में प्रेसवार्ता में कहा कि अब मरीजों को पाइल्स की समस्या नहीं झेलनी पड़ेगी।

पाइल्स की समस्या से जूझ रहे मरीजों की सुविधा के लिए जेपीसी की ओर से निशुल्क कैंप का आयोजन किया जा रहा है। 2 अप्रैल जनता पाइल्स क्लीनिक में शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य लोगों को पाइल्स की समस्या से छुटकारा दिलाना है। इसी दिशा में अस्पताल आगे बढ़ रहा है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से 2 अप्रैल को क्लीनिक में आयोजित होने वाले शिविर का लाभ उठाने का आह्वान किया है।

**बैठक** 8 से 15 अप्रैल तक होगा मेले का आयोजन, व्यवस्थाओं को लेकर की चर्चा

# धुम्मू शाह मेले की तैयारियां तेज

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** उपमंडल अधिकारी (नागरिक) धर्मशाला एवं मेला अधिकारी मोहित रत्न की अध्यक्षता में धुम्मू शाह मेला-2026 के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया तथा मेले से संबंधित व्यवस्थाओं, जिम्मेदारियों एवं समन्वय पर विस्तार से चर्चा की गई।

मोहित रत्न ने बताया कि धुम्मू शाह मेला दाड़ी में 8 से 15 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। धुम्मू शाह मेला क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है और इसे भव्य एवं आकर्षक रूप में आयोजित किया जाएगा। मेले के सफल संचालन के लिए विभिन्न 12 उपसमितियों का गठन किया है, जिनमें ग्राउंड मैनेजमेंट एवं आवंटन समिति, सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति,



एसडीएम ने की धुम्मू शाह मेला-2026 की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता। अनंत ज्ञान

व्यय समिति, मीडिया समन्वय समिति, आतिथ्य समिति, स्थल व्यवस्था समिति, कानून एवं व्यवस्था समिति, स्वच्छता समिति, पुरस्कार वितरण समिति, छिंज आयोजन समिति, मंदिर समिति तथा स्वागत समिति शामिल हैं। सभी समितियों को उनके कार्यों एवं जिम्मेदारियों के बारे में स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए हैं। कानून एवं व्यवस्था समिति को मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण एवं विभिन्न विभागों के साथ समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा पुरस्कार छिंज आयोजन समिति को पारंपरिक कुश्ती प्रतियोगिता के आयोजन तथा मंदिर समिति को धार्मिक अनुष्ठानों एवं पूजा-अर्चना की व्यवस्थाओं की देखरेख करने के निर्देश दिए गए हैं।

**सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ करें कार्य :** मोहित रत्न ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। मेले के दौरान अंतिम दो दिनों में सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन किया जाएगा तथा स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान करने के साथ-साथ मेले को व्यापक पहचान दिलाने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मेले के दौरान स्वयं सहायता समूहों को भी अपने उत्पाद प्रदर्शित करने एवं बिक्री करने के लिए स्टॉल उपलब्ध करवाए जाएंगे। उन्होंने सभी अधिकारियों से व्यवस्थाओं को समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## बुआड़ा पेड़ के 'कुर अंकुर की चटनी' में सेहत का खजाना

अनंत ज्ञान



**पिंकी, डाडासीबा।** डाडासीबा क्षेत्र में इन दिनों पहाड़ों की पारंपरिक पहचान मानी जाने वाली बुआड़ा पेड़ के 'कुर अंकुर' से बनी चटनी खास चर्चा में है। अपने अनोखे स्वाद और पौष्टिक गुणों के कारण यह चटनी स्थानीय लोगों के बीच विशेष स्थान रखती है और ग्रामीण रसोई की शान मानी जाती है।

स्थानीय लोगों के अनुसार बुआड़ा पेड़ के ये कोमल अंकुर केवल मार्च महीने में ही उपलब्ध होते हैं। सीमित समय के लिए मिलने वाले इन अंकुरों को एकत्रित करना आसान नहीं होता, क्योंकि यह पेड़ अक्सर ऊंचे और दुर्गम स्थानों पर पाए जाते हैं। इन्हें तोड़ने के लिए ग्रामीणों को जोखिम उठाना पड़ता है, फिर भी वे इस परंपरा को जीवित रखने के लिए हर साल मेहनत करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कुर अंकुर' की चटनी न केवल स्वादिष्ट होती है, बल्कि इसमें कई पोषक तत्व भी पाए जाते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैं। यह चटनी स्थानीय व्यंजनों के साथ परोसी जाती है और मेहमाननबाजी में भी इसका विशेष महत्व है। बुजुर्गों के अनुसार, यह केवल एक व्यंजन नहीं, बल्कि पहाड़ी संस्कृति और प्रकृति से जुड़ाव का प्रतीक है। बदलते समय में फास्ट फूड के बढ़ते प्रभाव के बावजूद यह पारंपरिक स्वाद अपनी पहचान बनाए हुए है। स्थानीय लोगों ने सरकार और समाज से अपील की है कि ऐसी पारंपरिक धरोहरों को संरक्षित और प्रोत्साहित किया जाए। युवाओं से भी आग्रह किया गया है कि वे इस विरासत को अपनाएं, ताकि आने वाली पीढ़ियां इस अनोखे स्वाद का आनंद ले सकें।

# पुलिस ने बिना नंबर दौड़ रहे वाहनों पर कसा शिकंजा

## एक सप्ताह के अभियान में किए 538 चालान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा पुलिस ने बिना नंबर प्लेट व हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट दौड़ रहे वाहनों पर शिकंजा कसा है। एक सप्ताह के अभियान में पुलिस ने 538 चालान किए हैं।

इनमें से 332 चालान बिना नंबर प्लेट और 206 चालान हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट न होने के चलते किए गए हैं। गौरतलब है कि जिले में कई ऐसे स्थान हैं, जहां पर बिना नंबर प्लेट व हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट वाहन दौड़ते हुए देखे जा सकते हैं। कई दोपहिया वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट बेंड की गई देखी जा सकती हैं, जिससे कि

◆ **हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट बिना वाहन भी फंसे**

दुर्घटना की स्थिति में कैमरे, पुलिस व लोगों की नजर से बचकर भागा जा सके। जिले में ऐसे भी कई मामले सामने आए हैं कि दोपहिया वाहन चालक तेज रफ्तार वाहन दौड़ाते हुए राहगीरों को टक्कर मारकर फरार हो जाते हैं। हालांकि, ऐसे मामले आम नजर आते हैं। ऐसे लोग अपनी जान के साथ दूसरों की जान को भी खतरे में डालते हैं। इसके चलते जिला पुलिस ने एक सप्ताह के लिए यह अभियान चलाया था, जिसके तहत चालान किए गए हैं। इसके अलावा चौपहिया वाहनों की खिड़कियों के शीशों में ब्लैक स्क्रीन के मामलों पर भी इस दौरान कार्रवाई की गई है। उधर, एएसपी कांगड़ा राजेंद्र कुमार जसवाल ने बताया कि हाल ही में जिला कांगड़ा पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष अभियान के तहत बिना नंबर प्लेट 332 चालान, हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट न होने पर 206 चालान एमवी एक्ट किए गए हैं। बिना नंबर प्लेट वाले वाहन चालक दुर्घटना होने पर फरार हो जाते हैं और पकड़ में नहीं आते। किसी भी वाहन में नंबर प्लेट होना बेहद जरूरी है, अन्यथा एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।

## आयुष्मान भारत योजना के तहत देशभर में 27 गंभीर रोगों का इलाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत देशभर में 36,229 इम्पैनलड अस्पतालों के माध्यम से कैंसर, हृदय रोग, फेफड़े, ब्रेस्ट सहित 27 गंभीर बीमारियों का इलाज किया जा रहा है। यह जानकारी केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रताप राव जाधव ने राज्य सभा सांसद इंदु गोस्वामी को संसद में दी।

◆ **संसद में इंदु गोस्वामी को दी जानकारी**

योजना में 6,746 प्राइवेट अस्पताल भी शामिल किए गए हैं। उन्होंने बताया कि योजना में सभी गंभीर बीमारियों और महंगे डायग्नोस्टिक टेस्टों को शामिल किया गया है। इस योजना की शुरुआत सितंबर 2018 में हुई थी, तब 1,391 स्वास्थ्य लाभ पैकेज शामिल थे, जिन्हें अब पांच बार संशोधन के बाद बढ़ाकर 1,961 कर दिया गया है। आयुष्मान भारत योजना का लाभ सभी पात्र लाभार्थियों को प्राप्त हो सकता है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को महंगे इलाज के लिए वित्तीय सहायता और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं।

# सीबीएसई सब कैडर स्क्रीनिंग टेस्ट की आंसर-की जारी

## 31 मार्च तक अभ्यर्थी दर्ज करवा सकते हैं आपत्तियां

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने प्रेस बयान में अवगत कराया कि बोर्ड द्वारा 22 मार्च 2026 को आयोजित सीबीएसई सब-कैडर 2026 स्क्रीनिंग टेस्ट की प्रोविजनल आंसर-की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी है।

यह परीक्षा प्रदेशभर के विभिन्न केंद्रों पर प्रिंसिपल, लेक्चरर (जैव विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिकी, गणित, कॉमर्स, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान, इतिहास, हिंदी, भूगोल, समाजशास्त्र, संस्कृत, संगीत, आईपी, शारीरिक शिक्षा, मनोविज्ञान एवं डीपीई) तथा टीजीटी एवं सी एंड वी (आर्ट्स, मेडिकल, नॉन-मेडिकल, लैंग्वेज टीचर, शास्त्री, ड्राइंग मास्टर, शारीरिक शिक्षा शिक्षक एवं जेबीटी) के पदों हेतु आयोजित की गई थी। डॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया कि यदि किसी अभ्यर्थी को आंसर-की में दिए गए किसी भी उत्तर के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो वह अपनी आपत्तियां 31 मार्च तक लिखित रूप में आवश्यक दस्तावेजी प्रमाण सहित बोर्ड कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए यह जानकारी दी गई है कि आपत्तियां ई-मेल के माध्यम से भेजी जा सकती हैं अथवा कार्य दिवसों में व्यक्तिगत रूप से भी बोर्ड कार्यालय में जमा करवाई जा सकती हैं। बोर्ड अध्यक्ष ने कहा कि निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाली किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। बिना उचित और ठोस प्रमाण के प्रस्तुत की गई आपत्तियां भी स्वीकार नहीं की जाएंगी। अधिक जानकारी या किसी भी प्रकार के संशय के निवारण के लिए बोर्ड कार्यालय के आधिकारिक दूरभाष नंबर 01892-242134 पर संपर्क कर सकते हैं। डॉ. राजेश ने कहा कि हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा भर्ती परीक्षाओं को पूरी तरह से पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न करवाना बोर्ड की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों को अपनी बात रखने का उचित अवसर प्रदान करना इसी निष्पक्ष प्रक्रिया का एक अहम हिस्सा है, ताकि चयन प्रक्रिया की विश्वसनीयता बनी रहे।

## नशे से निपटने के लिए मिलकर करना होगा काम: दिव्या यादव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हमसफर सोसायटी की ओर से शनिवार को सुलयाली में नशे को मिटाना है तो महिलाओं को आगे आना है, कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सहायक आयुक्त विकास एवं खंड विकास अधिकारी दिव्या यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। कार्यक्रम में 21 महिला मंडलों की 250 के करीब महिलाओं ओर 100 पुरुषों ने भाग लिया। मुख्यातिथि ने सामाजिक कार्यकताओं में पूजा शर्मा कांगड़ा, डाक्टर ममता गोरा ज्वाली, अरिदमन शर्मा डिप्टी चीफ इंजीनियर उतर रेलवे, संजय सोगानी प्रिंसिपल रोज पब्लिक स्कूल सुलयाली, एंजल दिव्यांग आश्रम संचालिका अलका शर्मा, नशा निवारण समिति अध्यक्ष करतार चंद, हरदीप सिंह दीपू पूर्व जिला परिषद, आशा शर्मा, स्वर्निम भारत समाज कल्याण फाउंडेशन, दीपिका शर्मा, अंजना देवी, रीता पठानिया, को सम्मानित किया गया। इस मौके पर चिन्मय महिला मंडल लोहारपूरा, ओम नमः शिवाय, महिला मंडल डनी, महिला मंडल बलारा की ओर से नशे पर अपने-अपने भाषण के माध्यम से विचार रखे। वहीं, सर्व हित महिला मंडल की ओर से नशे पर एकाकी प्रस्तुत की। कार्यक्रम की शुरुआत में हमसफर सोसायटी की अध्यक्ष कमलेश शर्मा की ओर से सोसायटी की गतिविधियों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि दिव्या यादव द्वारा नशे की समस्या के समाधान बारे सबको मिलकर काम करने की बात भी कही।

## हरीश के परिजन अंतिम संस्कार व अस्थि विसर्जन करने के बाद पैतृक गांव पहुंचे

**नरेंद्र डोगरा, अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** उपमंडल जयसिंहपुर के पलेटा गांव के हरीश राणा के अंतिम संस्कार व अस्थि विसर्जन करने के बाद परिजन शुक्रवार देर शाम पैतृक गांव पहुंचे।

हरीश राणा के तेहरवीं तक सभी रस्में पलेटा गांव में होंगी। स्थानीय पंचायत के पूर्व उपप्रधान राजू ने बताया कि हरीश राणा के घर ग्रामीण शोक प्रकट करने पहुंचकर और स्वजन को ढांढस बंधाया। पिछले 13 साल से कॉमा में पड़े हिमाचल के हरीश राणा का दिल्ली एम्स में 24 मार्च को निधन हो गया है।

सुप्रीम कोर्ट से इच्छामृत्यु की इजाजत मिलने के बाद हरीश राणा को बीते रविवार को दिल्ली के एम्स में शिफ्ट किया गया था, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उनकी इच्छामृत्यु की प्रक्रिया पूरी की गई।

करीब 13 साल पहले हरीश चंडीगढ़ में अपने पीजी के चौथे फ्लोर से गिर गए थे, जिसके बाद से ही वह कोमा में थे। उनके ठीक होने की उम्मीदें टूटने के बाद परिवार ने हरीश के लिए सुप्रीम कोर्ट से इच्छामृत्यु मांगी थी।

# धार्मिक आयोजनों से मजबूत होती है सामाजिक एकता: पराशर

## सांडा गांव में श्रद्धा का संगम, बाबा सिद्ध चानो मंदिर में संपन्न हुआ धार्मिक कार्यक्रम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जसवां-परागपुर विधानसभा क्षेत्र के सांडा गांव में स्थित प्राचीन एवं आस्था के केंद्र बाबा सिद्ध चानो मंदिर में शनिवार को आयोजित धार्मिक कार्यक्रम श्रद्धा और भक्ति के माहौल में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर कैप्टन संजय पराशर ने विशेष रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई और बाबा सिद्ध चानो के दरबार में मत्था टेककर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालु एकत्रित हुए और पूरे वातावरण में भक्ति और आस्था का रंग देखने को मिला। मंदिर पहुंचने पर संजय पराशर का स्थानीय ग्रामीणों, मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों तथा श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत



बाबा सिद्ध चानो मंदिर में भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते कैप्टन संजय पराशर। अनंत ज्ञान

किया गया। इस दौरान उन्होंने बाबा सिद्ध चानो के मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की और चल रहे धार्मिक अनुष्ठान में भी भाग लिया। मंदिर में आयोजित इस धार्मिक आयोजन के दौरान भजन-कीर्तन का भी विशेष आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लेते हुए भक्ति रस में डूबकर बाबा सिद्ध चानो का गुणगान किया। संजय पराशर ने इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि धार्मिक स्थल हमारी संस्कृति और आस्था के प्रमुख केंद्र होते हैं, जो समाज को एकजुट रखने के साथ-साथ सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन लोगों की आस्था को मजबूत करते हैं और समाज में भाईचारे और आपसी सौहार्द को भी बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि बाबा सिद्ध चानो का यह पवित्र स्थल लंबे समय से क्षेत्र के लोगों की आस्था का केंद्र बना हुआ है और दूरदराज से श्रद्धालु यहां माथा टेकने के लिए पहुंचते हैं। उन्होंने मंदिर कमेटी और ग्रामीणों द्वारा धार्मिक कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से हमारी परंपराएं और सांस्कृतिक धरोहर आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचती हैं। वह स्वयं भी क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के लिए लगातार प्रयासरत हैं।

कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद और भंडारे की व्यवस्था भी की गई थी, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर स्थानीय वासियों में जुल्फी राम, कर्म चंद, कश्मीर सिंह, ब्रह्म दास, रमेश सिंह, भजन लाल, महेंद्र सिंह और पूजा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# पुलिस ग्राउंड धर्मशाला में सात को होगा रेडक्रॉस मेले का आयोजन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी कांगड़ा की ओर से 7 अप्रैल को पुलिस ग्राउंड धर्मशाला में प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक रेडक्रॉस मेले का आयोजन किया जाएगा। सोसायटी के सचिव ओपी शर्मा ने बताया कि यह मेला स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का भी महत्वपूर्ण मंच बनेगा। मेले में स्वास्थ्य विभाग हिमाचल प्रदेश और आयुष विभाग के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए जाएंगे, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सामान्य रोगों की जांच, परामर्श, दवाइयों का वितरण तथा स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही बेबी शो का आयोजन भी किया जाएगा।

मेले के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा ज्ञानवर्धक और मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। किसानों के लिए विशेष जागरुकता स्टॉल लगाए जाएंगे, वहीं बच्चों और युवाओं के लिए रस्साकशी, म्यूजिकल चेयर तथा अन्य खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी, जिनमें विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त मेले में खाने-पीने के विभिन्न स्टॉल भी लगाए जाएंगे, जबकि महिला मंडलों और स्वयं

◆ **लकी ड्रॉ, खेल और स्वास्थ्य जांच शिविर भी होगा आयोजित**

सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए हस्तशिल्प, घरेलू उत्पाद और स्थानीय व्यंजन भी उपलब्ध रहेंगे, जिससे स्थानीय कारीगरों और महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण का अवसर मिलेगा। इच्छुक व्यक्ति अपने स्टॉल लगाने हेतु रेडक्रॉस कार्यालय धर्मशाला में संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा एक स्मारिका का प्रकाशन भी किया जाएगा, जिसमें समाज सेवा, स्वास्थ्य जागरुकता और रेडक्रॉस की गतिविधियों से संबंधित लेख, संदेश और विज्ञापन प्रकाशित किए जाएंगे। इच्छुक व्यक्ति इसमें सहयोग के लिए कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष नंबर 01892-224888 तथा मोबाइल नंबर 94188-32244 पर संपर्क किया जा सकता है। मेले को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए लक्की ड्रा का भी आयोजन किया जाएगा। लकी ड्रॉ में प्रथम पुरस्कार मोटरसाइकिल, द्वितीय पुरस्कार लैपटॉप, तृतीय पुरस्कार एलईडी टीवी के साथ-साथ रेफ्रिजरेटर, वाशिंग मशीन, माइक्रोवेव ओवन, वाटर प्यूरीफायर, सीलिंग फैन तथा अन्य सांत्वना पुरस्कार भी शामिल होंगे।

# सरकार ने कांगड़ा में गाड़ियों की पासिंग व्यवस्था को किया तहस-नहस : सुधीर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** भाजपा विधायक सुधीर शर्मा ने हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर कांगड़ा जिले में



गाड़ियों की पासिंग व्यवस्था को पूरी तरह ध्वस्त करने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि यह मामला लाखों लोगों की रोजमर्रा की जरूरतों और आजीविका से जुड़ा हुआ है, जिसे सरकार ने नजरअंदाज कर दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इस निर्णय को शीघ्र नहीं बदला और पहले की तरह 21 केंद्रों पर गाड़ियों की पासिंग की व्यवस्था बहाल नहीं की, तो जनता के साथ मिलकर व्यापक आंदोलन किया जाएगा। शनिवार को प्रेस बयान में सुधीर शर्मा ने कहा कि पहले कांगड़ा जिला में आरटीओ और एमवीआई द्वारा 21 विभिन्न केंद्रों पर गाड़ियों की पासिंग की सुविधा उपलब्ध थी, जिससे लोगों को सुविधा मिलती थी, लेकिन वर्तमान सरकार ने इस व्यवस्था को समाप्त कर लंज के निकट गाहलियां में एकमात्र ऑटोमैटिक टेस्टिंग सेंटर (एटीएस) स्थापित कर दिया है, जिसे एक निजी फर्म संचालित कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस नए सिस्टम के कारण दूरदराज के क्षेत्रों से आने वाले वाहन मालिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही पासिंग प्रक्रिया के दौरान उनसे अत्यधिक शुल्क वसूला जा रहा है, जिसमें फाइल चार्ज से लेकर अन्य प्रक्रियाओं में हजारों रुपए खर्च हो रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब एक ऑटो रिक्शा को केवल 20 किलोमीटर के दायरे में ही चलने की अनुमति है, तो बैजनाथ जैसे क्षेत्र से चालक लगभग 135 किलोमीटर दूर गाहलियां कैसे पहुंचेगा। उन्होंने इसे नियमों के विरुद्ध और अव्यवहारिक निर्णय बताया। उन्होंने यह भी कहा कि देहरा विधानसभा क्षेत्र में इस नियम को लागू नहीं किया गया है, जहां अब भी आरटीओ और एमवीआई द्वारा गाड़ियों की पासिंग की जा रही है। यह भेदभावपूर्ण नीति सरकार की मंशा पर सवाल खड़े करती है।

सीनियर इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट मल्टी डे टूर्नामेंट

## ऊना ने पहली पारी में शिमला के खिलाफ बनाए 622 रन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला स्टेडियम में जिला ऊना व शिमला की क्रिकेट टीम के बीच खेले जा रहे सीनियर इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट मल्टी डे टूर्नामेंट के दूसरे दिन शनिवार को ऊना की टीम ने शिमला के खिलाफ पहली पारी में 8 विकेट खोकर 622 रनों का विशालकाय स्कोर खड़ा कर दिया है। 4 दिवसीय फाइनल मैच के दूसरे दिन ऊना की टीम ने 90 ओवर में 3 विकेट खोकर 344 रनों से आगे खेलते हुए पारी की शुरुआत की। ऊना की टीम की ओर से क्रीज में डटे अमित कुमार ने अपना दोहरा शतक जड़ा और पारी में नाबाद रहते हुए 214 रन बनाए। इसके अलावा ही दूसरे छोर पर उनका साथ दे रहे नितिन शर्मा ने 90 रनों की पारी खेली।

इसके अलावा अमनप्रीत सिंह ने 33, पूर्व राज ने अर्धशतक लगाते हुए 51, राघव बाली ने 2 व कप्तान अंकुश बेदी ने टीम के लिए 12 रनों की पारी खेली। शिमला की ओर से गेंदबाजी करते हुए नवीन कंवर और नमन वर्मा ने 2, सौरभ हिमालवी, मुकुल नेगी, आदित्य चौहान व कुशल पाल ने क्रमशः 1-1 विकेट अपने नाम किया, जबकि अपनी पहली पारी की शुरुआत करते हुए शिमला की टीम ने दूसरे दिन के अंत तक 7 ओवर में बिना कोई विकेट खोए 13 रन बना लिए हैं। शिमला की ओर से सलामी बल्लेबाज कुशल पाल 5 व टीम के कप्तान योगदीप सिंह 6 रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं।

# डीएवी स्कूल तियारा का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

अनंत ज्ञान

**गगल।** डीएवी पब्लिक स्कूल तियारा का वार्षिक परीक्षा परिणाम शनिवार को घोषित किया गया। कक्षा नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के विद्यार्थियों को प्रगति पत्र देकर सम्मानित किया। जानकारी देते हुए स्कूल की प्रधानाचार्य एकता अत्री ने बताया कि कक्षा 11वीं से अक्षरा राणा और अक्षरा प्रथम, अक्षित चौधरी, अमित , आरुषि, अनिकेत जमवाल, कशिश, आशीष पठानिया द्वितीय व अतीक गुलरिया तृतीय स्थान पर रहे।

कक्षा नवमी से वेदांत धीमान,दिव्यांशी, अर्नब मनकोटिया, नवयांशूऔर बिष्टि प्रथम स्थान पर रहे। अक्षिता द्वितीय स्थान पर रही। जागृति, तनीषा शर्मा, अरनव, आदित्य कुमार, हर्ष, सिमरन, तनवी शर्मा,इशिका, दिया,



विद्यार्थियों को प्रगति पत्र देकर किया सम्मानित। अनंत ज्ञान

वारुणी तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा आठवीं से शिवांक सिंह राणा और शिवांशी प्रथम स्थान पर रहे। रुद्र प्रताप सिंह और अर्श द्वितीय स्थान पर रहे। अंशिका, संवि ठाकुर, अद्विक शर्मा, आदित्य गुलरिया, शानवी चौधरी तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा सातवीं से ओशिन ,अभिउदेय चंदेल इशिका, समरथ चौधरी और संवि यह प्रथम स्थान पर रहे और इशिता, अनन्या ठाकुर ,आराध्या, हर्ष कुमार, शौर्य वीर पठानिया ,अनिका, अनिकेत, शिवांश ठाकुर, रश्मि शाह, संवि दूसरे स्थान पर रहे। अभिरथी गोस्वामी, एंजेल, माधवी, बिहान चौधरी, नमन भारती, रजत कुमार, रिद्धिमा, सुतेज शर्मा, अन्वी और आदित्य तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा छठी से प्रथम स्थान पर रही अक्षिता चौधरी अन्वी अंशिका अंतरा और काव्या सैणी, द्वितीय स्थान पर कृतिका, नामित, तनीषा, लक्षित और अंशिका पर रहे, तृतीय स्थान पर रही ओजस्वी ठाकुर, मानिक, मानवी चौधरी, आरव, अक्षिता, अनमय और रितिक रहे। कक्षा पांचवी से प्रथम स्थान पर रही कृति, वैष्णवी ,रिद्धि ,सात्विक, नक्श। द्वितीय स्थान पर रुद्रांश, दिशा, साईं पृणव, सक्षम, संवि केबिन, आरोही और अन्वी रहे।

## बागेश्वरी महिला मंडल ने चलाया नशामुक्ति अभियान

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** बागेश्वरी महिला मंडल ने अध्यक्ष सुनीता ठाकुर के नेतृत्व में सुधेड़ पंचायत में नशामुक्ति जागरूकता अभियान चलाया। यह अभियान कसूबंर नाग धार स्कूल से शुरू होकर मिडिल स्कूल तक आयोजित किया गया। इस दौरान बच्चों और उनके अभिभावकों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। महिला मंडल की सदस्यों ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को पर्याप्त समय दें और उन्हें नशे जैसी बुराइयों से दूर रखने के लिए समय-समय पर जागरूक करें। इस अभियान में रेशा देवी, लाजवंती देवी और मिडिल स्कूल के मुख्याध्यापक मदन शर्मा भी उपस्थित रहे। उन्होंने भी नशामुक्त समाज के निर्माण पर जोर दिया और इस तरह के अभियानों को लगातार जारी रखने की आवश्यकता बताई।

**विरोध** अवैध खनन पर नूरपुर की सख्ती पर जताई नाराजगी, सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

# ट्रैक्टर चालकों ने किया जोरदार प्रदर्शन

◆ **बोले- बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के सख्ती उन्हें बर्बादी की ओर धकेल रही**

अनंत ज्ञान

**रविंद्र चौधरी, फतेहपुर।** जिला पुलिस नूरपुर में अवैध खनन के खिलाफ पुलिस की सख्ती अब बड़ा जनमुद्दा बनता जा रहा है। जिला पुलिस द्वारा खड्डों और नदी-नालों से रेत-बजरी निकालने के मामलों में लगातार कार्रवाई की जा रही है, जिसके तहत नियमों की अवहेलना करने वाले ट्रैक्टर चालकों के चालान काटे जा रहे हैं और उनके वाहनों को जब्त कर अदालत में पेश किया जा रहा है। इस कार्रवाई से ट्रैक्टर चालकों और छोटे किसानों में भारी नाराजगी फैल गई है। उनका कहना है कि रेत-बजरी का काम ही उनकी आजीविका



पुलिस की सख्ती पर प्रशासन और प्रदेश सरकार के खिलाफ रैली निकाली। अनंत ज्ञान

का मुख्य साधन है और इस तरह की सख्ती से उनका रोजगार पूरी तरह प्रभावित हो रहा है।

इसके विरोध में फतेहपुर, नूरपुर, जवाली और इंदौरा क्षेत्रों के ट्रैक्टर चालक सड़कों पर उतर आए और नूरपुर से तलाड़ा तथा भरमाड़ से रैहन तक रैली निकाली। रैली के बाद तलाड़ा ग्राउंड में जोरदार प्रदर्शन किया गया, जहां सरकार और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई। प्रदर्शन के दौरान ट्रैक्टर चालकों और मालिकों ने अपनी पीड़ा जाहिर करते हुए कहा कि वे दिन-रात मेहनत कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं, लेकिन लगातार चालान और ट्रैक्टर जब्त होने से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। उनका कहना है कि उन्होंने लोन लेकर ट्रैक्टर खरीदे हैं और किस्तें चुकाना भी मुश्किल हो रहा है। चालकों ने स्पष्ट किया कि वे अवैध कार्य के पक्ष में नहीं हैं, लेकिन बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के इस तरह की सख्ती उन्हें बर्बादी की ओर धकेल रही है। गौरतलब है कि इससे कुछ दिन पूर्व भी ट्रैक्टर चालक और मालिक पूर्व मंत्री एवं भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता राकेश पठानिया से मिले थे, जहां उन्होंने प्रशासन और पुलिस के प्रति अपना रोष प्रकट किया था। उस दौरान भी पठानिया ने ट्रैक्टर चालकों की आवाज बुलंद करते हुए सख्त चेतावनी दी थी। अब एक बार फिर प्रदर्शन में शामिल होकर उन्होंने पुलिस कार्रवाई को छोटे किसानों और ट्रैक्टर चालकों के खिलाफ बताते हुए सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। वहीं, प्रदर्शनकारियों ने दो टूक चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों को नजर अंदाज किया गया, तो आने वाले समय में आंदोलन को और उग्र किया जाएगा और इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## 10 तक करवा सकते हैं परिवार रजिस्ट्रेशन

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** धर्मशाला नगर निगम के आयुक्त जफर इकबाल ने जानकारी देते हुए बताया कि धर्मशाला नगर निगम सभीर वार्डों में परिवार रजिस्टर सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के लिए विभिन्न वार्डों में कैंप का आयोजन भी किया गया था, परंतु अब भी जो परिवार रजिस्ट्रेशन नहीं करवा पाए है, उनके लिए अंतिम बार 10 अप्रैल तक का समय दिया गया है।

ऐसे परिवार परिवार रजिस्ट्रेशन के लिए 1 से 10 वार्ड के लिए गठित टीम के इंचार्ज आकाश चौधरी के मोबाईल नंबर 9805843438 पर तथा 11 से 17 वार्ड के इंचार्ज अंकेश के मोबाईल नंबर 7807318965 पर सम्पर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि परिवार रजिस्ट्रेशन के लिए पहचान पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड, परिवार के सदस्यों का विवरण अवश्य दें ताकि ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन का कार्य शीघ्रता से पूर्ण किया जा सके।

# किसानों के साथ तकनीकी जानकारी और व्यावहारिक अनुभव किए साझा



कृषि विवि ने किसानों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों की शृंखला आयोजित की। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर ने अपने डॉ. जीसी नेगी पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय के माध्यम से कांगड़ा जिले के किसानों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों की एक शृंखला का आयोजन किया।

इन कार्यक्रमों का उद्देश्य किसानों को वैज्ञानिक पशुपालन एवं बकरी पालन के क्षेत्र में ज्ञान एवं कौशल प्रदान करना था। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एके पांडा ने प्रशिक्षण सत्रों की अध्यक्षता की तथा अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं एवं ग्रामीण युवाओं को सतत आजीविका के रूप में पशुपालन एवं बकरी पालन को अपनाना चाहिए। उन्होंने किसानों की आय बढ़ाने के लिए पोषण वाटिका, कुक्कुट पालन तथा अन्य उद्यमशील गतिविधियों के महत्व पर प्रकाश डाला। पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय के कार्यवाहक अधिष्ठाता डॉ. पंकज सूद तथा डॉ. संजीव कटोच, अतिरिक्त निदेशक, पशुपालन विभाग, कांगड़ा ने किसानों को विभागीय योजनाओं एवं सुविधाओं की जानकारी दी। कार्यक्रमों में डॉ. देवेश ठाकुर, डॉ. राकेश ठाकुर, डॉ. निशांत वर्मा, डॉ. प्रवीण शर्मा, डॉ. अंकज ठाकुर, डॉ. रोहित कुमार तथा डॉ. मीसम रज़ा सहित विशेषज्ञों ने भाग लिया और किसानों के साथ महत्वपूर्ण तकनीकी जानकारी एवं व्यावहारिक अनुभव साझा किए। प्रशिक्षण कार्यक्रमों का समापन सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरण के साथ हुआ।

# प्राइवेट अस्पतालों में हिमकेयर के लगे बोर्ड से भ्रमित हो रहे लोग

## उपभोक्ता संरक्षण संगठन जिला हमीरपुर की मासिक बैठक में उठा मुद्दा

◆ **कोहली से मट्टन सिद्ध तक सड़क की हालत खराब**

अनंत ज्ञान

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** दि हमीरपुर उपभोक्ता संरक्षण संगठन, जिला हमीरपुर की मासिक बैठक शनिवार को जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम कालिया की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन महासचिव मनोहर लाल कानूनगो ने किया। महासचिव ने पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी दी और नए मामलों को उठाने का आह्वान किया। बैठक में राष्ट्रीय उच्च मार्ग दगड़ी–कोहली वाया हमीरपुर–डुग्घा की दयनीय सड़क हालत, जमली खड्ड में गंदा पानी गिरने से पीलिया व वायरल रोग फैलने, सहकारी सभा पाहलू की नाली और हीरानगर चौक की सड़क में गड्ढों की समस्या पर जोर दिया गया।



जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में हुई बैठक। अनंत ज्ञान

प्राइवेट अस्पताल सिटी अस्पताल, भंडारी अस्पताल, हमीर अस्पताल में हिम केयर के बड़े–बड़े बोर्ड लगाए गए हैं, जिससे मरीजों को अपनी ओर आकर्षित कर उन्हें मुफ्त इलाज की सुविधा दी जाएगी, बारे प्रोत्साहित करते हैं, परंतु हिम केयर के अंतर्गत कोई भी लाभ रोगियों को नहीं दिया जाता है तथा पूरा बिल उनके हाथ में थमा दिया जाता है। ऐसा देखने में आया है कि रेडक्रॉस सोसाइटी सभी लोगों के टेस्ट नहीं करते हैं। उपायुक्त हमीरपुर से अनुरोध है कि जो टेस्ट बाहर के लिखे जाते हैं, उनकी सुविधा रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा उपलब्ध करवाई जाए, ताकि रोगियों का शोषण ना हो। संगठन के सदस्यों ने बैठक में मामला उठाया कि जिले की कुछ पंचायतों में स्वच्छता के नाम पर 120 रुपए प्रति परिवार इकट्ठा कर रहे हैं, जबकि न तो उन्हें डस्टबिन दिया जाता है और न ही कोई व्यक्ति घरों से कूड़ा इकट्ठा करता है। उपायुक्त पंचायतों को आदेश दें कि स्वच्छता के नाम से इस तरह की राशि न लें क्योंकि कुछ जिले की पंचायतों में इस बारे में भारी रोष व्याप्त है। इस अवसर पर युद्ध वीर पठानिया, केसी गौतम, रंजीत ठाकुर, हेमराज शर्मा, अनिरुद्ध डोगरा हेमराज शर्मा, आरसी चागरा, गोपाल शर्मा व रोशन लाल पटियाल तथा अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### महेशकलवाल-दुधला-खेरी सड़क 10 अप्रैल तक बंद

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** महेशकलवाल-दुधला-खेरी सड़क को 10 अप्रैल तक सभी प्रकार के वाहनों के लिए बंद कर दिया गया है। यह निर्णय प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत चल रहे सड़क उन्नयन कार्य के कारण लिया गया है। विभाग के एसडीओ संसार चंद ठाकुर ने बताया कि सड़क पर सीमेंट कंक्रीट बिछाने का काम किया जाएगा। दुधला क्षेत्र में सड़क संकरी होने के कारण निर्माण और यातायात एक साथ संभव नहीं है। सुरक्षा और कार्य की सुचारु प्रगति को ध्यान में रखते हुए यातायात को वैकल्पिक मार्गों पर मोड़ा गया है। उहल कक्कड़ से आने वाले वाहन कक्कड़-बजरोल-जंगलबेरी मार्ग से जाएंगे, जबकि अन्य वाहन कक्कड़-सचूही मार्ग का उपयोग करेंगे। विभाग ने जनता से सहयोग की अपील की है।

### बाबा बालक नाथ मंदिर परिसर में मिला कीमती लॉकेट

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा बालक नाथ मंदिर के परिसर के एक सुरक्षा कर्मचारी को महिलाओं के लिए स्थापित दर्शन स्थल की सीढ़ियों पर सोने का एक कीमती लॉकेट मिला है। 22 मार्च को मिले इस लॉकेट को मंदिर अधिकारी के कार्यालय में सुरक्षित जमा करवा दिया है। मंदिर अधिकारी केशव कुमार ने बताया कि जिस महिला या पुरुष का यह लॉकेट गुम हुआ है वह इसकी निशानी बताकर इसे दियोटसिद्ध स्थित मंदिर अधिकारी कार्यालय से प्राप्त कर सकता है।

### लोगों ने किया मुख्यमंत्री सुक्खू का धन्यवाद

**अनंत ज्ञान, बड़ा।** नादौन विधानसभा क्षेत्र की पुतडियाल पंचायत की संपर्क सड़कों को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पहल पर मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना में शामिल कर बजट प्रावधान किया गया है। इसके लिए पंचायत के लोगों ने मुख्यमंत्री का विशेष धन्यवाद किया और कहा कि उन्होंने जो वादा किया था, उसे पूरा करके भरोसा जताया। पुतडियाल पंचायत के उपप्रधान ने बताया कि जांगल निवासी विद्या देवी के घर से मुख्य सड़क तक और आदर्शनगर निवासी ज्ञान चंद के घर से मुख्य सड़क तक दो संपर्स सड़कों का निर्माण होगा। ग्रामीणों ने कहा कि पहले इन सड़कों के अभाव में आने-जाने में कठिनाई होती थी। ज्ञान चंद, शेखू, कुलतार सिंह, राज कुमार, रतन चंद, जगदीश चंद, सोनू, विद्या देवी, कांशी राम, गोल्डी आदि ने निर्माण के लिए मुख्यमंत्री का हार्दिक धन्यवाद किया। इन सड़कों के बनने से गांवों की यातायात समस्याओं का स्थायी समाधान हो जाएगा और ग्रामीणों को बड़ी सुविधा मिलेगी।

### कर्नल अतुल भारद्वाज बने ब्रिगेडियर बॉम्बे सैपर



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रदेश के निवासियों के लिए गौरव की बात है कि कर्नल मोती राम भारद्वाज के पुत्र कर्नल अतुल भारद्वाज को ब्रिगेडियर (बॉम्बे सैपर) के पद पर पदोन्नत किया गया है। उन्हें राजस्थान में एक कोर के मुख्य अभियंता के रूप में तैनात किया गया है। कर्नल अतुल भारद्वाज, जो कर्नल मोती राम भारद्वाज (डाकघर डिडवीं) के पुत्र हैं। इससे पहले कर्नल अतुल भारद्वाज दो बार आइवरी कोस्ट और लेबनान में संयुक्त राष्ट्र के मिशनों में भी सेवा दे चुके हैं।

### अवाहदेवी ने बंगाणा को हराकर जीता वॉलीबाल खिताब

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के सागर स्पोर्ट्स एकेडमी, भरेड़ी में आयोजित दो दिवसीय वॉलीबाल प्रतियोगिता संपन्न हो गई। मुख्य अतिथि बीडीसी चेयरमैन राजेन्द्र सिंह गारला ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व सर्टीफिकेट देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में कुल 14 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबले में अवाहदेवी की टीम ने बंगाणा को 3-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया। समापन के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

### राज्यस्तरीय जूनियर बास्केटबाल स्पर्धा 3 से

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** जिला बास्केटबाल संघ हमीरपुर के तत्वावधान में 3 से 5 अप्रैल तक उपमंडल भोरंज के साई विजन पब्लिक स्कूल, भरेड़ी में 47वीं राज्य स्तरीय जूनियर बास्केटबॉल (लड़के व लड़कियां) प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। उद्घाटन समारोह में भोरंज विधायक सुरेश कुमार मुख्य अतिथि होंगे। तीन दिनों तक चलने वाली प्रतियोगिता में अलग-अलग वर्गों में रोमांचक मुकाबले होंगे। समापन पर विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। आयोजन समिति ने खिलाड़ियों के ठहरने व अन्य सुविधाओं की भी व्यवस्था की है।

## गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा देने के लिए सौंपा जाएगा 11 हजार हस्ताक्षरों का ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल गो सेवा समिति जिला हमीरपुर की त्रैमासिक बैठक जिला अध्यक्ष केशव शर्मा की अध्यक्षता में जमली धाम में हुई, जिसमें जिले की सभी गोशाला संचालक उपस्थित रहे। बैठक में पं. सुखदेव शास्त्री के निधन पर शोक प्रस्ताव पास कर उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की गई। खैरी से भोरंज लाए गए गोवंश में मृत पशुओं की उच्च स्तरीय जांच और दोषियों को दंडित करने की मांग उठाई गई। बैठक में संतों ने 27 अप्रैल को पूरे भारत में गो माता की रक्षा के लिए तहसील स्तर पर 11 हजार हस्ताक्षरों का ज्ञापन भेजने का अभियान शुरू करने की घोषणा की। इसके लिए जिले में तहसील स्तर पर 11 सदस्यों की कमेटी गठित की गई, जो घर–घर जाकर हस्ताक्षर एकत्रित करेगी। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष रसील सिंह मनकोटिया एवं महामंत्री डॉ हेमंत शर्मा, पशुपालन विभाग के प्रतिनिधि और गौ सेवक संत उपस्थित थे।

## 'आप' ने मनोज को किया सुजानपुर हलके का आब्जर्वर नियुक्त

**अनंत ज्ञान, नादौन।** आम आदमी पार्टी ने नादौन क्षेत्र के मनोज कुमार को सुजानपुर विधानसभा का आब्जर्वर नियुक्त किया है। मनोज वर्तमान में आम आदमी पार्टी जिला हमीरपुर के संगठन सचिव का कार्यभार संभाल रहे हैं। इस नियुक्ति से पार्टी के वर्करों में खुशी का माहौल है। मनोज कुमार ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए भरोसा दिलाया कि वे हाई कमान की आकांक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने शिक्षा के जनक पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के दौरे से हिमाचल के कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ने की बात भी कही। उन्होंने बताया कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार ने स्वास्थ्य योजना शुरू की है, जो आम नागरिकों को बीमार होने पर दस लाख तक मुफ्त स्वास्थ्य लाभ देती है।



## डॉ. रमेश बने रहेंगे मेडिकल कॉलेज हमीरपुर के प्रिंसिपल

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** हमीरपुर स्थित राधा कृष्ण मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर रमेश भारती को एक बार फिर एक्सटेंशन मिल गई है। वे इस कॉलेज के प्रिंसिपल के रूप में बने रहेंगे। उन्हें पहली अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक इस पद पर बने रहने के लिए सरकार ने मोहर लगा दी है।



Government of Himachal Pradesh
Department of Medical Education & Research
File No.: HFW-B-B/1/2024-Health-loose Dated:Shimla-2, the —03/2026
NOTIFICATION
The Governor, Himachal Pradesh, in exercise of the powers conferred by Finance (Regulations) Department Office Memorandum No. Fin(C)-B(7)-13/2009, dated 10th November, 2023 and its subsequent amendments from time to time and all other powers enabling him in this behalf is pleased to order further extension in re-employment period of Dr. Ramesh Bharti, Principal Dr. Radhakrishnan Government Medical College Hamirpur, District Hamirpur for the period of one year w.e.f 01-04-2026 to 31-03-2027 or till the post is filled up by regular channel whichever is earlier, in the public interest, on the terms and conditions as mentioned vide Finance (Regulation) department office Memorandum No. Fin(C)-B(7)-13/2009, dated 10th November, 2023 and its subsequent amendments.
By Order
Secretary (Health) to the Government of Himachal Pradesh
Endst. No.: As above Dated: Shimla-2, the 2-03-2026

◆ **एक साल की फिर मिली एक्सटेंशन**

स्वास्थ्य सचिव के हवाले से जारी अधिसूचना में कहा गया कि रेगुलर प्रिंसिपल के की नियुक्ति तक या फिर 31 मार्च 2022 तक के लिए उनकी सेवाएं ली जाएगी किसका आधार पब्लिक इंटरेस्ट बना बताया गया है। याद रहे भारती को तीसरी मर्तबा एक्सटेंशन मिली है। इसकी चर्चा भी हुई है। हिमाचल मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन पहले भी इस तरह की एक्सटेंशन पर अपनी नाराजगी जताती रही है। सिलसिला लगातार जारी है यह केवल स्वास्थ्य विभाग की बात नहीं है। अन्य विभागों में भी कई वरिष्ठ अधिकारियों को बार–बार एक्सटेंशन मिलती रहीं हैं, लेकिन इतना जरूर है कि मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल को फिर से मिली एक्सटेंशन बहुतों को चौंकाने वाली जरूर दिखती है। हालांकि मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. रमेश भारती से जब इस एक्सटेंशन के बारे में पूछा गया तो उनका कहना था कि अभी उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। अगर ऐसा हुआ है तो जैसे ही सूचना मिलेगी, मीडिया से भी शेयर की जाएगी। शनिवार को सर्किट हाउस में कांग्रेस नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा की भी प्रेस कॉन्फ्रेंस थी। जब उनसे यह सवाल किया गया था कि वे इस तरह की एक्सटेंशंस को किस नजरिए से देखते हैं, तो उनका कहना था कि व्यक्तिगत रूप में वे इस तरह की एक्सटेंशंस के खिलाफ रहे हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए, लेकिन ठीक है मिल रही है तो कोई कारण रहा होगा।

## जनता के मुद्दे उठाने पर परिवार को निशाना बनाया : आशीष शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** भाजपा विधायक आशीष शर्मा ने विधानसभा बजट सत्र में पुलिस एवं सुरक्षा संगठन को आवंटित बजट पर सवाल उठाते हुए सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि पुलिस को केवल 3.3 प्रतिशत बजट मिला है, जो अन्य राज्यों की तुलना में बहुत कम है, और इसमें वृद्धि आवश्यक है। शर्मा ने मेडिकल कॉलेज कैंपस के शिफ्टिंग में देरी, युद्ध स्मारक का अधर में लटका होना, सड़कों और पुल निर्माण की धीमी गति और रोजगार संबंधी मुद्दे भी उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके और उनके परिवार पर जनहित के मुद्दे उठाने के बाद मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं। खनन मामलों में सरकार और पुलिस की रिपोर्ट में विरोधाभास उजागर करते हुए उन्होंने सवाल उठाया कि वर्ष 2022–23 में स्टोन क्रशर से अधिक खनन दिखाने पर रॉयल्टी नोटिस क्यों नहीं जारी किया गया। उन्होंने चेताया कि पुलिस अधिकारियों को जनता और विधानसभा में उनके अधिकार का ध्यान रखना चाहिए।

## टीजीटी मेडिकल का फाइनल परिणाम घोषित 166 उम्मीदवारों का चयन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग (एचपीआरसीए) ने प्रारंभिक शिक्षा विभाग में टीजीटी (मेडिकल) के पदों को भरने के लिए पोस्ट कोड–25003 के तहत आयोजित कंप्यूटर आधारित परीक्षा में सफल हुए उम्मीदवारों के दस्तावेजों की जांच के बाद अंतिम परिणाम घोषित कर दिया है। आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि इन पदों के लिए कुल 12,866 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था, जिनमें से 11,065 उम्मीदवारों ने कंप्यूटर आधारित परीक्षा दी थी और इस परीक्षा में 502 उम्मीदवारों का चयन दस्तावेजों की जांच के लिए किया गया था। 2 से 7 मार्च तक इन दस्तावेजों की जांच के बाद 166 उम्मीदवारों का चयन किया गया है। सचिव ने बताया कि यह अंतिम परिणाम सभी उम्मीदवारों के नाम, रोल नंबर और अंकों सहित आयोग की वेबसाइट एचपीआरसीए.एचपी.जीओवी.इन पर उपलब्ध करवा दिया गया है।

## कोटलू गांव की डॉ. शिखा यंग साइंटिस्ट अवॉर्ड से सम्मानित



**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र के गारली (कोटलू) गांव की डॉ. शिखा शर्मा बेटी मनोज शर्मा को 'यंग साइंटिस्ट अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। यह उपलब्धि समस्त क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। शिखा का कहना है कि कठिन परिश्रम से मंजिल को पाना बहुत आसान हो जाता है, हमें मेहनत अपने लक्ष्य को निर्धारित करके करनी चाहिए, तभी सफल आपके नजदीक आ सकती है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल, कांग्रेस नेता सुभाष ढटवलिया, ई राजेश बन्याल डायरेक्टर हिमुंडा, यशवीर सिंह पटयाल मंडल अध्यक्ष ढटवाल ने शिखा की इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

## सुजानपुर में खाद्य सुरक्षा विभाग ने व्यापारियों को किया जागरूक

अनंत ज्ञान

◆ **लाइसेंस रजिस्ट्रेशन एवं नवीकरण की दी जानकारी**

**सुजानपुर।** जिला खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सुजानपुर में व्यापारियों के साथ बैठक आयोजित कर लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन और नवीकरण संबंधी नए नियमों की जानकारी दी। इस दौरान असिस्टेंट कमिश्नर महेश कश्यप और डॉ. अभिषेक ठाकुर ने बताया कि 1 अप्रैल 2026 से लाइसेंस प्रणाली में बदलाव किया गया है।

अब लाइसेंस व्यापारी की वार्षिक टर्नओवर के आधार पर बनाया जाएगा और व्यापारी अपनी सुविधा अनुसार अवधि चुन सकेंगे, जिसके लिए अग्रिम शुल्क जमा करना होगा। अधिकारियों ने बताया कि व्यापारियों और उनके कर्मचारियों को हर छह महीने में मेडिकल जांच करवाना अनिवार्य होगा। लाइसेंस समाप्त होने से पहले नवीकरण कराना जरूरी है, अन्यथा देरी होने पर तीन गुना पेनल्टी देनी होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि लाइसेंस प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है, जिसे लोक मित्र केंद्रों के माध्यम से भी कराया जा सकता है। टीम ने होली मेला ग्राउंड में खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की जांच कर नियमों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और स्वच्छता बनाए रखने की अपील की।

## प्रेस क्लब हमीरपुर को मिलेगा अपना भवन

अनंत ज्ञान

◆ **पुराने एसडीएम परिसर में भूमि आवंटित**

◆ **प्रेस क्लब सदस्यों ने सीएम सुक्खू का जताया आभार**

**हमीरपुर।** प्रेस क्लब हमीरपुर को लंबे समय से अपने भवन के लिए भूमि की प्रतीक्षा थी, जिसे मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पूरा कर दिया है। शहर के बीचों–बीच कामगार बोर्ड के पास लगभग 17 मरले भूमि प्रेस क्लब के लिए चिन्हित की गई है। इस उपलब्धि पर प्रेस क्लब ने मुख्यमंत्री और उनके राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू का आभार जताया है। पहले डीएवी स्कूल सलासी के पास भूमि तय की गई थी, लेकिन शहर से दूर होने के कारण इसे उपयुक्त नहीं माना गया। इस पर प्रेस क्लब ने मुख्यमंत्री से पुनर्विचार की मांग की, जिसके बाद जिला प्रशासन को नई जगह तलाशने के निर्देश दिए गए। जिलाधीश गंधर्वा राठौड़ और अतिरिक्त जिलाधीश अभिषेक गर्ग ने नई भूमि को उपयुक्त पाया।

गौरतलब है कि प्रेस क्लब हमीरपुर के भवन के निमार्ण का कार्य पिछले कई वर्षों से नहीं हो पा रहा था क्योंकि पूर्व निर्धारित जमीन शहर से दूर होने के साथ–साथ वहां प्रेस क्लब भवन को बनाया जाना वाजिब नहीं लग रहा था। जिसके लिए प्रेस क्लब हमीरपुर ने मुख्यमंत्री से मिलकर उनके ध्यान में यह बात रखी थी कि शहर के नजदीक जगह मिल जाए तो वह प्रेस क्लब के लिए उचित होगी।

जिला लोक संपर्क अधिकारी अनिल गुलेरिया ने बताया कि प्रेस क्लब के लिए नई भूमि का चयन कर लिया गया है और इस पर आगामी कार्रवाई की जा रही है। प्रेस क्लब अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों ने इसे पत्रकारों के लिए बड़ा तोहफा बताया। उन्होंने कहा कि इससे पत्रकारिता को बढ़ावा मिलेगा और सुविधाएं बेहतर होंगी।

## सेरा, भदरोल व जड़ौत में अव्यवस्था के कारण रसोई गैस के लिए हाहाकार

◆ **बुकिंग के 25 दिन बाद भी लोगों को नहीं मिली गैस**

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन उपमंडल के कई गांवों के लोग रसोई गैस न मिलने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि सेरा क्षेत्र के लोगों को रसोई गैस की बुकिंग किए हुए भी करीब 24–25 दिन हो चुके हैं, लेकिन अभी तक सेरा क्षेत्र में गैस सप्लाई करने वाली गाड़ी नहीं आई है। यही हाल भदरोल, जड़ौत क्षेत्र का है। इस क्षेत्र के लोगों को भी करीब एक महीने से हर बुधवार को आने वाली रसोई गैस की सप्लाई एक महीने से नहीं आई है। सेरा क्षेत्र के दिलराज, अशोक कुमार, बलवंत सिंह, आशुतोष पराशर, सुरेश कुमार, अश्वनी कुमार, मनीष कुमार, अजय पराशर, प्रदीप कुमार, शशि कुमार, अरविंद पराशर, हरिचंद, मोनिका देवी, सुमन कुमारी, रीना देवी तथा भदरोल जड़ौत गांव के ठाकुर बसंत सिंह, मदन लाल, रोमी, देशराज, अमर सिंह आदि का कहना है कि आज भी गैस लेकर गाड़ी वाया कमलाह आई थी जो अव्यवस्था के कारण भदरोल जड़ौत में पहुंचने से पहले गौना में ही खत्म हो गई। पिछले शनिवार को वाया चाध्की आई थी और चौकी में ही सिलेंडर खत्म हो गए। नादौन से मानपुल पखरोल सेरा, झलाण, जंगली किटपल आदि क्षेत्रों के लिए हर बुधवार को गैस की सप्लाई लेकर गाड़ी आती थी, लेकिन पिछले करीब एक महीने से लोग हर बुधवार को खाली सिलेंडर लेकर आते हैं, लेकिन गाड़ी का लंबा इंतजार करने के बाद भी जब गाड़ी नहीं आती है तो लोगों को मायूस होकर खाली सिलेंडर लेकर घर जाना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार व उच्च अधिकारियों से आग्रह किया कि उनके क्षेत्र रसोई गैस की सप्लाई भिजवाई जाए, ताकि उन्हें इस समस्या से निजात मिल सके।

## नन्हे सितारों की चमक : 'जादुई पिटारा' प्रदर्शनी के साथ परिणाम दिवस बना यादगार



प्रधानाचार्य इंजीनियर नैना लखनपाल ने विद्यार्थियों को दी बधाई। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकास नगर हमीरपुर में बाल वाटिका से कक्षा दूसरी तक के 147 विद्यार्थियों के परिणाम बड़े हर्षोल्लास के साथ घोषित किए गए। यह दिन नन्हे बच्चों की सीखने की यात्रा का एक महत्वपूर्ण और गर्वपूर्ण पड़ाव रहा। इस अवसर को और भी खास बनाया विद्यालय के सभागार में आयोजित 'जादुई पिटारा' प्रदर्शनी ने।

शिक्षकों द्वारा बड़े ही सृजनात्मक ढंग से तैयार किए गए इस विशेष शिक्षण किट में बच्चों के लिए रोचक गतिविधियां और नवाचारपूर्ण शिक्षण सामग्री प्रस्तुत की गई, जो उनकी बुनियादी क्षमताओं को मनोरंजक और प्रभावी तरीके से सुदृढ़ करती हैं। प्रदर्शनी ने अनुभवात्मक अधिगम की भावना को जीवंत रूप से प्रदर्शित किया, जिसने अभिभावकों और विद्यार्थियों दोनों को अत्यंत प्रभावित किया। बच्चों के चेहरों पर मुस्कान, सराहना और उपलब्धि की भावना पूरे वातावरण में झलक रही थी। स्कूल प्रधानाचार्य इंजीनियर नैना लखनपाल ने शानदार परीक्षा परिणाम पर सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि, 'हमारा उद्देश्य बच्चों में प्रारंभिक स्तर से ही सीखने के प्रति उत्साह, आत्मविश्वास और रचनात्मकता का विकास करना है, ताकि वे भविष्य में हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें।' मूल्यांकन और रचनात्मकता का यह सुंदर संगम वास्तव में प्रारंभिक शिक्षा की आनंदमयी झलक प्रस्तुत करता है।

**मीटिंग** उपायुक्त ने की कल्याण विभाग की 6 समितियों की बैठकों की अध्यक्षता

# दिव्यांगों के लिए विशेष प्रबंध करने के दिए निर्देश

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने शनिवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की विभिन्न योजनाओं, अभियानों और अधिनियमों से संबंधित छह जिला स्तरीय समितियों की बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए गए।

जिला दिव्यांगता समिति की बैठक में उपायुक्त ने बताया कि जिले में लगभग 5260 दिव्यांगजनों को यूडीआईडी कार्ड प्रदान किए जा चुके हैं और उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी सरकारी भवनों, सार्वजनिक स्थलों, परिवहन सेवाओं, अस्पतालों, कार्यालयों और शौचालयों में दिव्यांगों के लिए आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। साथ ही मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दिव्यांगजनों के लिए दस्तावेज बनवाने के लिए विशेष व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए।



समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करतीं डीसी गंधर्वा राठौड़। अनंत ज्ञान

अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत मामलों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने बताया कि वर्ष 2025–26 के दौरान 26 एफआईआर दर्ज हुई हैं। इनमें से 13 मामलों की जांच जारी है, 3 मामलों में चालान पेश हो चुके हैं और 11 मामलों की कैंसलेशन रिपोर्ट तैयार की जा रही है। उन्होंने पुलिस और अभियोजन विभाग को निर्देश दिए कि ऐसे मामलों में किसी प्रकार की देरी न हो। साथ ही विभिन्न अदालतों में लंबित 28 मामलों की स्थिति पर भी चर्चा की गई। राष्ट्रीय न्यास अधिनियम 1999 के अंतर्गत आयोजित बैठक में बताया गया कि मानसिक विकलांगता, ऑटिज्म, सेरीब्रल पाल्सी और बहु–विकलांगता से ग्रस्त व्यक्तियों के लिए 18 वर्ष की आयु के बाद कानूनी संरक्षक नियुक्त करना आवश्यक है। जिले में अब तक 211 अभिभावकों को कानूनी संरक्षक प्रमाण पत्र जारी किए जा चुके हैं।

नशा मुक्त भारत अभियान 2.0 की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी विभागों को नियमित जागरुकता कार्यक्रम आयोजित करने और उनकी रिपोर्ट जिला कल्याण अधिकारी को भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस अभियान को जन आंदोलन बनाने के लिए पंचायत और उपमंडल स्तर पर समितियों की सक्रियता जरूरी है। इसके अलावा अल्पसंख्यक कल्याण कार्यक्रम और मैला ढोने की कुप्रथा उन्मूलन से संबंधित अधिनियम–2013 की समीक्षा भी की गई। बैठक में विभिन्न अधिकारियों और गैर सरकारी सदस्यों ने भाग लिया।

## राज राजेश्वरी शिक्षा संस्थान में दो दिवसीय खेल स्पर्धा आयोजित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राज राजेश्वरी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसका समन्वयक डीपीई गुलशन ठाकुर रहे। प्रतियोगिता का शुभारंभ 27 मार्च को मुख्य अतिथि, प्रबंधन समिति के चेयरमैन मनजीत सिंह ने किया। पहले दिन क्रिकेट, वॉलीबाल, लांग जंप, नीडल एंड थ्रेड रेस, लेमन एंड स्पून रेस जैसी खेल गतिविधियां आयोजित की गईं। वॉलीबाल में लड़कियों में कामिनी प्रथम, आंचल द्वितीय और वंशिका व ममता तृतीय रही, जबकि लड़कों में नितिन, विकास और प्रेम क्रमशः शीर्ष पर रहे। नीडल एंड थ्रेड रेस में तानिया, दीक्षा और काजल ने पुरस्कार जीते। दूसरे दिन 100 मीटर दौड़, थ्री लेग रेस, शॉट पुट, हाई जंप, बैडमिंटन, डिस्कस थ्रो, रस्साकसी और म्यूज़िकल चेयर जैसी प्रतियोगिताएं करवाई गईं। प्रतियोगिता का समापन समारोह कॉलेज प्रबंधन की अध्यक्ष अरविंद्र कौर रानी ने किया। इस अवसर पर चेयरमैन मनजीत सिंह, सचिव कुलबीर सिंह आदि मौजूद रहे।

आयुष विभाग की ओर से बल्याह में आयुष ग्राम कार्यक्रम आयोजित

# 500 औषधीय पौधे किए वितरित




आयुष ग्राम कार्यक्रम में कांग्रेस नेता सुभाष ढटवलिया ने की बतौर मुख्य अतिथि शिरकत। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

◆ **स्वास्थ्य शिविर में की 210 लोगों के स्वास्थ्य की जांच**

**एसके ठाकुर, बड़सर।** विधानसभा बड़सर की बल्याह पंचायत के घुमारवीं गांव में आयुष विभाग की ओर से आयोजित आयुष ग्राम कार्यक्रम में कांग्रेस नेता सुभाष ढटवलिया ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

आयुष विभाग की ओर से निशुल्क जांच शिविर लगाया व निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। इसके साथ औषधीय पौधों का भी वितरण किया गया। शिविर में 210 लोगों की जांच की गई व 500 औषधीय पौधों का वितरण किया गया। सुभाष ढटवलिया ने अपने संबोधन में कहा कि लोगों को आयुर्वेद पद्धति को अपनाना चाहिए, ताकि आम जनमानस लंबे समय तक अपने स्वास्थ्य में सुधार कर सके। शिविर को आयुष विभाग के जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर राजेश कालिया एवं उपमंडलीय अधिकारी डॉक्टर आदेश गोयल ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर बलवीर जसवाल, पवन शर्मा, विशाल राणा, किशोरी कलसी, पूर्व प्रधान कैप्टन सोमदत्त शर्मा, मदन शास्त्री, कर्म चंद, प्रधान महिला मंडल वीना शर्मा, विकास शर्मा, केवल कृष्ण शर्मा आदि मौजूद रहे।

# तीसा में पीडब्ल्यूडी का नया दफ्तर तैयार, उद्घाटन पट्टिका के बिना ठप

अनंत ज्ञान



**तीसा।** विकास कार्यों की रफ्तार पर सवाल खड़े करते हुए एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंडल तीसा का नया भवन पूरी तरह बनकर तैयार है, लेकिन औपचारिक उद्घाटन के अभाव में अब तक उपयोग में नहीं लाया जा सका है। वजह? सिर्फ एक उद्घाटन पट्टिका का इंतजार।

करोड़ों रुपए की लागत से निर्मित यह आधुनिक भवन महीनों से खाली पड़ा है। जहां एक ओर सरकार विकास के दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर तैयार ढांचा महज औपचारिकताओं की भेंट चढ़ा नजर आ रहा है।

अनंत ज्ञान मुद्दा

स्थानीय लोगों में इस स्थिति को लेकर गहरी नाराजगी है। उनका कहना है कि जब भवन निर्माण समय पर पूरा हो चुका है, तो जनता और विभाग के हित में इसे तुरंत शुरू क्यों नहीं किया जा रहा। खाली पड़े भवन से न केवल सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है, बल्कि विभागीय कामकाज भी प्रभावित हो रहा है।

सूत्रों के अनुसार, उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक स्तर पर अभी तक अंतिम निर्णय नहीं हो पाया है, जिसके चलते यह स्थिति बनी हुई है। हालांकि, अधिकारी इस पर खुलकर कुछ कहने से बच रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि औपचारिकताओं को दरकिनार कर तुरंत भवन को उपयोग में लाया जाए, ताकि विकास कार्यों में तेजी लाई जा सके। अब बड़ा सवाल यही है कि आखिर कब तक यह तैयार भवन उद्घाटन के इंतजार में यूं ही खामोश खड़ा रहेगा?

# बैसाखी पर खुलेंगे कुगती स्थित कार्तिक स्वामी मंदिर के कपाट

## श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए चौरासी व्यापार मंडल ने प्रशासन से मांगी पुख्ता व्यवस्थाएं

अनंत ज्ञान

**ओपी शर्मा, भरमौर।** आस्था, श्रद्धा और सनातन परंपरा के प्रतीक सुप्रसिद्ध प्राचीन ऐतिहासिक कार्तिक स्वामी मंदिर कुगती के कपाट बैसाखी की सक्रांति पर्व पर खुलने जा रहे हैं। इस पावन अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए पहुंचने की संभावना को देखते हुए चौरासी व्यापार मंडल भरमौर ने कपाट खुलने से पूर्व श्रद्धालुओं की सुविधा और सुचारू व्यवस्थाओं को लेकर कार्यवाहक अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी भरमौर को एक मांगपत्र सौंपा है।

मंडल ने मांगपत्र में कहा कि कार्तिक स्वामी मंदिर कुगती क्षेत्र की धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां कपाट खुलने के अवसर पर दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।



चौरासी व्यापार मंडल के सदस्य मांगपत्र सौंपते हुए। अनंत ज्ञान

ऐसे में प्रशासन द्वारा समय रहते सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि श्रद्धालुओं की आस्था के इस महापर्व में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

व्यापार मंडल ने प्रशासन से पार्किंग स्थलों का उचित चिन्हांकन, मंदिर मार्ग पर स्पष्ट दिशा-निर्देश बोर्ड, रास्ते में पर्याप्त रोशनी, स्वच्छ पेयजल, तथा बढ़ती भीड़ को देखते हुए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की मांग की है। इसके अलावा मंदिर परिसर में शौचालयों की नियमित सफाई, स्वच्छता व्यवस्था, बिजली आपूर्ति सुचारू रखने तथा संपूर्ण व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए नायब तहसीलदार स्तर के अधिकारी की नियुक्ति की मांग भी उठाई गई।

चौरासी व्यापार मंडल ने प्रशासन से आग्रह किया है कि संबंधित विभागों को शीघ्र दिशा-निर्देश जारी कर सभी इंतजाम समय रहते पूरे किए जाएं, ताकि भगवान कार्तिक स्वामी के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को एक पवित्र, सुरक्षित और सुगम वातावरण मिल सके।

इस अवसर पर व्यापार मंडल के प्रधान रंजीत शर्मा, महासचिव महिंद्र पटियाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आजाद जरियाल, तिलक शर्मा, पवन पटियाल, प्रेस सचिव प्यार शर्मा, वरिष्ठ सदस्य मिलाप पटियाल, जोन प्रभारी अभिलाष पटियाल, राजू शर्मा, महिंद्र शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# विधायक जनकाराज ने विधानसभा में उठाया जनजातीय अधिकारों का मुद्दा

अनंत ज्ञान

◆ गद्दी समुदाय की उपजातियों के समावेश पर सरकार से मांगा जवाब

**ओपी शर्मा, भरमौर।** भरमौर-पांगी के विधायक डॉ. जनकराज ने हिमाचल प्रदेश विधानसभा में जनजातीय अधिकारों से जुड़ा एक महत्वपूर्ण मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित किया कि अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा मिलने के बावजूद गद्दी समुदाय की छह उपजातियों का स्पष्ट समावेश अब तक लंबित है। साथ ही राजस्व अभिलेखों में 'गद्दी' शब्द का स्पष्ट उल्लेख न होने के कारण कई पात्र परिवार अपने अधिकारों से वंचित रह रहे हैं।



विधानसभा में जनजातीय मंत्री से सवाल करते हुए उन्होंने पूछा कि जब ये उपजातियां सामाजिक, सांस्कृतिक और पारंपरिक रूप से गद्दी समुदाय का हिस्सा हैं, तो इन्हें अब तक पूर्ण लाभ क्यों नहीं दिया गया। उन्होंने यह भी बताया कि रिकॉर्ड में अस्पष्टता के कारण लोगों को प्रमाण पत्र, सरकारी योजनाओं और आरक्षण का लाभ लेने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

सरकार की ओर से जवाब में कहा गया कि जनजातीय आदेश संशोधन अधिनियम, 2002 के तहत कुछ शर्तें समाप्त की जा चुकी हैं, लेकिन उपजातियों के अंतिम समावेश का निर्णय केंद्र सरकार ही ले सकती है। राज्य सरकार इस विषय को केंद्र के समक्ष उठाकर निर्देश मिलने के बाद ही आवश्यक संशोधन कर सकती है। भरमौर क्षेत्र की 25 से अधिक पंचायतें आज भी पूर्ण जनजातीय लाभ से वंचित हैं। ऐसे में स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि इस मुद्दे का जल्द समाधान होगा और उन्हें उनके संवैधानिक अधिकार मिल सकेंगे।

# काव्या शर्मा और दिव्यांशी बास्केटबॉल स्पर्धा के लिए चयनित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** प्रदेश के एकमात्र गर्ल्स बास्केटबॉल स्पोर्ट्स हॉस्टल ने एक नई उपलब्धि हासिल की है। हॉस्टल की दो छात्राएं, काव्या शर्मा और दिव्यांशी, 13 से 22 जून सर्बिया में आयोजित होने वाली वर्ल्ड स्कूल बास्केटबॉल चैंपियनशिप के लिए चयनित हुई हैं। कोच और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी राकेश ठाकुर ने बताया कि छात्राओं का चयन स्कूल नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर किया गया। अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अब इनका कोचिंग ट्रायल 22 अप्रैल से रांची, झारखंड में होगा, जिसमें देशभर की 26 अन्य खिलाड़ी छात्राएं भाग लेंगी। चयनित छात्राओं की सफलता पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, प्रदेश बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष मनीष शर्मा, विधायक चंद्रशेखर और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने खुशी जताई और उनके बेहतर प्रदर्शन की कामना की। कोच राकेश ठाकुर ने कहा कि स्पोर्ट्स हॉस्टल के अन्य खिलाड़ी भी भविष्य में प्रदेश और देश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर ऊंचा करेंगे।

# चंबा-कांगड़ा के पशुपालकों के उत्थान के लिए विश्व बैंक और जापान सरकार के साथ 27.3 करोड़ की परियोजना

अनंत ज्ञान

◆ डॉ. मुंशी कपूर की दूरदर्शिता, गद्दी समाज के विकास में नई दिशा

◆ राष्ट्रीय पशुधन मिशन के तहत 30 करोड़ की योजनाओं से आर्थिक सशक्तिकरण

**राहुल सहगल, चंबा।** हिमाचल प्रदेश के चंबा और कांगड़ा जिलों के जनजातीय एवं पशुपालक (गद्दी) समुदाय के विकास के लिए हाल ही में हुई दो महत्वपूर्ण बैठकों ने नई उम्मीदें जगाई हैं। इन बैठकों में करोड़ों रुपये की योजनाओं पर चर्चा कर क्षेत्र के पशुपालकों के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में ठोस कदम उठाए गए।

नई दिल्ली के लोधी एन्क्लेव में आयोजित बैठक में विश्व बैंक के साथ लगभग 27.3 करोड़ रुपए की तीन वर्षीय परियोजना पर विचार-विमर्श किया गया। इस परियोजना को जापान सरकार का सहयोग प्राप्त होगा और इसका मुख्य उद्देश्य चंबा और कांगड़ा के गद्दी एवं अन्य पशुपालक समुदायों को सशक्त बनाना है।

दूसरी ओर, भारत सरकार के पशुपालन एवं मत्स्य पालन मंत्रालय में आयोजित बैठक में वर्ष 2026-27 के लिए राष्ट्रीय पशुधन मिशन के अंतर्गत लगभग 30 करोड़ रुपये की परियोजनाओं पर चर्चा की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में संयुक्त आयुक्त डॉ. विक्रम सिंह वशिष्ठ भी उपस्थित रहे।

इन पहलों के केंद्र में डॉ. मुंशी कपूर की दूरदर्शिता और समर्पण साफ दिखाई देता है। गद्दी समुदाय से संबंध रखने वाले डॉ. कपूर हमेशा से अपने समाज के लिए कुछ विशेष करने की सोच रखते रहे हैं। इससे पहले उन्होंने पहल योजना को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसका उल्लेख हाल ही में वर्ष 2026-27 के बजट सत्र में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा किया गया। यह योजना लगभग 300 करोड़ रुपये की है, जो पशुपालकों व ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है।



डॉ. मुंशी कपूर ने चंबा क्षेत्र में भी अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं दी हैं और वर्तमान में वे पशुपालन विभाग में उपनिदेशक के रूप में शिमला में कार्यरत हैं। अपने अनुभव और जमीनी समझ के चलते वे लगातार ऐसी योजनाओं को आगे बढ़ा रहे हैं, जो सीधे तौर पर गद्दी समुदाय और पशुपालकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकें।

बैठकों में पशुपालकों की आय बढ़ाने, आधुनिक तकनीकों को अपनाने, पशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और बाजार तक पहुंच को बेहतर बनाने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

इन योजनाओं और प्रयासों से हिमाचल प्रदेश के दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले गद्दी समुदाय को नई दिशा और मजबूती मिलने की उम्मीद है, जिससे उनका पारंपरिक पशुपालन व्यवसाय और अधिक सशक्त बन सकेगा।

# चंबा नगर परिषद चुनाव में विशाल बने चर्चा का केंद्र

**अनंत ज्ञान, चंबा।** नगर परिषद चुनावों के लिए रोस्टर जारी होते ही चंबा में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। विभिन्न वार्डों में संभावित प्रत्याशियों ने कमर कस ली है और चुनावी माहौल पूरी तरह गर्माता नजर आ रहा है। कायस्थ मोहल्ला धड़ोग, चंबा से संबंध रखने वाले विशाल कायस्थ इस समय स्थानीय राजनीति में चर्चा का प्रमुख केंद्र बने हुए हैं। मजबूत पकड़ रखने वाले विषाल कायस्थ को एक प्रभावशाली और सक्रिय चेहरा माना जाता है। राजनीतिक गलियारों में उन्हें पूर्व भाजपा विधायक पवन नैय्यर का करीबी भी बताया जा रहा है, जिससे उनकी दावेदारी और मजबूत मानी जा रही है।

रोस्टर जारी होने के बाद संभावित प्रत्याशियों ने अपनी रणनीतियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। इस बार चुनावी मुकाबला दिलचस्प और कड़ा होने की संभावना जताई जा रही है, क्योंकि कई नए चेहरे भी मैदान में उतरने की तैयारी में हैं। फिलहाल चंबा में केवल नगर परिषद का ही रोस्टर जारी हुआ है, लेकिन इसके साथ ही सियासी हलचल तेज हो गई है। आने वाले दिनों में प्रत्याशियों की औपचारिक घोषणा और प्रचार अभियान के साथ चुनावी माहौल और गरमाने की उम्मीद है। स्थानीय जनता इस बार विकास कार्यों, पारदर्शिता और मजबूत नेतृत्व को प्राथमिकता देती नजर आ रही है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि चंबा नगर परिषद की इस चुनावी जंग में आखिर किसे जनता का समर्थन मिलता है।

# कन्हेलू प्राथमिक स्कूल शौचालय विहीन

## स्टाफ को बच्चों के शौचालय का करना पड़ रहा उपयोग

अनंत ज्ञान

**देशराज कश्यप, धरवाला।** शिक्षा खंड गैहरा के अंतर्गत आने वाली राजकीय प्राथमिक पाठशाला कन्हेलू आज भी बुनियादी सुविधाओं के अभाव से जूझ रही है। विद्यालय में प्री-प्राइमरी से लेकर कक्षा पांचवीं तक कुल 31 छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, लेकिन विडंबना यह है कि यहां स्टाफ के लिए अलग शौचालय तक उपलब्ध नहीं है।




शौचालय विहीन कन्हेलू प्राथमिक स्कूल। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान मुद्दा

विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्षा सत्या देवी ने बताया कि शौचालय की अनुपलब्धता के कारण शिक्षकों और अन्य स्टाफ को मजबूरन बच्चों के शौचालय का ही उपयोग करना पड़ रहा है, जिससे न केवल असुविधा हो रही है, बल्कि स्वच्छता और गरिमा से जुड़े गंभीर सवाल भी खड़े हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस समस्या के समाधान के लिए वर्ष 2025 में सभी आवश्यक दस्तावेज उपायुक्त कार्यालय चंबा में जमा करवाए जा चुके हैं, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। मामला प्रशासनिक उदासीनता के चलते ठंडे बस्ते में पड़ा हुआ है। विद्यालय में शौचालय की कमी के चलते न केवल स्टाफ बल्कि छात्र-छात्राओं को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अध्यक्षा सत्या देवी ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द शौचालय निर्माण के लिए धनराशि स्वीकृत की जाए, ताकि इस बुनियादी समस्या का समाधान हो सके और बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके।

स्थानीय लोगों का भी कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो यह बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है।

# बुरांस के फूलों ने चंबा जिले के पहाड़ किए रंगीन, ग्रामीणों को मिली नई आजीविका

अनंत ज्ञान



**चंबा।** बुरांस (रोडोडेंड्रॉन आर्बोरियम) के लाल-लाल फूल इन दिनों चंबा, हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में न सिर्फ प्राकृतिक सौंदर्य को निखार रहे हैं, बल्कि ग्रामीणों के जीवन में आर्थिक समृद्धि भी ला रहे हैं। पहाड़ों पर खिली यह प्राकृतिक नेमत अब स्थानीय लोगों के लिए रोजगार का सशक्त माध्यम बन चुकी है।

ग्रामीण क्षेत्रों में लोग बुरांस के फूलों से जूस, शरबत और अन्य उत्पाद तैयार कर बाजार में बेच रहे हैं। इससे उन्हें अच्छी आमदनी हो रही है और स्वरोजगार के नए रास्ते खुल रहे हैं। खास बात यह है कि इस पहल में महिलाओं और स्वयं सहायता समूहों की भागीदारी बढ़ रही है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन रही हैं।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि पहले ये फूल केवल जंगलों की शोभा तक सीमित थे, लेकिन अब इनके व्यावसायिक उपयोग से उनकी आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। बुरांस से बने उत्पादों की बाजार में बढ़ती मांग ने इस कार्य को और भी लाभकारी बना दिया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार बुरांस के फूलों से बने उत्पाद शरीर के लिए लाभकारी होते हैं, जिससे उपभोक्ताओं में भी इसकी लोकप्रियता बढ़ रही है। इस संभावनाशील क्षेत्र को देखते हुए प्रशासन और संबंधित विभाग भी ग्रामीणों को प्रशिक्षण और सहयोग प्रदान कर रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक लोग इससे जुड़ सकें।

चंबा के पहाड़ी इलाकों में बुरांस के फूल आज एक नए बदलाव की कहानी लिख रहे हैं—जहां प्रकृति की खूबसूरती अब लोगों के जीवन में खुशहाली और रोजगार दोनों लेकर आ रही है।

# पंजाब मॉडल सफल मगर हिमाचल में कांग्रेस की गारंटियां छलावा : अटवाल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा।** चंबा में आम आदमी पार्टी के जिला संयोजक अजय अटवाल ने पंजाब और हिमाचल प्रदेश की सरकारों की कार्यशैली की तुलना करते हुए कांग्रेस पर तीखा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भगवंत मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार ने कुछ ही वर्षों में अपनी चुनावी गारंटियों को जमीन पर उतारकर एक नया उदाहरण पेश किया है, जबकि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार की गारंटियां केवल कागजों तक सीमित रह गई हैं।



अटवाल ने कहा कि पंजाब में 'काम की राजनीति' के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने बताया कि राज्य में हर घर को 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली, किसानों को दिन में निर्बाध बिजली, 65 हजार से अधिक सरकारी नौकरियां और ₹10 लाख तक मुफ्त इलाज जैसी योजनाएं लागू की गई हैं। साथ ही महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा और अप्रैल 2026 से ₹1000 मासिक सहायता योजना भी शुरू की जा रही है। शिक्षा क्षेत्र में 'स्कूल ऑफ एमिनेंस' और स्मार्ट स्कूलों के जरिए बड़े सुधार किए गए हैं। शिक्षकों को विदेशों में प्रशिक्षण देने से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार देखने को मिला है। उन्होंने कानून व्यवस्था और सुशासन पर भी जोर देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा बल के गठन, टोल प्लाजा बंद करने और 'युद्ध नशे विरुद्ध' अभियान के तहत नशा माफिया पर सख्त कार्रवाई की गई है। वहीं हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए अटवाल ने आरोप लगाया कि सरकार कर्ज के बोझ तले दबती जा रही है और विकास कार्य ठप हैं। उन्होंने कहा कि जनता अब विकल्प की तलाश में है और आने वाले समय में आम आदमी पार्टी एक मजबूत विकल्प बनकर उभरेगी।

# देहरोग में 107 लोगों का जांचा स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, चंबा।** आयुष विभाग की मोबाइल मेडिकल यूनिट ने उपमंडल भजराडू की ग्राम पंचायत टिकरीगढ़ के गांव देहरोग में एक दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को घर के नजदीक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना रहा। जिला आयुष अधिकारी डॉ. शरद त्रिवेदी के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में 107 लोगों की जांच की गई। इसमें 31 शुगर, 6 हीमोग्लोबिन तथा कई लोगों के रक्तचाप की जांच हुई। मरीजों को नि:शुल्क दवाइयां और स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया गया। साथ ही योग को दिनचर्या में अपनाने के लिए प्रेरित कर योगाभ्यास भी करवाया गया। आयुर्वेदिक जागरूकता सामग्री भी वितरित की गई।

अनंत Classifieds

**NOTICE**

It is to inform you all that Environment Clearance is granted to Project "Exraction of Sand Stone & Bajri to Maha Laxmi Stone Crusher Khasra No 498/1 falling in Mohal jassai, Tehsil-Nadaun, Distt. Hamirpur, HP, 90,000 TPA over 4-42-27 Hectare vide HPSEIAA/2022/967 EC23B001HP161274 for 5 years or upto the date of valid mining plan whichever is earlier.

**अदालती नोटिस**

**व अदालत नायव-तहसीलदार एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0।**
मुकदमा न. - 17/NT/26
तारीख पेशीः- 17.04.2026
परस राम पुत्र लखनारा राम निवासी गांव व डा. जिया, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र.।
**आम जनता**
**प्रार्थना पत्र वराये जन्म पंजीकरण**
परस राम पुत्र लखनारा राम निवासी गांव व डा. जिया, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र.ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि उनकी दादी कमली देवी पत्नी चेत राम की मृत्यु दिनांक 10.03.1972 को ग्राम पंचायत जिया में हुई है, लेकिन सम्वन्धित ग्राम पंचायत जिया /नगर निगम पालमपुर में मृत्यु पंजीकरण अभिलेख में दर्ज न है।
अतः सर्व साधारण को इस इतलाह वजरिया अखवारी ईश्तहार द्वारा करवाई जा रही है। यदि किसी को इस मुकद्मा वारे कोई उज्र / एतराज है तो वह असालतन या वकालतन अधोहस्ताक्षरी की अदालत में दिनांक 17.04.2026 हाजिर होकर अपना पक्ष रख सकता है। गैर हाजरी की सूरत में प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाएगा।
आज दिनांक 23.03.2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।
**कार्यकारी दण्डाधिकारी पालमपुर।**

**अदालती नोटिस**

**व अदालत नायव-तहसीलदार एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पालमपुर जिला काँगड़ा हि0प्र0।**
मुकदमा न. - 19/NT/26
तारीख पेशीः- 30.03.2026
सफारी राम पुत्र हरी राम पुत्र रथ निवासी गोपालपुर, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र.।
**आम जनता**
**प्रार्थना पत्र वराये जन्म पंजीकरण-** सफारी राम पुत्र हरी राम पुत्र रथ निवासी गोपालपुर,, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र.ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि उनके चाचा हीरु पुत्र रथ की मृत्यू दिनांक 04.07.1990 को ग्राम पंचायत गोपालपुर में हुई है, लेकिन सम्वन्धित ग्राम पंचायत गोपालपुर /नगर निगम पालमपुर में मृत्यू पंजीकरण अभिलेख में दर्ज न है।
अतः सर्व साधारण को इस इतलाह वजरिया अखवारी ईश्तहार द्वारा करवाई जा रही है। यदि किसी को इस मुकद्मा वारे कोई उज्र / एतराज है तो वह असालतन या वकालतन अधोहस्ताक्षरी की अदालत में दिनांक 30.03.2026 हाजिर होकर अपना पक्ष रख सकता है। गैर हाजरी की सूरत में प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाएगा।
आज दिनांक 23.03.2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।
**कार्यकारी दाण्डाधिकारी पालमपुर।**

**अदालती नोटिस**

**व अदालत नायव-तहसीलदार एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पालमपुर जिला काँगड़ा हि0प्र0।**
मुकदमा न. - 18/NT/26
तारीख पेशीः- 17.04.2026
सुमन लत्ता पुत्री ख्याली राम निवासी गांव गदियाड़ा, डा. रानी सिद्धपुर, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र.।
**आम जनता**
**प्रार्थना पत्र वराये जन्म पंजीकरण-** सुमन लत्ता पुत्री ख्याली राम निवासी गांव गदियाड़ा, डा. रानी सिद्धपुर तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र.ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि उनका जन्म दिनांक 01.01.1974 को गांव गदियाड़ा, डा. रानी सिद्धपुर में हुई है, लेकिन सम्वन्धित ग्राम पंचायत /नगर निगम पालमपुर में मृत्यू पंजीकरण अभिलेख में दर्ज न है।
अतः सर्व साधारण को इस इतलाह वजरिया अखवारी ईश्तहार द्वारा करवाई जा रही है। यदि किसी को इस मुकद्मा वारे कोई उज्र / एतराज है तो वह असालतन या वकालतन अधोहस्ताक्षरी की अदालत में दिनांक 17.04.2026 हाजिर होकर अपना पक्ष रख सकता है। गैर हाजरी की सूरत में प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाएगा।
आज दिनांक 23.03.2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।
**कार्यकारी दण्डाधिकारी पालमपुर।**

**व अदालत साजन बग्गा तहसीलदार एंव सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी पालमपुर जिला कांगड़ा हि0 प्र0**
मुकदमा न0 709965/26
किस्म मुकदमा दरूस्ती
तारीख पेशी-02.04.2026
**नेगी राम बनाम आम जनता**
**नोटिस बनामः-** नेगी राम पुत्र स्व0 घेसू निवासी महाल धरेड़, मौजा कण्डी तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि0 प्र0।
**बनाम आम जनता**
**अखबारी ईश्तहार-** उपरोक्त मुकदमा इस न्यायालय में विचाराधीन हैं। इसमें प्रार्थी ने अपने नाम की दरूस्ती हेतू प्रार्थना पत्र पेश किया है। प्रार्थना पत्र में प्रार्थी ने व्यक्त किया है कि उसका नाम महाल धरेड़ के राजस्व अभिलेख में गलती से डुमणू पुत्र स्व0 घेसू दर्ज हो गया है, जबकि अन्य दस्तावेजों में उसका सही नाम नेगी राम पुत्र स्व0 घेसू है। अतः अखबारी ईश्तहार द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी का सही नाम नेगी राम पुत्र स्व0 घेसू है। अतः इस वारे किसी को कोई भी उजर या ऐतराज हो तो वह दिनांक 02.04.2026 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में असालतन या वकालतन हाजिर होकर पेश कर सकता है। गैर हाजिरी की सूरत में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।
आज दिनांक 25/03/2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हुआ।
**साजन बग्गा**
**सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी पालमपुर।**

# 108 एंबुलेंस बनी वरदान, जच्चा और बच्चा स्वस्थ

**अनंत ज्ञान, चुराह।** चुराह उपमंडल के टटरोग गांव की रहने वाली चमीना के लिए 108 एंबुलेंस सेवा उस समय जीवनरक्षक साबित हुई, जब प्रसव पीड़ा के दौरान रास्ते में ही सुरक्षित डिलीवरी करवाई गई। जानकारी के अनुसार, चमीना को प्रसव पीड़ा होने पर अस्पताल ले जाया जा रहा था। इसी दौरान चंबा-तीसा मुख्य मार्ग पर चिल्ली के समीप महिला की स्थिति गंभीर हो गई, लेकिन एंबुलेंस स्टाफ ने तत्परता और अनुभव का परिचय देते हुए बीच रास्ते में ही प्रसव करवाया। इस मौके पर ईएमटी रमेश कुमार और पायलट गुलाम हुसैन ने सूझबूझ, तेज़ निर्णय क्षमता और मानवीय संवेदनशीलता के साथ महिला की सफल डिलीवरी करवाई। प्रसव में चमीना ने एक स्वस्थ लड़के को जन्म दिया। इसके बाद जच्चा और शिशु दोनों को तुरंत सिविल अस्पताल तीसा पहुंचाया गया, जहां उन्हें आवश्यक उपचार दिया गया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार दोनों की हालत में निरंतर सुधार हो रहा है।

# 3 माह में 1383 राजस्व मामलों का निपटारा

## विशेष राजस्व लोक अदालत के संबंध में प्रगति समीक्षा बैठक आयोजित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा।** उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा राजस्व संबंधी लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन के लिए जनवरी 2026 से मार्च 2026 तक तहसील एवं उप-तहसील स्तर पर विशेष राजस्व लोक अदालतों का आयोजन किया गया। इस अवधि के दौरान चंबा जिले में कुल 1383 राजस्व मामलों का सफल निपटारा किया गया।

उपायुक्त राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में आयोजित जिला स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे, जिसमें विशेष राजस्व लोक अदालतों के माध्यम से विभिन्न राजस्व मामलों के समाधान की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में विभिन्न उपमंडलों से उपमंडलाधिकारी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार वर्चुअल माध्यम से जुड़े। उपायुक्त ने अवगत करवाया कि जनवरी से मार्च 2026 की अवधि में 366 तक्सीम, 570 सीमांकन एवं 447 राजस्व अभिलेख दुरुस्ती मामलों सहित कुल 1383 राजस्व मामलों का समाधान सुनिश्चित किया गया है।




उपायुक्त मुकेश रेपसवाल बैठक की अध्यक्षता करते हुए। अनंत ज्ञान

उपायुक्त ने कहा कि यह मुहिम जिले में निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को निर्देश दिए कि वे सप्ताह में 1-2 दिन विशेष राजस्व लोक अदालत का आयोजन कर लंबित मामलों, विशेषकर एक वर्ष से अधिक समय से लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा सुनिश्चित करें। उन्होंने उपमंडलाधिकारियों को भी लंबित राजस्व मामलों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने तहसील एवं उप-तहसील स्तर पर कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को पूर्ण किए गए मामलों को आरएमएस पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने पुराने पंजीकृत दस्तावेजों की स्कैनिंग, लघु सिंचाई जनगणना, जल निकायों की द्वितीय जनगणना, स्वामित्व योजना तथा जमाबंदी दौर से संबंधित कार्यों को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उपायुक्त ने राजस्व अधिकारियों के कार्यों की सराहना करते हुए आगामी सप्ताह के लिए लक्ष्य भी निर्धारित किए। इस अवसर पर बैठक का संचालन अतिरिक्त उपायुक्त अमित मैहरा द्वारा किया गया।

**अदालती नोटिस**

**व अदालत नायव-तहसीलदार एंव सहायक समाहर्त द्वितीय श्रेणी पालमपुर जिला काँगड़ा हि0प्र0।**
किस्म मुकदमा नाम दरुस्ती
मुकदमा न.
तारीख पेशी 09.04.2026
उत्तम चन्द पुत्र पुत्र परमा नन्द निवासी मतेहड़, मौजा वूनरी, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र.
**वनाम आम जनता**
**विषयः- मुकदमा नाम दरुस्ती में आम जनता को ईतलाह वजरिया अखवारी करवाने वारे।**
द्वारा जमेदार पालमपुर,
प्रार्थी श्री उत्तम चन्द पुत्र पुत्र प्रेमा नन्द निवासी निवासी मतेहड़, मौजा बूनरी, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र. ने इस अदालत में प्रार्थना पत्र मय व्यान हल्फी द्वारा सूचित किया है कि उसका असल नाम उत्तम चन्द पुत्र परमा नन्द है परन्तू कागजात माल महाल मतेहड, मौजा बनूरी में प्रार्थी का नाम उत्तम सिंह पुत्र परमा पुत्र पिन्जा नन्द दर्ज कागजात माल किया गया है जोकि गलत है। अब उसके नाम की दरुस्ती करने उपरान्त सही नाम दर्ज कागजात माल किया जाए।
अतः आम जनता को इतलाह वजरिया अदालती नोटिस, मुस्त्री मुनादी करवा कर सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मुकदमा वराये कोई उज्र / एतराज होवे तो मुकदमा की अगली पेश दिनांक 09.04.2026 को अदालत में असालतन या वकालतन हाजिर होकर अपना पक्ष रखे। गैर हाजरी की सूरत में एक तरफा कार्यवाही करते हुए प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाएगा।
आज दिनांक 23/3/26 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।
**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी पालमपुर**
**जिला काँगड़ा हि0प्र0।**

**अदालती नोटिस**

**व अदालत नायव-तहसीलदार एंव सहायक समाहर्त द्वितीय श्रेणी पालमपुर जिला काँगड़ा हि0प्र0।**
किस्म मुकदमा नाम दरुस्ती
मुकदमा न. 8135/9
तारीख पेशी- 16.04.2026
प्रदीप कपूर पुत्र हरी राम पुत्र जैमल निवासी गांव थला, कण्डी, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र.
**वनाम आम जनता**
**विषयः- मुकदमा नाम दरुस्ती में आम जनता को ईतलाह वजरिया अखवारी करवाने वारे।**
द्वारा जमेदार पालमपुर,
प्रार्थी श्री प्रदीप कपूर पुत्र हरी राम पुत्र जैमल निवासी गांव थला, कण्डी, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र. ने इस अदालत में प्रार्थना पत्र मय व्यान हल्फी द्वारा सूचित किया है कि उसका असल नाम उत्तम चन्द पुत्र परमा नन्द है परन्तू कागजात माल महाल मतेहड, मौजा बनूरी में प्रार्थी का नाम प्रदीप कुमार पुत्र हरी राम दर्ज कागजात माल किया गया है जोकि गलत है। अब उसके नाम की दरुस्ती करने उपरान्त सही नाम दर्ज कागजात माल किया जाए। अतः आम जनता को इतलाह वजरिया अदालती नोटिस, मुस्त्री मुनादी करवा कर सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मुकदमा वराये कोई उज्ज्र / एतराज होवे तो मुकदमा की अगली पेश दिनांक 16.04.2026 को अदालत में असालतन या वकालतन हाजिर होकर अपना पक्ष रखे। गैर हाजरी की सूरत में एक तरफा कार्यवाही करते हुए प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाएगा।
आज दिनांक 23.3.26 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।
**सहायक समाहता द्वितीय श्रेणी पालमपुर**
**जिला काँगड़ा हि0प्र0।**

**अदालती नोटिस**

**व अदालत नायव तहसीलदार सहायक समाहर्ता द्वितिय श्रेणी पालमपुर जिला काँगड़ा हि0प्र0।**
किस्म मुकदमा - तकसीम
मुकदमा न. 813516/2025
तारीख पेशी - 16.04.2026
**मनोज कुमार वनाम भारती आदि**
**समन वनामः-** 1 भारती पुतरी गुलशन पुत्र परस राम 2 जसपाल सिंह पुत्र व 3 जसवीर कौर विध्वा वलदेव सिंह 4 भानू प्रताप सिंह कटवाल पुत्र ज्ञान सिंह 5 सन्दीप राणा पुत्र सुरेश कुमार 6 दिपेश वारल पुत्र ओम विक्रमा 7 अनुज पुत्र संसार चन्द 8 मुनिश वर्मा पुत्र कुशल वर्मा 9 प्रिति राणा पत्नी आदित्य अवस्थी 10 मनिश सूद पुत्र मस्तो उपनाम निशी 11 नीरज सूद पुत्र मस्तो उपनाम निशी 12 आर्य डोगरा पुत्र व 13 कविता देवी विधवा संजीव कुमार पुत्र मेला 14 रीता पुत्री नानक चन्द 15 पुजा सपेहिया पत्नि सुधीर चंद 16 रीता देवी पत्नी प्रकाश चंद निवासी महाल पन्तेहड़, तहसील पालमपुर, जिला काँगड़ा हि0प्र0।
**विषयः-** तकसीम भूमि खाता न. 64, खतौनी न. 102 खसरा 687/13 रक्का तादादी 0-55-56 हैक्ट महाल पन्तेहड़, पटवार वृत टाण्डी तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि. प्र. व जमाबन्दी वर्ष 2023-24 उपरोक्त मुकदमा इस न्यायालय में विचाराधीन है। इसमें प्रतिवादी को कई बार समन किये गये परन्तू साधारण तरीके से तामील न हो रही है। अतः अब इश्तहार द्वारा प्रतिवादी उपरोक्त को सूचित किया जाता है कि इस केस बारे कोई भी एतराज पेश करना हो तो वह दिनांक 16.04.2026 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में हाजिर होकर पेश कर सकता है। गैर हाजिर की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। आज दिनांक 23.03.2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हुआ।
**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी पालमपुर**
**जिला काँगड़ा हि0प्र0।**

**व अदालत नायव तहसीलदार एवं सहायक समाहर्ता, श्रेणी-॥ भवारना जिला कांगड़ा (हि0प्र0)**
मुक्दमा न0 81259/2026
किस्म मुक्दमा -नाम दरुस्ती
तारीख पेशी -27-03-2026
श्रीमति हच्छो देवी पुत्री श्री मीनक पुत्र मूरली निवासी महाल डरोह खास उप-तहसील भवारना जिला कांगड़ा हि0 प्र0।
**बनाम आम जनता**
**विषयः- नाम की दरुस्ती करने बारे।**
प्रार्थी श्रीमति हच्छो देवी पुत्री श्री मीनक पुत्र मूरली निवासी महाल डरोह खास उप-तहसील भवारना जिला कांगड़ा हि0 प्र0 ने इस अदालत में प्रार्थना पत्र मय स्वघोषणा पत्र द्वारा सूचित किया है कि उसका असल नाम हच्छो देवी है। उनके अन्य अभिलेख में भी इसी नाम से प्रविष्टी दर्ज है। जबकि महाल डरोह खास पटवार वृत डरोह के राजस्व अभिलेख में प्रार्थी का नाम लीला देवी पुत्री मीनक दर्ज है। जोकि गलत है। अतः प्रार्थी महाल डरोह खास पटवार वृत डरोह के राजस्व रिकॉर्ड में अपने नाम की दरुस्ती करवाना चाहती है।
अतः इस मुस्त्रीमुन्यादी चस्पानगी के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त व्यक्ति के नाम की दरुस्ती बारे किसी को कोई उज्र/एतराज हो तो वह दिनांक 7/4/2026 को असालतन व वकालतन इस कार्यालय में हाजिर होकर उज्र पेश कर सकता है। हाजिर न आने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। आज दिनांक 28-3-2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।
**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी भवारना**

**चाहे** गुरु पर हो या ईश्वर पर, श्रद्धा अवश्य रखनी चाहिए, क्योंकि बिना श्रद्धा के सब बातें व्यर्थ होती हैं।

–समर्थ रामदास

## संपादकीय

# निर्माण क्षेत्र पर बढ़ता दबाव

महंगाई के इस दौर में आम जनता पहले ही आर्थिक दबाव झेल रही है, और अब हिमाचल प्रदेश के लोगों को एक और बड़ा झटका लगा है। राज्य में निर्माण कार्यों की लागत तेजी से बढ़ रही है, जिसका सीधा असर आम नागरिकों, बिल्डरों और पर्यटन उद्योग पर पड़ रहा है। हाल ही में ईंटों के दाम में लगभग दो रुपए प्रति ईंट की वृद्धि हुई है, जिससे घर, होटल और अन्य भवनों का निर्माण और अधिक महंगा हो गया है। यह बढ़ोतरी केवल एक संकेत है, इसके पीछे कई जटिल आर्थिक और वैश्विक कारण जुड़े हुए हैं। हिमाचल प्रदेश एक पहाड़ी राज्य है, जहां निर्माण कार्य पहले से ही चुनौतीपूर्ण और महंगे होते हैं। कई दुर्गम क्षेत्रों में सड़क सुविधा आज भी पूरी तरह उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण निर्माण सामग्री को खच्चरों और घोड़ों के माध्यम से पहुंचाना पड़ता है। ऐसे में परिवहन लागत स्वाभाविक रूप से अधिक हो जाती है। जब ईंट, सीमेंट, रेत और अन्य सामग्रियों के दाम बढ़ते हैं, तो इसका प्रभाव कई गुना बढ़कर सामने आता है।

ईंटों के दाम में वृद्धि का प्रमुख कारण कोयले की कीमतों में भारी उछाल है। ईंट भट्टों में कोयला मुख्य ईंधन के रूप में उपयोग किया जाता है। पहले जहां कोयला 10 से 13 हजार रुपए प्रति टन मिलता था, अब उसकी कीमत बढ़कर करीब 30 हजार रुपए प्रति टन तक पहुंच गई है। इस अचानक वृद्धि ने निर्माण उद्योग की लागत संरचना को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। इस वैश्विक मूल्य वृद्धि के पीछे अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियां भी जिम्मेदार हैं। पश्चिम एशिया में जारी अमेरिका, इसराइल और ईरान के बीच तनाव और संघर्ष ने ऊर्जा बाजार को अस्थिर कर दिया है। हालांकि, कुछ समय के लिए युद्धविराम की बात सामने आई है, लेकिन अनिश्चितता अभी भी बनी हुई है।

ऊर्जा संसाधनों–विशेषकर कच्चा तेल, गैस और कोयला की आपूर्ति बाधित होने से दुनियाभर में कीमतें बढ़ रही हैं, जिसका असर भारत जैसे देशों पर भी पड़ रहा है। हिमाचल प्रदेश में ईंटों का स्थानीय उत्पादन सीमित है, इसलिए राज्य को पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश से आपूर्ति पर निर्भर रहना पड़ता है। जब बाहरी राज्यों में उत्पादन लागत बढ़ती है, तो उसका सीधा प्रभाव हिमाचल में कीमतों पर पड़ता है। इसके साथ ही सीमेंट के दाम भी बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। नए वित्तीय वर्ष 2026–27 की शुरुआत के साथ ही सीमेंट की कीमतों में प्रति बैग 40 रुपए तक की वृद्धि संभव है। वर्तमान में जहां सीमेंट 440 रुपए प्रति बैग के आसपास मिल रहा है, वहीं यह बढ़कर 480 रुपए तक पहुंच सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि सीमेंट कंपनियां अपनी बढ़ती उत्पादन लागत–जिसमें ईंधन, परिवहन और कच्चे माल की कीमतें शामिल हैं, को संतुलित करने के लिए यह कदम उठा रही हैं। इससे आम लोगों का घर बनाने का सपना और कठिन हो जाएगा। पहले ही बढ़ती महंगाई के कारण लोगों की क्रय शक्ति कम हो रही है, और अब निर्माण लागत में वृद्धि ने उनकी परेशानियों को और बढ़ा दिया है। ऊर्जा संकट का प्रभाव केवल निर्माण क्षेत्र तक सीमित नहीं है। पेट्रोल–डीजल की उपलब्धता पर भी असर पड़ रहा है। हिमाचल में पेट्रोल–डीजल का स्टॉक सीमित हो गया है, जिससे भविष्य में आपूर्ति संकट की आशंका बढ़ गई है। इसके अलावा, कमर्शियल गैस सिलेंडरों की भी कमी देखी जा रही है। यहां तक कि विधानसभा के बजट सत्र में भी खाना लकड़ियों पर पकाने की स्थिति सामने आई, जो पर्यावरण के लिहाज से भी चिंताजनक है।

यह स्थिति हमें संकेत करती है कि आधुनिक जीवन में ऊर्जा संसाधनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। जिस प्रकार पानी जीवन के लिए आवश्यक है, उसी प्रकार कच्चा तेल, गैस और कोयला भी आज के समय में अनिवार्य बन चुके हैं। यदि इन संसाधनों की आपूर्ति बाधित होती है, तो उसका व्यापक प्रभाव अर्थव्यवस्था और आम जीवन पर पड़ता है। ऐसे समय में सरकार और जनता दोनों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। सरकार को चाहिए कि वह वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा दे, स्थानीय उत्पादन को मजबूत करे और आपूर्ति शृंखला को सुचारु बनाए। वहीं, आम नागरिकों को भी संयम और जागरूकता दिखानी होगी। अफवाहों से बचना, अनावश्यक संग्रहण न करना और सरकारी दिशा–निर्देशों का पालन करना अत्यंत आवश्यक है। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

### कवि और प्रखर गांधीवादी विचारक



भवानी प्रसाद मिश्र
जन्म : 29 मार्च,1913
मृत्यु : 20 फरवरी,1985

**भवानी** प्रसाद मिश्र हिंदी साहित्य के एक महत्वपूर्ण कवि और प्रखर गांधीवादी विचारक थे। उनका जन्म 29 मार्च 1913 को मध्य प्रदेश के टिगरिया (होशंगाबाद) में हुआ और 20 फरवरी 1985 को उनका निधन हुआ। वे 'दूसरा सप्तक' के प्रमुख कवियों में गिने जाते हैं। उनकी काव्य-रचना पर महात्मा गांधी के विचारों का गहरा प्रभाव था, जिससे उनकी कविताओं में सत्य, अहिंसा, प्रेम और नैतिकता की स्पष्ट झलक मिलती है।

मिश्र जी की प्रारंभिक शिक्षा सोहागपुर, होशंगाबाद, नरसिंहपुर और जबलपुर में हुई। उन्होंने हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत विषयों के साथ बीए की शिक्षा प्राप्त की। स्वतंत्रता आंदोलन से प्रेरित होकर उन्होंने एक स्कूल की स्थापना की, परंतु 1942 के आंदोलन के दौरान उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और 1949 में रिहा हुए। इसके बाद वे वर्धा के महिला आश्रम में शिक्षक रहे। उनका साहित्यिक जीवन 1930 के आसपास शुरू हुआ और उनकी प्रारंभिक कविताएं 'हिंदू पंच' में प्रकाशित हुईं।

उनकी प्रसिद्ध कृतियों में 'गीत-फरोश', 'चकित है दुख', 'अंधेरी कविताएं' और 'बुनी हुई रस्सी' प्रमुख हैं। 'बुनी हुई रस्सी' के लिए उन्हें 1972 में साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला। इसके अलावा उन्हें पद्मश्री और अन्य सम्मान भी प्राप्त हुए। उनकी कविता की सबसे बड़ी विशेषता उसकी सरलता और संवादात्मक शैली है, जिसमें वे गहरी बातों को सहज भाषा में व्यक्त करते हैं। उनमिश्र की कविताएं निराशा नहीं, बल्कि आशा और जीवन की सकारात्मकता को प्रस्तुत करती हैं। वे मानवतावादी दृष्टिकोण के कवि थे, जो आमजन के जीवन, संघर्ष और संवेदनाओं को अपनी रचनाओं में जीवंत करते हैं। ■



कविता

### मैं बीत जाना चाहता हूं

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

अमित मैहरा, एचएएस
एडीसी, चंबा हि.प्र.)

**मैं** बीत जाना चाहता हूं, जैसे मौसम बीत जाते हैं–अच्छे भी, कमतर भी।
जैसे बीत जाता है दिन, जितनी भी उम्मीद से, उगा हो सूरज।
बीत जाती है वो रात भी, जो लबरेज हो गम से।
मैं बन जाना चाहता हूं–याद, इजहार, ख्वाब, इशारा,
गम, दर्द, शिकवा, खलिश–और बीत जाना चाहता हूं।
नहीं करना चाहता इंतजार, मैं शोआ–ए–उम्मीद का,
जो आए और खुद को मकुसद बना जाए।
मैं चाहता हूं वो रहे इंतजार में, कि मेरे एहतराम से वो है,
उसके आने से मैं नहीं। इसीलिए बीत जाना चाहता हूं,
कि ख्याल भी हो गर मेरा, तो बीता हुआ।
मुझे उस सियाह पर्वत के अंदर नहीं झांकना।
मैं खुश हूं वो मिट्टी का टीला बनकर, जो सुगम है, डरता नहीं,
मुमकिन–सा लगता है। और हां, साधते आरोही के,
देखते–देखते बीत जाता है। मैं भी इसी आसानी से
बीत जाना चाहता हूं। कि ठहराव में जो सन्नाटा है,
वो मुझसे सहा नहीं जाता। मैं आवाज नहीं बनना चाहता
जो लौट–लौटकर गूंजती रहे। मैं एक गुजरती हुई आह बनूं,
जो सीने से निकले और खो जाए–एक हल्की–सी धूप की लकीर,
जो दीवार पर आए और सो जाए। ना कोई निशान छोड़ूं गहरा,
ना कोई हिसाब अधूरा रहे– बस यूं ही, जैसे हवा का स्पर्श
आए छूकर गुजर जाए। मैं बस ऐसे ही बीत जाना चाहता हूं।

# इग्नू की डिग्री पर सवाल: छात्रों के भविष्य को लेकर बढ़ती चिंता



विशाल कल्याण
सहायक प्रोफेसर, महाराजा अग्रसेन यूनिवर्सिटी, बद्दी, सोलन
फोन : 8221050880

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र



भारत में उच्च शिक्षा का स्वरूप तेजी से बदल रहा है, विशेषकर डिजिटल और दूरस्थ शिक्षा के क्षेत्र में। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) जैसे संस्थानों ने लाखों छात्रों को सस्ती और लचीली शिक्षा उपलब्ध कराई है, जिससे नौकरीपेशा लोग, ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थी और वे छात्र जो नियमित कॉलेज नहीं जा सकते, शिक्षा से जुड़ पाए हैं। हालांकि हाल ही में प्रकाशित एक रिपोर्ट ने इस व्यवस्था को लेकर नई चिंता पैदा कर दी है। रिपोर्ट के अनुसार, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की नई गाइडलाइंस के तहत इग्नू की कुछ डिग्रियों की वैधता पर सवाल उठ सकते हैं, जिससे छात्रों के भविष्य को लेकर असमंजस की स्थिति बन गई है।

दरअसल, यूजीसी ने हाल के वर्षों में ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) और ऑनलाइन शिक्षा को लेकर सख्त नियम लागू किए हैं, जिनका उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करना और फर्जी या कमजोर कोर्सों पर रोक लगाना है। इन गाइडलाइंस के अनुसार, किसी भी विश्वविद्यालय को अपने डिस्टेंस या ऑनलाइन कोर्स को शुरू करने से पहले यूजीसी के डिस्टेंस एजुकेशन ब्यूरो से अनुमति लेना अनिवार्य है और यह अनुमति हर शैक्षणिक सत्र के लिए अलग–अलग लेनी होती है। यदि किसी वर्ष में कोई कोर्स बिना अनुमति के चलाया गया हो, तो उस वर्ष की डिग्री की वैधता पर सवाल उठ सकता है और यही इस पूरे विवाद का मूल कारण है। रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि कुछ मामलों में इग्नू द्वारा ऐसे कोर्स चलाए गए जिनकी मंजूरी बाद में ली गई, जिसे 'पिछली तिथि से अनुमोदन' (रेट्रोस्पेक्टिव अप्रूवल) कहा जाता है। पहले यह प्रचलन स्वीकार्य था, लेकिन नई गाइडलाइंस में इसे मान्यता नहीं देने की बात कही जा रही है। इसके अलावा, ऑनलाइन और डिस्टेंस मोड के बीच अंतर को लेकर भी सख्ती बढ़ी है। यदि किसी कोर्स को उस समय गलत माध्यम में संचालित किया गया, तो उसकी वैधता प्रभावित हो सकती है। हालांकि यह स्पष्ट करना जरूरी है कि यह समस्या सभी छात्रों या सभी डिग्रियों पर लागू नहीं होती, बल्कि केवल उन्हीं मामलों में चिंता है जहां नियमों का पालन सही तरीके से नहीं हुआ।

इस स्थिति ने छात्रों के बीच चिंता जरूर बढ़ाई है, क्योंकि डिग्री की वैधता सीधे उनके करियर से जुड़ी होती है। यदि किसी छात्र की डिग्री संदिग्ध मानी जाती है, तो उसे नौकरी पाने में कठिनाई हो सकती है, विशेषकर निजी क्षेत्र में जहां कंपनियां डिग्री की मान्यता को लेकर सख्त होती जा रही हैं। सरकारी नौकरियों में भी दस्तावेजों की गहन जांच होती है, जिससे ऐसी स्थिति में उम्मीदवारों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है, वहीं उच्च शिक्षा के लिए आवेदन करते समय भी ऐसे छात्रों को बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है।

हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि इग्नू एक केंद्रीय विश्वविद्यालय है और उसकी अधिकांश डिग्रियां पूरी तरह से मान्य हैं, इसलिए व्यापक स्तर पर छात्रों को घबराने की आवश्यकता नहीं है। यह मुद्दा सीमित मामलों तक ही सीमित रहने की संभावना है, फिर भी यह एक चेतावनी जरूर है कि छात्रों को अपने कोर्स और उसकी मान्यता के बारे में जागरूक रहना चाहिए। उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनका कोर्स उस वर्ष में यूजीसी द्वारा अनुमोदित था या नहीं, जिसके लिए यूजीसी के आधिकारिक स्रोतों से जानकारी लेना सबसे बेहतर तरीका है।

छात्रों को अपने सभी शैक्षणिक दस्तावेज जैसे प्रवेश पत्र, शुल्क रसीद, अंकतालिका और डिग्री को सुरक्षित रखना चाहिए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर वे अपनी पढ़ाई का प्रमाण प्रस्तुत कर सकें। साथ ही, किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए केवल आधिकारिक स्रोतों पर ही भरोसा करना चाहिए और सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों से बचना चाहिए। समय–समय पर यूजीसी और इग्नू द्वारा जारी किए गए नोटिस को देखते रहना भी जरूरी है, ताकि किसी भी बदलाव की जानकारी तुरंत मिल सके। इस पूरे मामले ने यह भी स्पष्ट किया है कि केवल छात्रों को ही नहीं, बल्कि विश्वविद्यालयों और नियामक संस्थाओं को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। विश्वविद्यालयों को अपने कोर्स की मान्यता की स्थिति को पारदर्शी तरीके से प्रस्तुत करना चाहिए और समय पर आवश्यक अनुमोदन प्राप्त करना चाहिए, वहीं यूजीसी को भी अनुमोदन प्रक्रिया को अधिक सरल और समयबद्ध बनाना होगा ताकि छात्रों को अनिश्चितता का सामना न करना पड़े। यदि किसी प्रशासनिक त्रुटि के कारण छात्रों को नुकसान होता है, तो उनके हितों की रक्षा के लिए विशेष प्रावधान किए जाने चाहिए।

अंततः, यह मामला भारतीय शिक्षा प्रणाली के लिए एक महत्वपूर्ण संकेत है कि तेजी से बदलते शिक्षा मॉडल के साथ–साथ नियमों और गुणवत्ता मानकों का पालन भी उतना ही जरूरी है। इग्नू जैसी संस्थाएं देश में शिक्षा के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, लेकिन उन्हें भी बदलती नीतियों के अनुरूप खुद को ढालना होगा। छात्रों के लिए यह समय सतर्क रहने का है, न कि घबराने का। सही जानकारी, जागरूकता और सावधानी के साथ वे इस स्थिति से आसानी से निपट सकते हैं और अपने भविष्य को सुरक्षित बना सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# हिंदू अनुभूति के महानायक श्रीराम- मर्यादा और मानव मूल्यों के शाश्वत प्रतीक



हृदयनारायण दीक्षित
स्वतंत्र लेखक

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र



इतिहास को निष्पक्ष और निर्मम माना जाता है, क्योंकि उसमें 'मेरा' या 'तेरा' जैसा कोई पक्ष नहीं होता। वह केवल तथ्यों, प्रमाणों और तर्क पर आधारित होता है। इसके विपरीत 'श्रद्धा' विश्वास का क्षेत्र है, जो कभी–कभी तर्क से परे जाकर भी स्थापित रहती है। फिर भी यह समझना आवश्यक है कि श्रद्धा शून्य में उत्पन्न नहीं होती, बल्कि वह इतिहास, परंपरा और सांस्कृतिक अनुभवों से पोषित होती है। जब विश्वास को लोकसमर्थन मिलता है, तब वह व्यापक रूप ले लेता है। यद्यपि कई बार यह विश्वास अंधविश्वास जैसा प्रतीत हो सकता है, परंतु यदि उसमें दर्शन, तर्क और अनुभव का आधार हो, तो वह स्थायी और सार्थक बन जाता है।

भारतीय सांस्कृतिक चेतना में राम, कृष्ण और शिव का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। ये केवल धार्मिक प्रतीक नहीं हैं, बल्कि जीवन के विभिन्न आयामों के दार्शनिक प्रतिनिधि भी हैं। राममनोहर लोहिया ने इन तीनों को पूर्णता के तीन भिन्न स्वरूपों के रूप में देखा–राम मर्यादित और संतुलित व्यक्तित्व के प्रतीक हैं, कृष्ण उन्मुक्त और बहुआयामी व्यक्तित्व के, जबकि शिव असीम और अनंत चेतना के प्रतीक हैं। यह व्याख्या भारतीय चिंतन की व्यापकता और गहराई को स्पष्ट करती है।

इसी संदर्भ में रामविलास शर्मा का दृष्टिकोण भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने महाभारत को इतिहास और आख्यान के बीच का ग्रंथ माना, जो समाज के क्रमिक विकास को दर्शाता है। उनके अनुसार ऋग्वेद, रामायण और महाभारत के समाज अलग–अलग विकास–स्तरों का प्रतिनिधित्व करते हैं। इस दृष्टि से देखा जाए तो रामायणकालीन समाज एक विकसित और संगठित व्यवस्था का उदाहरण प्रस्तुत करता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इक्ष्वाकु वंश में अनेक पीढ़ियों के बाद श्रीराम का जन्म हुआ। उन्हें वाल्मीकि रामायण में एक आदर्श मनुष्य के रूप में चित्रित किया गया है। यहां राम एक ऐसे नायक हैं, जो सत्य, कर्तव्य, त्याग, करुणा और मर्यादा जैसे मानवीय गुणों का सर्वोच्च उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। बाद में तुलसीदास ने 'रामचरितमानस' में उन्हें ईश्वर के रूप में प्रतिष्ठित किया, जहां वे भक्तों के आराध्य बन जाते हैं। इस प्रकार राम का व्यक्तित्व मानवीय और दैवी दोनों रूपों का अद्भुत समन्वय है। रामकथा का प्रभाव अत्यंत व्यापक है। यह केवल भारत तक सीमित नहीं रही, बल्कि विश्व के अनेक देशों में भी इसका प्रसार हुआ। इंडोनेशिया जैसे देशों में रामायण आज भी सांस्कृतिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह दर्शाता है कि राम केवल धार्मिक आस्था के प्रतीक नहीं, बल्कि वैश्विक सांस्कृतिक धरोहर हैं। महात्मा गांधी ने 'रामराज्य' को आदर्श शासन व्यवस्था के रूप में प्रस्तुत किया, जिसमें न्याय, समानता, नैतिकता और करुणा का समावेश हो। उनके लिए रामराज्य किसी विशेष धर्म तक सीमित नहीं था, बल्कि वह समस्त मानवता के कल्याण का आदर्श था।

तुलसीदास के अनुसार रामराज्य में न कोई दु:खी है, न दरिद्र, न रोगी और न ही कोई अज्ञान में डूबा हुआ है। सभी लोग सुखी, स्वस्थ और नैतिक जीवन जीते हैं। वहां प्रकृति भी संतुलित रहती है–समय पर वर्षा होती है और जीवन में सामंजस्य बना रहता है। यह एक आदर्श समाज की कल्पना है, जो आज भी लोगों को प्रेरित करती है। श्रीराम भारतीय चेतना के केंद्र में स्थित हैं। वे केवल एक ऐतिहासिक या पौराणिक पात्र नहीं, बल्कि जीवन–मूल्यों के जीवंत प्रतीक हैं। मर्यादा, न्याय, समन्वय, करुणा और सत्य जैसे गुण उनके व्यक्तित्व में समाहित हैं। इतिहास और श्रद्धा के संगम पर स्थित राम भारतीय समाज को न केवल अतीत से जोड़ते हैं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए भी मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# विदेश भेजने के नाम पर होने वाली ठगी पर लगाम बेहद जरूरी



केशव शर्मा रसिक
स्वतंत्र लेखक, कोटला, घुमारवीं
मो. 9417379327

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र



आज के दौर में बेहतर शिक्षा, रोजगार और जीवन स्तर की तलाश में विदेश जाने का सपना लाखों युवाओं की आंखों में बसता है। यह सपना स्वाभाविक भी है, लेकिन दुर्भाग्यवश इसी आकांक्षा का फायदा उठाकर कुछ ठग एजेंट और फर्जी संस्थाएं लोगों को अपना शिकार बना रही हैं। विदेश भेजने के नाम पर बढ़ती ठगी अब एक गंभीर सामाजिक और आर्थिक समस्या बन चुकी है, जिस पर समय रहते कठोर नियंत्रण आवश्यक है।

पिछले कुछ वर्षों में ऐसे मामलों में लगातार वृद्धि हुई है, जहां एजेंट लाखों रुपये लेकर या तो फर्जी वीजा थमा देते हैं या प्रक्रिया अधूरी छोड़कर गायब हो जाते हैं। कई बार युवाओं को गलत दस्तावेजों के साथ विदेश भेज दिया जाता है, जहां उन्हें कानूनी परेशानियों, हिरासत या निर्वासन तक का सामना करना पड़ता है। इससे न केवल उनकी मेहनत की कमाई नष्ट होती है, बल्कि उनका भविष्य भी अंधकारमय हो जाता है।

ठग एजेंट लोगों को फंसाने के लिए कई तरह के हथकंडे अपनाते हैं।

वे बिना वैध पंजीकरण के फर्जी एजेंसियां खोलते हैं, कम योग्यता में ऊंचे वेतन और स्थायी नौकरी का लालच देते हैं, नकली वीजा, ऑफर लेटर और टिकट दिखाकर विश्वास जीतते हैं। इसके अलावा फेसबुक, व्हाट्सऐप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आकर्षक विज्ञापन देकर युवाओं को जाल में फंसाया जाता है। डिजिटल माध्यमों ने जहां अवसर बढ़ाए हैं, वहीं ठगी के नए रास्ते भी खोल दिए हैं। इस समस्या के पीछे कई कारण हैं–युवाओं में विदेश जाने की बढ़ती चाहत, देश में सीमित रोजगार अवसर, जागरूकता की कमी और एजेंटों पर ढीला नियंत्रण। ग्रामीण क्षेत्रों में यह समस्या और गंभीर है, जहां लोग पर्याप्त जानकारी के अभाव में जल्दी भरोसा कर लेते हैं और ठगी का शिकार बन जाते हैं।

सरकार ने इस समस्या को रोकने के लिए कई नियम बनाए हैं, जैसे एजेंटों का पंजीकरण अनिवार्य करना और धोखाधड़ी के मामलों में सख्त कार्रवाई करना। लेकिन इन नियमों का प्रभावी ि, यान्वयन अभी भी चुनौती बना हुआ है। कई फर्जी एजेंट नाम बदलकर फिर से अपना नेटवर्क खड़ा कर लेते हैं, जिससे इस समस्या पर पूर्ण नियंत्रण नहीं हो पा रहा। इस स्थिति से निपटने के लिए बहु–स्तरीय प्रयास आवश्यक हैं। सबसे पहले, दोषी एजेंटों के खिलाफ कठोर दंड और उनकी संपत्ति जब्त करने जैसी सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

लोगों को अधिकृत एजेंसियों और सही प्रक्रिया की स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है, ताकि वे किसी भी प्रकार की ठगी से बच सकें। इसके लिए सरकारी पोर्टल पर एजेंटों और जॉब ऑफर की जांच की सरल एवं पारदर्शी सुविधा होनी चाहिए, जिससे कोई भी व्यक्ति आसानी से सत्यापन कर सके। इसके साथ ही स्थानीय स्तर पर पंचायत और प्रशासन को भी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखना, समय–समय पर जागरूकता अभियान चलाना और लोगों को सचेत करना बेहद जरूरी है। स्कूलों और कॉलेजों में भी इस विषय पर मार्गदर्शन सत्र आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि युवा सही दिशा में निर्णय ले सकें।

विदेश जाने का सपना देखना गलत नहीं है, लेकिन इसे साकार करने के लिए सुरक्षित और वैध मार्ग अपनाना अनिवार्य है। ठगों के जाल से बचने के लिए जागरूकता ही सबसे प्रभावी हथियार है। जब तक सरकार, प्रशासन और समाज मिलकर इस समस्या के खिलाफ एकजुट नहीं होंगे, तब तक इस प्रकार की ठगी पर पूरी तरह रोक लगाना संभव नहीं होगा। इसलिए अब समय आ गया है कि इस पर सख्ती से अंकुश लगाया जाए, ताकि युवाओं के सपनों को टूटने से बचाया जा सके और उनका भविष्य सुरक्षित रह सके।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# 'उड़ता हिमाचल' और सवालों के घेरे में प्रशासन



अभिषेक कुमार
स्वतंत्र लेखक, ऊना
मो. 8544762035

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र



देवभूमि हिमाचल, जो कभी अपनी शांत वादियों और नशा–मुक्त छवि के लिए जाना जाता था, आज वही प्रदेश नशे की गंभीर समस्या में जकड़ता दिखाई दे रहा है। इसका असर सबसे अधिक प्रदेश की युवा पीढ़ी में साफ दिखाई दे रहा है।

चिट्टे और अन्य नशीले पदार्थों का जाल न केवल युवा पीढ़ी को अपनी गिरफ्त में ले रहा है, बल्कि कानून व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर रहा है कि आखिर यह नशे का जाल प्रदेश में फैला कैसे और इसके पीछे कौन जिम्मेदार है और यही वजह है कि आज 'उड़ता हिमाचल' जैसी चिंता बार–बार सामने आने लगी है। प्रदेश में नशे के बढ़ते मामलों को लेकर सामने आए आधिकारिक आंकड़े भी चिंता बढ़ाने वाले हैं। ऐसा शायद ही कोई दिन जाता हो जब प्रदेश का कोई समाचार पत्र नशे के सरगनाओं, तस्करी और गिरफ्तारी से जुड़ी खबरें प्रकाशित न करता हो। विधानसभा में दिए गए लिखित उत्तर में सरकार ने यह जानकारी दी है कि वर्ष 2023 से जनवरी 2026 तक नशे से जुड़े 6246 मामले दर्ज हुए हैं, जबकि ओवरडोज के कारण 66 लोगों की मौत हो चुकी है। हिमाचल प्रदेश में बढ़ता नशे का जाल आज एक गंभीर सामाजिक संकट का रूप ले चुका है। बेरोजगारी, अकेलापन, प्रशासनिक कमजोरियां, पैसों का लालच, सीमा पार से तस्करी और तेजी से फैलता पार्टी कल्चर–ये सभी कारक मिलकर इस समस्या को और गहरा बना रहे हैं।

कभी शांत और देवभूमि के रूप में पहचाने जाने वाले इस प्रदेश में अब युवाओं का एक वर्ग नशे की गिरफ्त में आता जा रहा है, जो समाज के लिए चिंता का विषय है। सबसे अधिक प्रभावित युवा पीढ़ी हो रही है, जो भविष्य का आधार मानी जाती है। रोजगार के सीमित अवसर, बढ़ती प्रतिस्पर्धा और मानसिक तनाव युवाओं को गलत रास्तों की ओर धकेल रहे हैं। वहीं, आधुनिक जीवनशैली और दिखावे की संस्कृति ने भी नशे को 'फैशन' के रूप में प्रस्तुत कर दिया है, जो स्थिति को और गंभीर बना रहा है। सीमा पार से होने वाली मादक पदार्थों की तस्करी इस समस्या को और हवा दे रही है, जिससे नशे की उपलब्धता आसान हो गई है।

इस पूरे परिदृश्य में प्रशासन की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। कई मामलों में कार्रवाई की धीमी गति और निगरानी की कमी से तस्करों के हौसले बुलंद होते दिखाई देते हैं। यदि कानून का भय कम होगा, तो इस तरह के अवैध कारोबार को रोक पाना मुश्किल हो जाएगा। इसलिए जरूरी है कि प्रशासन अधिक सक्रिय, सतर्क और कठोर रुख अपनाए। इस समस्या से निपटने के लिए केवल सरकारी प्रयास पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि समाज और परिवार की भागीदारी भी उतनी ही आवश्यक है। स्कूलों, कॉलेजों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों में नियमित जागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए। युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में सही जानकारी देना बेहद जरूरी है। इसके साथ ही, समय–समय पर डोप टेस्ट जैसी व्यवस्थाएं भी लागू की जा सकती हैं, ताकि प्रारंभिक स्तर पर ही इस समस्या को रोका जा सके। सीमा पार से होने वाली तस्करी पर रोक लगाने के लिए विशेष टास्क फोर्स का गठन एक प्रभावी कदम हो सकता है। इसके अलावा, तकनीकी निगरानी, खुफिया तंत्र को मजबूत करना और पुलिस बल को आधुनिक संसाधनों से लैस करना भी जरूरी है। अभिभावकों की जिम्मेदारी भी इस मामले में कम नहीं है। उन्हें अपने बच्चों के व्यवहार, मित्र मंडली और दिनचर्या पर ध्यान देना चाहिए। संवाद की कमी कई बार युवाओं को गलत दिशा में ले जाती है, इसलिए परिवार में खुला और सकारात्मक संवाद बेहद आवश्यक है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज–2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर- 176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# सदियों पुरानी धार्मिक झील सूखने के कगार पर



अनंत ज्ञान

**रूपी ठाकुर, बरोट।** चौहार घाटी की बरोट पंचायत में लगभग सात हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित सूरजपुर गढ़ की प्राचीन प्राकृतिक झील 'डेहनसर' अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। पर्यावरण प्रेमी तेजमल ठाकुर (कथयाड़ू) और वजिंद्र सिंह (थुजी) के अनुसार कभी लगभग 300 मीटर लंबी और 100 मीटर चौड़ी यह धार्मिक झील अब 90 प्रतिशत तक सूख चुकी है। पहले यहां 20 भादो और चैत्र माह की 20 प्रविष्टे को दूर-दराज से लोग पवित्र स्नान के लिए पहुंचते थे, लेकिन अब जलस्तर लगातार घट रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन और स्थानीय लोग समय रहते संरक्षण के प्रयास नहीं करते, तो यह ऐतिहासिक झील केवल इतिहास बनकर रह जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### लडभड़ोल में एचपीवी टीकाकरण आज से

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** प्रदेश में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान 29 मार्च से शुरू होगा। स्वास्थ्य खंड लडभड़ोल में इसके लिए चार केंद्र निर्धारित किए गए हैं। बीएमओ लडभड़ोल डॉ. विजय धीमान ने बताया कि सिविल अस्पताल लडभड़ोल, सीएचसी चौंतड़ा, पीएचसी लांगणा और पीएचसी मकरीडी में पात्र किशोरियों को वैक्सीन लगाई जाएगी। टीकाकरण का पहला चरण 29 मार्च से शुरू होगा, जबकि 5, 12, 19 अप्रैल और 10 व 24 मई को भी विशेष सत्र आयोजित होंगे। अभियान के तहत 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियां पात्र होंगी। पंजीकरण यू-विन पोर्टल पर या केंद्रों पर मौके पर किया जा सकेगा। डॉ. धीमान ने कहा कि यह टीकाकरण सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए बेहद जरूरी है।

### राज्य स्तरीय पत्र लेखन में मन्नत ठाकुर सेकेंड

**अनंत ज्ञान, अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर।** न्यू क्रिसेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा



मन्नत ठाकुर ने भारतीय डाक विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय पत्र लेखन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि के लिए उन्हें 10,000 रुपए की नकद राशि से सम्मानित किया गया। मन्नत ने इस सफलता से अपने परिवार व विद्यालय का नाम रोशन किया है। स्कूल निदेशक विजय शर्मा, प्रधानाचार्या शशि किरण सहित समस्त अध्यापकों ने मन्नत की इस उपलब्धि पर मन्नत को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### दुर्गम घाटियों में आदर्श पाठशाला न खुलने से रोष

**अनंत ज्ञान, बरोट।** छोटा भंगाल व चौहार घाटी में प्राथमिक से लेकर वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाएं और मुल्थान में महाविद्यालय होने के बावजूद अब तक एक भी आदर्श पाठशाला स्थापित न होने पर लोगों में रोष है। भाजपा कार्यकाल में बरोट को केंद्र बनाकर आदर्श पाठशाला खोलने के लिए स्थान चयन की प्रक्रिया शुरू हुई थी, लेकिन सत्ता परिवर्तन के बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया। घाटियों के बुद्धिजीवी सुख राम, संजय कुमार, भागी राम आदि का कहना है कि निचले क्षेत्रों में कई आदर्श पाठशालाएं खोली गई हैं, जबकि दुर्गम क्षेत्रों की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुक्खू से मांग की है कि बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए यहां आदर्श पाठशाला प्राथमिकता के आधार पर स्थापित की जाए।

### बर्फीले क्षेत्रों में बालन-कोयले की कमी, लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, बरोट।** छोटा भंगाल व चौहार घाटी में सर्दियों के दौरान भारी बर्फबारी के चलते प्रचंड ठंड से बचाव के लिए बालन और कोयले की कमी लोगों को वर्षों से परेशान कर रही है। पोलिंग पंचायत के पूर्व प्रधान रूप चंद ने बताया कि इस समस्या के समाधान के लिए लंबे समय से सरकार के समक्ष मांग उठाई जा रही है, लेकिन आज तक यहां न तो बालन की व्यवस्था की गई और न ही कोयले का डिपो खोला गया। उन्होंने कहा कि सरकार को इस गंभीर समस्या का शीघ्र समाधान करना चाहिए ताकि लोगों को ठंड के मौसम में राहत मिल सके।

### सुंदरनगर में 444 ग्राम चरस समेत आरोपी दबोचा

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** थाना सुंदरनगर पुलिस ने पुंघ फोरलेन में नाकाबंदी के दौरान एक मोटरसाइकिल (डीएल-8एसडीएन-8031) से 444 ग्राम चरस/कैनाबिस बरामद की। पुलिस ने आरोपी सतजिन दावा (27 वर्ष), निवासी लेह (लद्दाख) को मौके पर गिरफ्तार किया है। आरोपी को 29-03-2026 को माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 व 25 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### धनोटू सड़क हादसा: चालक पर लापरवाही का केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** थाना धनोटू पुलिस ने 27-03-2026 को पाधरु क्षेत्र में हुए सड़क हादसे के मामले में केस दर्ज किया है। हादसे में ट्रैक्टर (एचपी-34ई-0377) दुर्घटनाग्रस्त हुआ था, जिसमें चालक आकाश कुमार व विक्रांत घायल हुए थे। दोनों घायलों को पहले मेडिकल कॉलेज नेरचौक और बाद में एम्स बिलासपुर रेफर किया गया। जांच में चालक की लापरवाही सामने आने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### हटली में 23 ग्राम अफीम समेत दो गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** थाना हटली पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर हवाणी अप्पर भांबला क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान एक अल्टो कार (पीबी-07 सीएच-8617) से 23 ग्राम अफीम बरामद की। पुलिस ने आरोपी बलविंद्र सिंह (50 वर्ष) व जसपाल कौर (46 वर्ष), निवासी जिला होशियारपुर (पंजाब) को गिरफ्तार कर बाद में नोटिस पर रिहा किया है। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 18 व 29 के तहत मामला दर्ज कर जांच जारी है।

# सुंदरनगर का नलवाड़ किसान मेला संपन्न

## गोकुल बुटेल बोले-हिम केयर पर अनियमितताओं को लेकर सरकार सख्त

अनंत ज्ञान

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर।** जिला मंडी के राज्य स्तरीय नलवाड़ किसान मेला-2026 का विधिवत समापन शनिवार को सुंदरनगर में हुआ, जिसमें हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (नवाचार डिजिटल प्रौद्योगिकी एवं गवर्नेंस) गोकुल बुटेल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर, एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी, तहसीलदार अंकित शर्मा और डीएसपी भारत भूषण सहित अन्य गणमान्य भी उपस्थित रहे।

इस दौरान गोकुल बुटेल ने नलवाड़ मेले को उत्तर भारत का प्रमुख ऐतिहासिक पशु मेला बताते हुए इसमें शामिल होना सौभाग्य बताया, वहीं मीडिया से बातचीत में हिम केयर योजना को लेकर पूर्व भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि योजना में कई अनियमितताएं सामने आई हैं और कुछ मामलों में दुरुपयोग भी हुआ है, हालांकि उन्होंने इसे गरीबों के लिए उपयोगी योजना बताया।

उन्होंने आरोप लगाया कि आधार कार्ड के दुरुपयोग से अनावश्यक ऑपरेशन तक किए गए तथा कई लोगों ने इसे स्कैम की तरह इस्तेमाल किया, साथ ही 'हिम परिवार' योजना, मुख्यमंत्री राहत कोष और हिम केयर के माध्यम से एक साथ लाभ लेने के मामले भी सामने आए हैं। गोकुल बुटेल ने बताया कि पेंशन योजनाओं के आधार प्रमाणीकरण के दौरान करीब 60 हजार मृत लोगों के नाम पर पेंशन जारी होने का मामला उजागर हुआ है, जिसे उन्होंने पूर्व जयराम ठाकुर सरकार के समय का बड़ा घोटाला बताया और कहा कि इससे सरकार को अब हर माह लगभग 6 करोड़ रुपए की बचत हो रही है।



मेले के समापन के दौरान सामूहिक चित्र में गणमान्य के साथ मुख्यातिथि गोकुल बुटेल। अनंत ज्ञान

# मंदिर रोड पर टाइलिंग कार्य शुरू, दो दिन वाहनों की आवाजाही रहेगी बंद



अनंत ज्ञान

**जोगिंद्रनगर।** मंदिर रोड पर टाइलिंग कार्य शनिवार दोपहर से आरंभ हो गया है, जिसके चलते आगामी दो दिनों तक इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद रहेगी। प्रशासन द्वारा लोगों से सहयोग की अपील की गई है ताकि कार्य समय पर पूरा किया जा सके।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 अप्रैल से जोगिंद्रनगर में लघु शिवरात्रि मेले का आयोजन प्रस्तावित है। मेले से पूर्व व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के उद्देश्य से मंदिर रोड पर टाइलिंग का कार्य युद्धस्तर पर शुरू किया गया है। बताया जा रहा है कि यदि मौसम साफ रहा तो संबंधित विभाग द्वारा यह कार्य रविवार तक पूर्ण कर लिया जाएगा। स्थानीय लोगों ने भी मेले से पहले सड़क सुधार कार्य को आवश्यक बताते हुए प्रशासन के इस कदम का स्वागत किया है। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें और कार्य में बाधा न डालें।

# हरी सेन स्मारक क्रिकेट: आईआईटी कमांद व बल्ह इलेवन ने जीते मुकाबले



खिलाड़ियों से परिचय करते हुए मुख्यातिथि व वशिष्ठ अतिथि। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** एमएलएसएम कॉलेज सुंदरनगर में क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ मंडी के सौजन्य से आयोजित हरी सेन स्मारक क्रिकेट प्रतियोगिता में रविवार को रोमांचक मुकाबले हुए।

पहले मैच में आईआईटी कमांद ने शिव शक्ति कोटली को 88 रन से हराया। आईआईटी कमाद ने 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 213 रन बनाए। अक्षय ने नाबाद 129 रन की पारी खेली, जबकि प्रणव और शुविर कुमावत ने क्रमश: 36 और 15 रन बनाए। शिव शक्ति कोटली 121 रन पर आउट हो गई। शरथ, सुवीर और यश ने दो-दो विकेट लिए। दूसरे मैच में बल्ह इलेवन ने आईआईटी कमाद स्टाफ को 5 विकेट से हराया। आईआईटी स्टाफ 9 विकेट पर 103 रन ही बना सका। बल्ह इलेवन ने लक्ष्य 5 विकेट खोकर हासिल किया, जिसमें हिमांशु ठाकुर ने 28, कश्मीर 17, विकी 14 और बनू 15 रन बनाए। मुख्य अतिथि सीनियर इंडस्ट्री लीडर अश्वनी राणा और क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राणा भी मौजूद रहे। सोमवार को सुकेत इलेवन और ग्रीन वैली इलेवन के बीच मुकाबला होगा।

# बाल वाटिका हेल्परों की जल्द हो तैनाती

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, मंडी।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ चौंतड़ा-1 ने सरकारी स्कूलों में बाल वाटिका हेल्परों की जल्द तैनाती की मांग उठाई है। संघ का कहना है कि वर्ष 2018 में शुरू की गई पूर्व-प्राथमिक कक्षाओं (नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी) के लिए आज तक सहायक स्टाफ की नियुक्ति नहीं की गई है। संघ के प्रधान कपिल राव ने बताया कि प्राथमिक शिक्षक मूल रूप से कक्षा 1 से 5 तक पढ़ाने के लिए नियुक्त होते हैं, लेकिन उन्होंने स्वयं आगे बढ़कर इन कक्षाओं को शुरू करने में सरकार का सहयोग किया। बावजूद इसके, पिछले 8 वर्षों से छोटे बच्चों की जिम्मेदारी भी उन्हीं पर बनी हुई है। कई स्कूलों में केवल दो शिक्षक होने के बावजूद अब कक्षाओं की संख्या बढ़कर आठ तक पहुंच गई है, जिससे पढ़ाई प्रभावित हो रही है। महिला विंग की प्रधान लता ठाकुर ने बताया कि जहां मल्टी पर्पस वर्कर भी नहीं हैं, वहां शिक्षकों को पढ़ाने के साथ-साथ छोटे बच्चों की देखभाल और साफ-सफाई तक करनी पड़ती है। संघ के सचिव नरेश शर्मा ने कहा कि हेल्पर भर्ती के लिए करीब तीन माह पहले इंटरव्यू प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, लेकिन अब तक परिणाम घोषित नहीं हुआ है। संघ ने सरकार से मांग की है कि एक अप्रैल से शुरू हो रहे नए शैक्षणिक सत्र से पहले बाल वाटिका हेल्परों की नियुक्ति की जाए, ताकि स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता बेहतर बनाई जा सके।

◆ राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ चौंतड़ा-1 ने बुलंद की आवाज

# अग्निवीर भर्ती रैली में 278 युवाओं ने लिया भाग, 200 उत्तीर्ण



भर्ती में भाग लेते हुए युवा।

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** सेना भर्ती कार्यालय मंडी द्वारा मुख्यालय भर्ती जोन अंबाला के अंतर्गत पंडोह में चल रही अग्निवीर भर्ती रैली के दौरान युवाओं में जबरदस्त उत्साह और देश सेवा का जज्बा देखने को मिला। शनिवार को उपायुक्त अपूर्व देवगन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

उन्होंने इस अवसर पर सेना के अधिकारियों से संवाद किया और भर्ती प्रक्रिया को लेकर विविध जानकारी भी प्राप्त की। अग्निवीर क्लर्क/स्टोर कीपर के लिए मंडी, कुल्लू एवं लाहौल-स्पिति जिला के कुल 278 युवाओं ने भाग लिया। इनमें से 1.6 किमी की दौड़ में 200 युवा पास घोषित किए गए। भर्ती निदेशक कर्नल गौत्तम निशांत ने बताया कि भर्ती पूरी तरह से निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ संचालित की गई।

इस भर्ती रैली के लिए मंडी, कुल्लू व लाहौल-स्पिति जिले के कुल 2959 युवाओं ने पंजीकरण करवाया था, जिनमें से 2436 अभ्यर्थी रैली में शामिल हुए। शारीरिक फिटनेस टेस्ट व शारीरिक माप टेस्ट का अंतिम दिन था। इन परीक्षण को पास करते हुए 1684 अभ्यर्थी ही अंतिम मेडिकल के लिए योग्य पाए गए।

# ओपीएस पर बयान को लेकर अनिल शर्मा पर भड़के दीपक शर्मा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** जिला कांग्रेस कमेटी मंडी के पूर्व जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा ने सदर मंडी के विधायक अनिल शर्मा द्वारा विधानसभा में पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) के खिलाफ दिए गए बयान पर कड़ा प्रहार किया है।



उन्होंने कहा कि यह बयान कर्मचारियों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला और दोहरे मापदंडों की राजनीति का स्पष्ट उदाहरण है। दीपक ने कहा कि जब कुछ चुनिंदा लोग और उनके परिवार वर्षों तक पेंशन का लाभ लेते रहे, तब प्रदेश के विकास पर कोई संकट नहीं दिखा, लेकिन आम कर्मचारियों को उनका अधिकार देने की बात आते ही विकास खतरे में नजर आने लगा। उन्होंने कहा कि अपने लिए पेंशन को अधिकार और कर्मचारियों के लिए बोझ बताना व्यवस्था को अपने हित में चलाने की मानसिकता दर्शाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व में नीतियां इस प्रकार बनाई गईं, जिससे कुछ परिवार सुरक्षित रहे, जबकि आम कर्मचारी असुरक्षा में जीवन जीने को मजबूर रहे। उन्होंने कहा कि अब मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में सरकार इस असंतुलन को दूर करने का प्रयास कर रही है, जिससे कुछ लोगों को असहजता हो रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ओपीएस कर्मचारियों के सम्मान, सुरक्षा और भविष्य की गारंटी है और एक संतुष्ट कर्मचारी ही मजबूत व प्रभावी शासन की नींव रखता है।

# सदर मंडी में भूमि विवाद को लेकर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, मंडी।** थाना सदर मंडी में कमला देवी निवासी गांव नेला, डाकघर दुदर, तहसील सदर, जिला मंडी की शिकायत पर भूमि विवाद व धमकी का मामला दर्ज किया गया है। शिकायत के अनुसार मेनेंद्र सिंह, पुष्पा देवी और गौरव कुमार ने अवैध कब्जे के उद्देश्य से पेड़ों की कटाई की और गाली-गलौच के साथ जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच उप निरीक्षक अनूप कुमार को सौंपी है।

# सरकाघाट में 27 हजार एमएल देसी शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पुलिस थाना सरकाघाट की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गांव व्योला, डाकघर पिंगला के निवासी राकेश कुमार के रिहायशी मकान से 27,000 एमएल देसी शराब (ऊना नंबर-1) बरामद की है।

पुलिस के अनुसार टीम ने छापेमारी के दौरान यह अवैध शराब कब्जे में ली और मौके पर आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई। मामले में राकेश कुमार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और अवैध शराब के स्रोत को लेकर भी पड़ताल की जा रही है।

# ठंडी बावड़ी-भडयाल सिंचाई योजना का 209 किसानों को मिलेगा लाभ

अनंत ज्ञान



मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना (चरण-2) के तहत बीपीएमयू मंडी द्वारा विकसित ठंडी बावड़ी-भडयाल प्रवाह सिंचाई योजना का हस्तांतरण कार्यक्रम शनिवार को आयोजित हुआ। इस अवसर पर एपीएमसी मंडी के अध्यक्ष संजीव गुलेरिया मुख्यातिथि रहे। जापान अंतरराष्ट्रीय सहयोग एजेंसी के सहयोग से तैयार इस योजना के तहत 50.76 हेक्टेयर क्षेत्र को सिंचाई सुविधा से जोड़ा गया है, जिससे 209 किसान सीधे लाभान्वित होंगे। योजना पर लगभग 88.92 लाख रुपये खर्च किए गए हैं।

परियोजना में 1812 मीटर मुख्य चैनल और 1309 मीटर वितरण चैनल का निर्माण किया गया है, जिससे खेतों तक नियमित पानी की आपूर्ति सुनिश्चित हुई है।

◆ संजीव गुलेरिया बोले- सरकार की कृषक हितैषी नीतियों का लाभ उठाएं किसान

संजीव गुलेरिया ने इसे किसानों के लिए बड़ी उपलब्धि बताते हुए नकदी फसलों और आधुनिक खेती अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दे रही है। जिला परियोजना प्रबंधक डॉ. हेमराज वर्मा ने किसानों को जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में डॉ. राजेश कुमार, डॉ. हंसराज वालिया सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# रोबोटिक सर्जरी में शोर ज्यादा काम कम : राकेश जम्वाल

अनंत ज्ञान

◆ मंडी मेडिकल कॉलेज बना रेफरल सेंटर, बुनियादी सुविधाएं ठप

**ब्यूरो, मंडी।** भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने विधानसभा में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश में रोबोटिक सर्जरी के नाम पर केवल घोषणाएं हो रही हैं, जबकि जमीनी स्तर पर कोई ठोस तैयारी नहीं दिख रही। सदन में पूछे गए सवालों पर सरकार द्वारा 'सूचना एकत्रित की जा रही है' कहना इसकी पुष्टि करता है।



जम्वाल ने कहा कि यदि मशीनों की खरीद और टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, तो सरकार स्पष्ट जानकारी देने से क्यों बच रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार प्रचार पर ज्यादा और स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने पर कम ध्यान दे रही है नेरचौक मेडिकल कॉलेज का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि यह संस्थान रेफरल सेंटर बनकर रह गया है, जहां मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद बाहर भेजा जा रहा है। एमआरआई, कैथ लैब जैसी सुविधाओं की घोषणाएं भी तीन साल बाद तक धरातल पर नहीं उतरीं।

उन्होंने कहा कि अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी, उपकरणों का अभाव और कमजोर रेडियोलॉजी व्यवस्था के बीच महंगी रोबोटिक सर्जरी की बात करना अव्यावहारिक है। साथ ही सवाल उठाया कि इसका खर्च आम आदमी कैसे उठाएगा। हिमकेयर योजना और अस्पतालों पर लंबित देनदारियों का मुद्दा उठाते हुए जम्वाल ने कहा कि सरकार पहले बुनियादी सुविधाएं सुधारने पर ध्यान दे। उन्होंने चेताया कि भाजपा इस मुद्दे को लगातार उठाती रहेगी।

**मेला** | एसडीएम सरकाघाट कृष्ण कुमार शर्मा ने मेला मैदान में खूंटी गाड़ी

# शोभायात्रा के साथ नलवाड़ मेला बरच्छवाड़ शुरू

अनंत ज्ञान



मेले का शुभारंभ करते एसडीएम सरकाघाट कृष्ण कुमार शर्मा व अन्य। अनंत ज्ञान

◆ विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियों का किया अवलोकन

**सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत बरच्छवाड़ में सात दिवसीय नलवाड़ मेला आज पारंपरिक शोभा यात्रा के साथ शुरू हो गया। 28 मार्च से 3 अप्रैल तक आयोजित होने वाले इस मेले का शुभारंभ एसडीएम सरकाघाट कृष्ण कुमार शर्मा ने मेला मैदान में खूंटी गाड़ कर किया। इससे पूर्व एसडीएम ने त्रिवेणीघाट में देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की तथा पगड़ी रस्म में भी भाग लिया।

मेले के शुभारंभ अवसर पर त्रिवेणीघाट के शिव मंदिर से मेला मैदान तक शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में पारंपरिक पगड़ियां पहनकर एसडीएम, डीएसपी, बीडीओ, तहसीलदार, विभिन्न पंचायतों के पूर्व प्रधान, बीडीसी सदस्य, पार्टी पदाधिकारी और महिला मंडलों की सदस्य शामिल हुए। खंड विकास अधिकारी सरकाघाट कार्तिकेय डोगरा ने मुख्यातिथि को शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर एसडीएम ने अपने संबोधन में कहा कि सात दिवसीय यह नलवाड़ मेला हमारी सांस्कृतिक धरोहर का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसमें हमारी समृद्ध परम्पराएं देखने को मिलती हैं।

मेले में उपमंडल के विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनियां भी लगाई गईं। एसडीएम ने इन प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। मेले में कृषि विभाग, आत्मा परियोजना, महिला एवं बाल विकास विभाग, कल्याण विभाग, आयुष विभाग, जलशक्ति विभाग, लोक निर्माण विभाग, उद्यान विभाग, पशुपालन विभाग, पथ परिवहन तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की प्रदर्शनियां आकर्षण का केंद्र रहीं।

## श्रमिक कल्याण बोर्ड पर भूपेंद्र ने उठाए सवाल, कहा-

# मजदूरों तक नहीं पहुंच रहा बजट



बैठक में भाग लेते हुए भूपेंद्र सिंह। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** हिमाचल प्रदेश राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड की 54वीं बैठक शिमला में चेयरमैन नरदेव सिंह कंवर की अध्यक्षता में हुई, जिसमें वर्ष 2026-27 के लिए 159 करोड़ रुपए का बजट पारित किया गया। इसमें 105 करोड़ रुपए मजदूरों के कल्याण और 55 करोड़ अन्य मदों के लिए रखे गए हैं।

बैठक में सीटू से मनोनीत गैर सरकारी सदस्य भूपेंद्र सिंह ने बोर्ड की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025-26 में कल्याण के लिए 160 करोड़ रुपए का प्रावधान था, लेकिन केवल 35 करोड़ ही खर्च हो पाए। पिछले 4 वर्षों में एक लाख से अधिक आवेदनों के करीब 300 करोड़ रुपए के क्लेम लंबित हैं। भूपेंद्र ने आरोप लगाया कि अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही व राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी के कारण लंबित मामलों का निपटारा नहीं हो रहा। 50 प्रतिशत क्लेम जारी करने के लक्ष्य के बावजूद केवल 10 हजार मजदूरों को ही सहायता मिली।

उन्होंने चेतावनी दी कि तीन माह में लंबित भुगतान जारी नहीं किए गए तो सीटू के बैनर तले हमीरपुर कार्यालय का घेराव करेंगे। भूपेंद्र ने कहा कि छात्रवृत्ति, मातृत्व सहायता, पेंशन व इलाज मदों में खर्च बेहद कम हुआ, जबकि प्रचार, गाड़ियों और वेतन-भत्तों पर अधिक राशि प्रस्तावित है, जो चिंता का विषय है।

## न्यूज ब्रीफ

### टाहलीवाल में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** विद्युत उपमंडल टाहलीवाल के अंतर्गत आने वाले उपभोक्ताओं को सूचित किया गया है कि विद्युत लाइनों के आवश्यक रखरखाव कार्य के चलते 30 मार्च 2026 (सोमवार) को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता इंजीनियर अभिषेक चंदेल के अनुसार यह कटौती प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक आवश्यकता अनुसार की जाएगी। इस दौरान औद्योगिक क्षेत्र टाहलीवाल सहित नंगल कला, ललड़ी, चांदपुर, पालकवाह, कुंगड़त, नंगल खुर्द, करमपुर, भदौड़ी, औद्योगिक क्षेत्र गुरपलाह, बाथू और बाथरी क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। विद्युत विभाग ने क्षेत्रवासियों से सहयोग की अपील करते हुए असुविधा के लिए खेद जताया है।

### बिलासपुर में एचपीवी टीकाकरण अभियान आज से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिले में ह्यूमन पेपीलोमा वायरस (एचपीवी) से बचाव के लिए विशेष टीकाकरण अभियान 29 मार्च से शुरू हो रहा है, जो 5 और 12 अप्रैल को भी चलेगा। इस अभियान के तहत 14-15 वर्ष आयु वर्ग की 2735 किशोरियों का टीकाकरण 30 स्वास्थ्य संस्थानों के माध्यम से किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशी दत्त शर्मा ने बताया कि सभी चार चिकित्सा खंडों में कोल्ड चेन प्वाइंट स्थापित कर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि एचपीवी संक्रमण सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण है, जिससे टीकाकरण और जागरूकता के जरिए बचाव संभव है। टीकाकरण के बाद आधे घंटे तक निगरानी भी रखी जाएगी।

### जूट से बैग व खिलौने बनाना सीख रही महिलाएं



**अनंत ज्ञान, ऊना।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) ऊना द्वारा ग्राम पंचायत छपरोह में 14 दिवसीय 'बेसिक्स ऑफ जूट प्रोडक्ट मेकिंग' प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। इसमें 25 प्रतिभागी, विशेषकर महिलाएं, जूट से बैग, खिलौने, आभूषण और सजावटी वस्तुएं बनाना सीख रही हैं। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं ने अपनी रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम संचालक आकाश भारद्वाज ने बताया कि जूट उत्पादों की बढ़ती मांग के चलते यह प्रशिक्षण महिलाओं को स्वरोजगार और छोटे उद्योग स्थापित करने के लिए प्रेरित कर रहा है। अधिकांश प्रतिभागी स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि और प्रशिक्षक भी उपस्थित रहे।

### वॉलीबाल स्पर्धा में 14 टीमों ने दिखाया दमखम



**अनंत ज्ञान, जोल।** जिला ऊना की ग्राम पंचायत जसाणा के गांव लखरूं में अस्मिता सिटी खेलो इंडिया लीग 2025-26 के तहत आयोजित दो दिवसीय बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता का सफल समापन हुआ। प्रतियोगिता में 14 टीमों ने भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ वॉलीबाल संघ हिमाचल प्रदेश के जनरल सेक्रेटरी मदन राणा ने किया। मुकाबले रोमांचक रहे और खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल भावना दिखाई। आयोजन का उद्देश्य बालिकाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच देना रहा। अंत में विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी, मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### कराटे चैंपियनशिप के लिए मानसी चयनित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** चंडीगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन द्वारा 29 मार्च को सिकंदरा देवी मेमोरियल गद्दा स्पोर्ट्स एवं कराटे चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन



किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न राज्यों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश जोमासर मार्शल आर्ट एसोसिएशन के खिलाड़ी भी उत्साह के साथ हिस्सा लेने जा रहे हैं। हिमाचल के अलग-अलग क्षेत्रों से चयनित खिलाड़ियों में मानसी राणा, आव्या, शिवाय, बलरीन राजपाल, सौरभ डोगरा, जसनूर कौर, अमृत कौर, प्रनीत कौर, सैहज प्रीत, समर प्रीत और त्रिस्टा धीमान शामिल हैं। यह सभी खिलाड़ी अपने-अपने वर्ग में बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार हैं। ऊना जिला की कराटे एवं ताइक्वांडो गोल्ड मेडल विजेता मानसी राणा भी इस प्रतियोगिता में अपनी टीम के साथ भाग ले रही हैं। एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश कुमार उर्फ बाबी ने बताया कि सभी खिलाड़ी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से अपने माता-पिता और एसोसिएशन का नाम गर्व से ऊंचा करेंगे।

### टीबी मुक्त भारत अभियान पर दिया विशेष जोर




**अनंत ज्ञान, सलोह (हरोली)।** बीएमओ डॉ. शिंगारा सिंह के नेतृत्व में आईआईआईटी सलोह में आयुष्मान आरोग्य शिविर के अंतर्गत भव्य स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर सीएमओ डॉ. संजीव वर्मा और डीटीओ डॉ. विशाल ठाकुर के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग हरोली, सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा हरोली एवं सनराइज एनजीओ के संयुक्त प्रयासों से संपन्न हुआ। शिविर का मुख्य उद्देश्य 'टीबी मुक्त भारत अभियान' के तहत अधिक से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग कर समय पर टीबी की पहचान और उपचार सुनिश्चित करना था। इसमें विद्यार्थियों, कॉलेज स्टाफ तथा टीचिंग और नॉन-टीचिंग स्टाफ की स्वास्थ्य जांच, एक्स-रे स्क्रीनिंग और लैब टेस्ट किए गए। आशा वर्कर्स, आंगनबाड़ी कर्मचारियों और चिकित्सकीय टीम ने शिविर को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

### कांग्रेस सरकार ने जनता पर लादा टैक्सः गौरव

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** स्वामी विवेकानंद सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष गौरव कुमार ने हिमाचल सरकार की कर नीति पर तीखा प्रहार करते हुए इसे जनता के



साथ छल और धोखाधड़ी करार दिया है। उन्होंने कहा कि एक ओर केंद्र सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क घटाकर राहत दी, वहीं राज्य सरकार 5 रुपए तक अतिरिक्त सेस लगाकर उस राहत को पूरी तरह खत्म कर रही है। गौरव कुमार ने आरोप लगाया कि सरकार अपने वित्तीय कुप्रबंधन और बढ़ते कर्ज को छिपाने के लिए आम नागरिकों, किसानों और छोटे व्यापारियों पर टैक्स का बोझ लगातार बढ़ा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि ईंधन के दाम बढ़ने से माल ढुलाई, परिवहन लागत और दैनिक वस्तुओं की कीमतें बढ़ेंगी, जिससे मध्यम वर्ग की कमर टूट जाएगी और जनजीवन प्रभावित होगा। गौरव कुमार ने सरकार से इस जनविरोधी फैसले को तुरंत वापस लेने और पारदर्शी, उचित नीतियां अपनाने की गंभीर मांग की है।

# नवरात्र में माता चिंतपूर्णी के दरबार में भक्तों ने दिल खोलकर चढ़ाया चढ़ावा

## पिछले साल 79 और इस साल चढ़ा 91 लाख चढ़ावा, 11 लाख की हुई बढ़ोतरी

अनंत ज्ञान

**विकास शर्मा, चिंतपूर्णी।** शनिवार को भी माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार में श्रद्धालु भारी संख्या में माता रानी के दरबार में हाजिरी भरने पहुंचे हालांकि चैत्र नवरात्रि मेले के समापन के साथ ही इस वर्ष के दान और विदेशी मुद्रा के आंकड़े सामने आ गए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में काफी उत्साहजनक हैं। इस वर्ष मेले की अवधि पिछले साल के मुकाबले एक दिन अधिक रही, जिसका सीधा असर दानपात्र के संग्रह पर दिखाई दिया है।

विगत वर्ष 2025 में चैत्र नवरात्रि मेला 30 मार्च से शुरू होकर 06 अप्रैल तक आयोजित किया गया था, जो कुल 8 दिनों का था। वहीं, इस वर्ष 2026 में मेले का आयोजन 19 मार्च से 27 मार्च तक कुल 9 दिनों के लिए हुआ।



माता चिंतपूर्णी के दरबार में पहुंचे श्रद्धालु। अनंत ज्ञान

आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि पिछले साल दानपात्र से कुल 79,55,072.00 रुपए की आय प्राप्त हुई थी। इस बार श्रद्धालुओं ने और भी अधिक उदारता दिखाई और कुल चढ़ावा 91,02,752.00 रुपए तक पहुंच गया। इस प्रकार, पिछले वर्ष के मुकाबले इस बार दान में 11,47,680.00 रुपए की बड़ी बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

विदेशी मुद्रा के मामले में भी इस वर्ष का संग्रह काफी विविध रहा। जहां 2025 में कनाडा के 465 डॉलर और इंग्लैंड के 125 पाउंड आए थे, वहीं 2026 में यह संख्या बढ़कर क्रमशः 870 कनाडा डॉलर और 965 इंग्लैंड पाउंड हो गई। इसके अतिरिक्त, इस वर्ष के दान में यूएसए (280 डॉलर), ऑस्ट्रेलिया (130 डॉलर), मलेशिया (26 रिंगित), ओमान (100 बैसा और 1/2 रियाल) तथा यू.ए.ई. (100 दिर्हाम) जैसी विदेशी मुद्राएं भी बड़ी मात्रा में शामिल रहीं।

# मानव तस्करी और देह व्यापार मामले में 6 दोषियों को कठोर कारावास की सजा

◆ एडीजे-वन की अदालत ने सुनाया फैसला

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, ऊना।** जिले में मानव तस्करी और देह व्यापार से जुड़े एक गंभीर मामले में एडीजे-वन की अदालत ने कड़ा फैसला सुनाते हुए छह आरोपियों को दोषी करार दिया है। अदालत के न्यायाधीश राजेंद्र कुमार ने विभिन्न धाराओं के तहत आरोपियों को कठोर कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई। मामले की जानकारी जिला न्यायवादी एकलव्य ने दी।

अदालत ने करमवीर सिंह और सोनिया राणा निवासी डंगोह खास, तथा हरिसन, पूजा और गीता निवासी जालंधर को भारतीय दंड संहिता की धारा 370 के तहत 10-10 वर्ष के कठोर कारावास और 50-50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। इसके अतिरिक्त, अनैतिक देह व्यापार (निवारण) अधिनियम, 1956 की धाराओं 4, 5 और 6 के तहत क्रमशः 2 वर्ष, 3 वर्ष और 7 वर्ष के कारावास के साथ जुर्माना भी लगाया गया।

वहीं आरोपी राकेश कुमार को अनैतिक देह व्यापार (निवारण) अधिनियम की धारा 3 के तहत 3 वर्ष के कठोर कारावास और 2,000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई गई। अदालत ने निर्देश दिया कि सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। अदालत ने पीड़िता को हुए मानसिक आघात को ध्यान में रखते हुए उसे 1 लाख रुपए मुआवजा देने के भी आदेश दिए हैं।

जिला न्यायवादी एकलव्य के अनुसार यह मामला वर्ष 2019 का है, जब पीड़िता को बहला-फुसलाकर देह व्यापार में धकेला गया था। पति से तलाक के बाद आरोपियों ने उसे झांसा देकर अपने कब्जे में लिया और विभिन्न स्थानों पर ले जाकर उससे अवैध कार्य करवाए। विरोध करने पर उसे धमकाया गया और मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया। जांच के दौरान मेडिकल परीक्षण (एमएलसी) सहित अन्य साक्ष्य एकत्रित किए गए और गवाहों के बयान दर्ज किए गए। लंबी सुनवाई के बाद अदालत ने साक्ष्यों और पीड़िता के बयान को अहम मानते हुए सभी आरोपियों को दोषी करार देते हुए सख्त सजा सुनाई।

# अबू धाबी में ड्रोन हमले में ऊना के युवक की मौत

◆ मजारा गांव में शोक की लहर, विदेश में कई वर्षों से थे ड्राइवर

अनंत ज्ञान

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश के जिला ऊना के मजारा गांव निवासी 52 वर्षीय जसविंद्र सिंह उर्फ शम्मी की अबू धाबी में ड्रोन हमले में दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जसविन्द्र सिंह लंबे समय से विदेश में ड्राइवर के रूप में कार्यरत थे और अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। वह कई वर्षों से अबू धाबी में नौकरी कर रहे थे और समय-समय पर अपने घर मजारा आते-जाते रहते थे। हाल ही में वह दोबारा काम पर लौटे थे। बताया जा रहा है कि बीते वीरवार सुबह करीब 5 बजे वह अबू धाबी के एक प्रतिबंधित क्षेत्र में अपनी गाड़ी के पास खड़े होकर मोबाइल फोन पर बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान ईरान द्वारा किए गए ड्रोन हमले की चपेट में आ गए।

हमले की तीव्रता इतनी अधिक थी कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। विस्फोट इतना भीषण था कि उनका शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया। घटना के बाद स्थानीय प्रशासन और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। जैसे ही इस घटना की सूचना परिजनों को मिली, परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

उधर, एसडीएम ऊना अभिषेक मित्तल ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि प्रशासन को घटना की जानकारी मिल चुकी है और परिजनों से समन्वय स्थापित कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। जसविंद्र सिंह की इस आकस्मिक और दर्दनाक मौत से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे मजारा गांव में शोक का माहौल है।

# तेज रफ्तार बनी खतरा खेतों में उतरी एचआरटीसी बस, बड़ा हादसा टला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर में शनिवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा टल गया, जब एचआरटीसी की एक बस अचानक नियंत्रण खो बैठी और सड़क से नीचे उतरकर खेतों में जा पहुंची। घटना लदरौर-घंडालवी मार्ग के पास हुई, जहां बस में सवार यात्रियों में कुछ देर के लिए दहशत का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार, बस सुबह करीब 7 बजे बिलासपुर से धर्मशाला के लिए रवाना हुई थी और अपने नियमित रूट घुमारवीं, भराड़ी और लदरौर होते हुए आगे बढ़ रही थी। घंडालवी के समीप पहुंचते ही चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख पाया, जिससे बस सड़क किनारे बनी नाली को पार कर खेतों में जा घुसी।

उस समय बस में लगभग 25 यात्री सवार थे। अचानक हुए इस हादसे से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई और कई लोगों को झटका लगा। करीब 8 से 10 यात्रियों को हल्की चोटें आईं। स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घायलों को बाहर निकाला और प्राथमिक उपचार उपलब्ध करवाया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि बस की रफ्तार अपेक्षाकृत अधिक थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और परिवहन निगम के अधिकारी मौके पर पहुंचे। सभी घायलों की हालत सामान्य बताई जा रही है। प्रशासन ने हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## ऊना में पूर्व नौसैनिकों से मिले वाइस एडमिरल लोचन सिंह पठानिया

# कई समस्याओं का मौके पर किया समाधान



वाइस एडमिरल लोचन सिंह पठानिया के साथ वीर नारियां और पूर्व नौसैनिक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ऊना।** भारतीय नौसेना के वाइस एडमिरल लोचन सिंह पठानिया (अति विशिष्ट सेवा मेडल, 3 स्टार) और कमांडर दशरथ भड़ाना (शौर्य चक्र) ने ऊना में पूर्व नौसैनिकों के साथ बैठक कर उनसे संवाद किया। इस अवसर पर डिप्टी डायरेक्टर कर्नल एसके कलिया, प्रभारी ईसीएचएस कर्नल दलजीत औलख और आकाश कैंटीन मैनेजर भी मौजूद रहे।

अधिकारियों ने पूर्व नौसैनिकों और वीर नारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और अधिकांश मामलों का समाधान मौके पर ही किया। शेष मामलों को समाधान के लिए नोट किया गया। इस दौरान 80 वर्ष या उससे अधिक आयु के पूर्व नौसैनिकों—लेफ्टिनेंट कमांडर कालिदास, ओपी शर्मा (एमसीपीओ), सब लेफ्टिनेंट दर्शन सिंह, महेंद्र सिंह (पीओ), बलदेव सिंह डोगरा (सीपीओ), विनोद कुमार शर्मा (सीपीओ)—को सम्मानित किया गया। साथ ही वीर नारियों पुष्पा भारद्वाज, श्रेष्ठा शर्मा, उमा देवी राणा, नीलम शर्मा, कृष्णा राणा, सावित्री पटियाल और रेखा राणा को भी सम्मान प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त उभरती प्रतिभा कुमारी अन्वी शर्मा और अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल कोच मुरमा भारती को विशेष सम्मान दिया गया। कमांडर दशरथ भड़ाना ने सैनिक कल्याण गतिविधियों की जानकारी दी, जबकि वाइस एडमिरल लोचन सिंह पठानिया ने सरकार द्वारा पूर्व सैनिकों के कल्याण के प्रयासों और भारतीय नौसेना की प्रगति की जानकारी साझा की।

अंत में पूर्व नौसैनिकों ने वाइस एडमिरल व कमांडर भड़ाना का उनके बीच आकर सम्मान बढ़ाने व समस्याओं का समाधान करने के लिए आभार जताया।

# 34 वर्षों की सेवाओं के लिए राजरानी को किया सम्मानित

## शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय योगदान के लिए कुरियाला स्कूल में सम्मान समारोह आयोजित

अनंत ज्ञान

**ऊना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुरियाला में शनिवार को प्रवक्ता (अंग्रेज़ी) राजरानी के सम्मान में भावभीना विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में लगभग 34 वर्षों तक उल्लेखनीय सेवाएं दीं। राजरानी ने अपने शिक्षकीय जीवन की शुरुआत वर्ष 1992 में स्वयंसेवी विज्ञान अध्यापिका के रूप में की।

इसके उपरांत वर्ष 1996 से 2008 तक उन्होंने विज्ञान स्नातक प्रवक्ता के रूप में नियमित सेवाएं दीं। इस दौरान उन्होंने जिला ऊना सहित विभिन्न पाठशालाओं में अध्यापन कार्य करते हुए विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान की। वर्ष 2008 से जनवरी 2026 तक वे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुरियाला में प्रवक्ता (अंग्रेज़ी) के रूप में कार्यरत रहीं। उनकी सरल, अनुशासित व प्रभावी शिक्षण शैली के कारण वे विद्यार्थियों और सहकर्मियों के बीच विशेष रूप से लोकप्रिय रहीं।



कुरियाला स्कूल में राजरानी के सम्मान समारोह में उपस्थित गणमान्य। अनंत ज्ञान

सेवानिवृत्ति अवसर पर आयोजित समारोह में विद्यालय के अध्यापकगण ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल प्राचार्य सुदर्शन कौशल व अन्य वक्ताओं ने उनके अनुकरणीय शिक्षण कार्य, कर्तव्यनिष्ठा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में दिए गए योगदान की सराहना की। समारोह के अंत में सभी विद्यार्थियों, अध्यापकों, एसएमसी सदस्यों व गांववासियों ने राजरानी के उज्ज्वल, स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना करते हुए उनके शिक्षा क्षेत्र में दिए गए अमूल्य योगदान के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। इसके उपरांत सेवानिवृत प्रवक्ता राज रानी के परिवार ने कपिला फार्म में सहभोज का आयोजन किया। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ सदस्यों के अलावा नरेश सैनी, दीपक सैनी, पूजा सैनी, कोमल सैनी,दिवाकर सैनी, त्रिभवन , सुदेश, डॉ भास्कर, डॉ. सोफिया, गरिमा सैनी, हरजी लाल, कमल देव, देव राज, चरणजीत सैनी, डॉ. राम पाल सैनी, बीना सैनी, संजीव सैनी, राहुल, नीरज व आरजु सैनी, जतिंद्र कंवर, ठाकुर यशपाल सिंह, डॉ. रविंद्र सूद, योगेश कौशल, दीप शिखा कौशल, रमा कंवर, कविता गोयल, अनिति सूद, अशोक ऐरी, कृष्णपाल शर्मा, इशान ऐरी, एचएन चीटू, राजेंद्र कौशल, नीलम कौशल, संजीव शर्मा, हरीश साहनी, नरेश ठाकुर, रमेश शर्मा, कुंदन लाल शर्मा, अजय शर्मा, राम मूर्ति लट्ठ सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# आज सतलुज नदी में आयोजित होगी पहली साहित्यकार संगोष्ठी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** लाडली फाउंडेशन और गोविंद सागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को गोविंद सागर झील सतलुज नदी में पहली बार राज्य स्तरीय साहित्यकार संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर लाडली फाउंडेशन के जिला उपाध्यक्ष नीलम ठाकुर ने गोविंद सागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन की फ्लोट जेटी का दौरा किया और संगठन के पदाधिकारियों से अनुरोध किया कि संगोष्ठी का आयोजन फ्लोट जेटी पर ही किया जाए। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने नीलम ठाकुर को सम्मानित भी किया। एसोसिएशन के प्रधान सराज अख्तर ने बताया कि उनका संगठन सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और खेलकूद गतिविधियों में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। उन्होंने कहा कि लाडली फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस संगोष्ठी को सफल बनाने के लिए संगठन पूरी तरह से स्वयंसेवी सहयोग देगा।

संगोष्ठी में राज्यभर के साहित्यकार भाग लेंगे और विभिन्न साहित्यिक विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे। यह आयोजन न केवल साहित्यिक संवाद को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि स्थानीय सांस्कृतिक गतिविधियों को भी मजबूत करेगा। साहित्यकार अपने अनुभव साझा करेंगे और नए विचारों का आदान-प्रदान करेंगे, जिससे साहित्यिक चेतना और जागरूकता बढ़ेगी। यह पहली बार है जब सतलुज नदी पर साहित्यकारों के लिए इस तरह की विशेष बैठक का आयोजन किया जा रहा है। आयोजकों का मानना है कि यह कार्यक्रम क्षेत्र के साहित्य और संस्कृति के प्रति रुचि बढ़ाने में मदद करेगा। यह पहल स्थानीय लोगों को साहित्य व कला की ओर आकर्षित करने का भी अवसर प्रदान करेगी। इस संगोष्ठी के माध्यम से साहित्यिक संवाद को नई दिशा देने के साथ-साथ सामाजिक और सांस्कृतिक जुड़ाव को भी मजबूती मिलेगी।

# बिलासपुर में घरेलू उपभोक्ताओं को राहत व्यावसायिक गैस वितरण में आई तेजी

◆ एडीसी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** अतिरिक्त उपायुक्त बिलासपुर ओम कांत ठाकुर की अध्यक्षता में घरेलु एवं व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की विस्तृत समीक्षा को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में ऑयल कंपनियों के प्रतिनिधियों ने अवगत करवाया कि वर्तमान में जिला बिलासपुर में घरेलू गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है। साथ ही, गैस एजेंसियों को उनकी व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की कुल दैनिक मांग का लगभग 50 प्रतिशत आवंटन किया जा रहा है, जिससे व्यावसायिक सिलेंडरों की आपूर्ति में भी सुधार हुआ है।

राज्य सरकार के निर्देशों के अनुरूप व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति विभिन्न क्षेत्रों के लिए निर्धारित की गई है, जिसमें शैक्षणिक संस्थानों एवं अस्पतालों के लिए 37 प्रतिशत, होटल, रेस्टोरेंट एवं ढाबों के लिए 36 प्रतिशत, सामाजिक कार्यक्रमों एवं सभाओं के लिए 9 प्रतिशत तथा फार्मास्युटिकल उद्योग, सरकारी, पीएसयू, कॉरपोरेट, औद्योगिक इकाइयों एवं कैंटीन के लिए 9 प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले ब्रिजेंद्र पठानिया ने बताया कि जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों एवं पेट्रोलियम पदार्थों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है तथा आम जनता को किसी भी प्रकार की चिंता या घबराहट की आवश्यकता नहीं है। वर्तमान में जिले में 14 गैस एजेंसियां कार्यरत हैं, जो उपभोक्ताओं की मांग के अनुसार नियमित आपूर्ति सुनिश्चित कर रही हैं।

उन्होंने बताया कि जमाखोरी एवं कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए पेट्रोलियम मंत्रालय के निर्देशानुसार शहरी क्षेत्रों में 25 दिन तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन का बुकिंग अंतराल लागू किया गया है। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे समय पर अपने गैस सिलेंडर की बुकिंग करवाएं, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके। बैठक में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

**ऑडिशन** मिस व मिसेज कहलूर क्वीन में भाग लेने के लिए युवतियों-महिलाओं में उत्साह

# कहलूर क्वीन प्रतियोगिता के ऑडिशन शुरू

अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** राज्य स्तरीय ग्रीष्मोत्सव घुमारवीं-2026 के तहत इस वर्ष पहली बार आयोजित की जा रही 'कहलूर क्वीन (मिस एंड मिसेज)' प्रतियोगिता के लिए ऑडिशन प्रक्रिया आरंभ हो गई। यह प्रतिष्ठित आयोजन 5 से 9 अप्रैल तक आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय ग्रीष्मोत्सव मेले का प्रमुख आकर्षण रहेगा। घुमारवीं स्थित रेनबो अस्पताल में आयोजित ऑडिशन में क्षेत्र की युवतियों एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास, व्यक्तित्व एवं पारंपरिक संस्कृति की झलक प्रस्तुत करते हुए निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। प्रतियोगिता को दो श्रेणियों—मिस कहलूर क्वीन (अविवाहित) एवं मिसेज़ कहलूर क्वीन (विवाहित)—में आयोजित किया जा रहा है।



घुमारवीं स्थित रेनबो अस्पताल में आयोजित ऑडिशन में युवतियों व महिलाओं ने भाग लिया। अनंत ज्ञान

मिस कहलूर क्वीन श्रेणी में 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग की अविवाहित प्रतिभागियां भाग ले सकती हैं, जबकि मिसेज़ कहलूर क्वीन श्रेणी में 21 से 35 वर्ष आयु वर्ग की विवाहित महिलाएं हिस्सा ले सकती हैं। दोनों ही श्रेणियों के लिए प्रतिभागी का मूल रूप से जिला बिलासपुर का निवासी होना अनिवार्य है।

प्रतिभागियों को ऑडिशन के समय आधार कार्ड एवं दसवीं कक्षा का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। साथ ही प्रतिभागी पारंपरिक कहलूरी वेशभूषा, आभूषण एवं अन्य आवश्यक सामग्री की व्यवस्था स्वयं करेंगी। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों को कहलूरी एवं हिन्दी भाषा में अपना परिचय देने तथा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देने होंगे।

आयोजन समिति ने स्पष्ट किया है कि चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी एवं निष्पक्ष होगी तथा चयन समिति एवं निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों के आचरण, मंच व्यवहार एवं अनुशासन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता या गलत जानकारी पाए जाने पर प्रतिभागी को अयोग्य घोषित किया जा सकता है।

इस प्रतियोगिता का उद्देश्य क्षेत्र की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना, पारंपरिक कहलूरी संस्कृति को बढ़ावा देना तथा महिलाओं में आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास को प्रोत्साहित करना है।

# बिजली की हाई वोल्टेज तारों की चपेट में आने से झुलसा व्यक्ति, गंभीर घायल

## मणिकर्ण के पास चोज गांव में निर्माणाधीन मकान में काम करते हुआ हादसा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू की मणिकर्ण घाटी के चोज क्षेत्र में शनिवार को एक एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। यहां एक निर्माणाधीन मकान में काम करते समय एक मजदूर बिजली की हाई-वोल्टेज तारों की चपेट में आ गया। इस घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और घायल मजदूर को गंभीर हालत में अस्पताल भर्ती कराया गया है। यह घटना फागनू राम नामक व्यक्ति के घर पर चल रहे निर्माण कार्य के दौरान हुई। वहां काम कर रहा नेपाली मूल का मजदूर, जिसका नाम राजू बताया जा रहा है, मकान की ऊपरी मंजिल से लोहे का सरिया (Iron Rod) नीचे फेंक रहा था। इसी दौरान सरिया पास से गुजर रही बिजली की तारों से टकरा गया। लोहे के जरिए करंट तेजी से राजू के शरीर में फैल गया, जिससे वह बेहोश होकर गिर पड़ा और उसके कपड़ों में आग लग गई।

हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने सूझबूझ दिखाई और उसे रेस्क्यू कर नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जरी पहुँचाया। राजू की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू रेफर कर दिया है। फिलहाल उसकी हालत नाजुक बनी हुई है और डॉक्टर उसकी निगरानी कर रहे हैं।

घटना की सूचना मिलते ही मणिकर्ण पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। कुल्लू के पुलिस अधीक्षक मदन लाल ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि शुरुआती जांच में लापरवाही की बात सामने आ रही है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों का पालन किया गया था या नहीं।

### निर्माण कार्य में सुरक्षा बरतना बेहद जरूरी

**निर्माण** कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन न करना अक्सर गंभीर हादसों का कारण बनता है। विशेष रूप से बिजली लाइनों के पास काम करते समय अतिरिक्त सावधानी बरतना आवश्यक होता है। विशेषज्ञों के अनुसार, किसी भी निर्माण स्थल पर काम शुरू करने से पहले आसपास की बिजली लाइनों की दूरी और उनकी स्थिति का आकलन किया जाना चाहिए। लोहे के सरिए, पाइप या अन्य धातु के उपकरण बिजली के अच्छे चालक होते हैं, इसलिए इन्हें हाई-वोल्टेज तारों के पास इस्तेमाल करते समय विशेष सतर्कता जरूरी है। मजदूरों को सुरक्षा उपकरण जैसे हेलमेट, ग्लव्स और इंसुलेटेड जूते उपलब्ध कराए जाने चाहिए। इसके अलावा, निर्माण स्थल पर सुरक्षा प्रशिक्षण और जागरूकता भी अनिवार्य है। प्रशासन द्वारा निर्धारित सुरक्षा दिशा-निर्देशों का पालन न करने पर न केवल जान का खतरा बढ़ता है, बल्कि कानूनी कार्रवाई भी हो सकती है। इस तरह की घटनाएं यह स्पष्ट करती हैं कि थोड़ी सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। इसलिए ठेकेदारों और मालिकों को सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करना चाहिए, ताकि मजदूरों की जान सुरक्षित रह सके।

# क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज की छात्रा पायल ने हासिल किया पांचवां स्थान



अनंत ज्ञान

**◆ छठे सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत**

**ब्यूरो, कुल्लू।** क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज, कुल्लू के बीएससी नर्सिंग छठे सेमेस्टर (बैच 2022) का परीक्षा परिणाम वर्ष 2026 में उत्कृष्ट रहा है। इस वर्ष कॉलेज का परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिससे संस्थान में हर्ष का माहौल है। कॉलेज के विद्यार्थियों ने अटल चिकित्सा एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई स्थान प्राप्त किए हैं। पायल ठाकुर ने विश्वविद्यालय में पाँचवां स्थान प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान हासिल किया। उनका एसजीपीए 8.71 रहा। मुस्कान चौहान ने बारहवां स्थान प्राप्त कर कक्षा में द्वितीय स्थान हासिल किया, उनका एसजीपीए 8.29 रहा।साक्षी ठाकुर ने चौदहवां स्थान प्राप्त कर कक्षा में तृतीय स्थान हासिल किया, उनका एसजीपीए 8.19 रहा।

हिमांशु राणा ने सत्रहवां स्थान प्राप्त कर कक्षा में चतुर्थ स्थान हासिल किया, उनका एसजीपीए 8.10 रहा। पम्मी देवी ने अठारहवां स्थान प्राप्त कर कक्षा में पंचम स्थान हासिल किया, उनका एसजीपीए 8.05 रहा। कॉलेज परिवार ने सभी विद्यार्थियों को इस उपलब्धि पर बधाई दी है। संस्थान ने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह उत्कृष्ट परिणाम संभव हो पाया है।

# फर्जी पुलिसकर्मी बनकर नेपाली से 5 हजार रुपए लूटने वाला गिरफ्तार

अनंत ज्ञान



**भुंतर।** कुल्लू जिले के भुंतर में एक व्यक्ति को फर्जी पुलिसकर्मी बनकर नेपाली मूल के व्यक्ति से 5000 रुपए लूटने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यह घटना 26 मार्च को हुई थी। पुलिस के अनुसार, 26 मार्च को सैनिक चौक भुंतर के पास एक स्कूटी सवार व्यक्ति ने हेलमेट पहनकर खुद को पुलिस अधिकारी बताया। उसने वहां खड़े नेपाली व्यक्ति दिले राम को चोरी के एक मामले में फंसाने की धमकी दी। आरोपी ने दिले राम को जबरन अपनी स्कूटी पर बैठाया और एक सुनसान जगह ले गया।

पीड़ित द्वारा बीमारी का हवाला देने के बावजूद, आरोपी उसे थाने ले जाने का नाटक करता रहा। एकांत में ले जाकर आरोपी ने दिले राम की तलाशी ली और उसकी जेब से 5000 नकद निकाल लिए।इसके बाद आरोपी यह कहकर फरार हो गया कि वह 'बड़े साहब' को लेकर आता है। काफी देर इंतजार करने के बाद जब

अनंत ज्ञान फॉलोअप

कोई वापस नहीं आया, तो दिले राम को अहसास हुआ कि वह लूट का शिकार हो चुका है।

पीड़ित दिले राम ने 27 मार्च को भुंतर थाना में शिकायत दर्ज करवाई। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। गहन छानबीन के बाद पुलिस ने आरोपी मोहित शर्मा (34), निवासी ढालपुर, कुल्लू को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी से लूटी गई राशि और वारदात में इस्तेमाल की गई स्कूटी की बरामदगी अभी बाकी है। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## न्यूज ब्रीफ

### सेउबाग, बबेली में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड विद्युत उप-मंडल नंबर-1, कुल्लू के सहायक अभियंता अक्षत सूद ने बताया कि 33/11 केवी सब-स्टेशन कुल्लू के टी-2 पावर ट्रांसफार्मर की मरम्मत एवं आवश्यक रखरखाव कार्य के चलते 29 मार्च (रविवार) को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक 11 केवी गांधी नगर, लगवैली, खराहल, सेउबाग, बबेली, कोलीबेहड़, क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू, पीज तथा पाहनाला आदि क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

### दूसरी संध्या में लोक गायकों ने मचाया धमाल

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** मां काली दुर्गा के सम्मान में आयोजित तीन दिवसीय राम नवमी-दुर्गा अष्टमी मेले के दूसरे दिन की सांस्कृतिक संध्या दर्शकों के लिए यादगार रही। कुशल वर्मा ने 'धाटू झेची रा बना', 'तेरा बिंदलू' और 'मेरी विमानीय कुलवी' सहित कई लोकप्रिय गीतों से समां बांधा। सुनीता भारद्वाज ने 'मेरे भेड़ा रे पाला', 'दीवानगी' और 'मोहब्बतें' जैसे गीतों से दर्शकों को झूमने पर मजबूर किया। रमेश ठाकुर ने कुलवी, नेपाली और फिल्मी गीतों से माहौल गरम किया, जबकि सिमरन भारद्वाज ने अपने मंत्रमुग्ध कर देने वाले गीतों से दर्शकों को नाचने पर विवश कर दिया। मेला स्थल पर भारी भीड़ उमड़ी और कलाकारों के प्रदर्शन पर तालियों की गड़गड़ाहट गूंजती रही। मुख्य अतिथि रमन विग ने स्थानीय परंपराओं को जीवंत रखने का महत्व बताया।



### 501 किशोरियों को लगेगा एचपीवी का टीका

**अनंत ज्ञान, आनी।** सरकार और स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार 14 वर्ष से अधिक आयु की किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने के लिए एचपीवी टीकाकरण 'सुरक्षा का संकल्प' अभियान शुरू किया गया है। स्वास्थ्य खंड आनी में आज प्रथम चरण के तहत 501 किशोरियों को टीका लगाया जाएगा। नागरिक चिकित्सालय आनी और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दलाश कोल्ड चेन पॉइंट बनाये गए हैं, जहां सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक टीकाकरण होगा। बीएमओ आनी डॉ. भागवत मेहता ने कहा कि स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और आशा वर्कर्स की सहायता से टीकाकरण किया जाएगा। अभियान का दूसरा चरण 5 अप्रैल, तीसरा 12 अप्रैल और चौथा 19 अप्रैल को जारी रहेगा। सभी किशोरियों से समय पर कोल्ड चेन पॉइंट पर पहुंचने का आग्रह किया गया है।

### 30 हजार श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया भोजन

**अनंत ज्ञान, मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली में शनिवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें 30 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भोजन ग्रहण किया। भंडारे के चलते सभी व्यवसायिक संस्थान बंद रहे। श्रद्धालु माता दुर्गा और माता हिडिंबा से सुख और समृद्धि का आशीर्वाद लेने के लिए भारी संख्या में पहुंचे। दोपहर 1 बजे से ब्रह्मभोज परोसने का क्रम शुरू हुआ और रात 9 बजे तक जारी रहा। दो से चार बजे के बीच बाजार में सबसे अधिक भीड़ देखी गई। इससे पहले मनाली घाटी की आराध्य देवी माता हिडिंबा लाव लश्कर के साथ दुर्गा मंदिर पहुंचीं और पूर्णाहुति में भाग लिया। नवरात्र के उपलक्ष्य पर आयोजित गायत्री एवं शतचंडी महायज्ञ वीरवार को संपन्न हुआ। आयोजन में श्रद्धालुओं की उमड़ी भारी भीड़ ने भव्य माहौल बना दिया।

### 200 लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांचा

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** ऊझी घाटी की ग्राम पंचायत सरसेई में आयुष विभाग कुल्लू के आयोजन में आयुष ग्राम मेला आयोजित किया गया। मेले का उद्घाटन जिला आयुष अधिकारी डॉ. सोनिया दुग्गल ने किया। मेले में लगभग 200 लोगों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें ब्लड शुगर और हीमोग्लोबिन जैसे टेस्ट शामिल थे। कार्यकारी उपमंडल आयुष अधिकारी डॉ. जसविंदर कपूर ने बताया कि 'एक राष्ट्र एक हर्ब' के तहत पाषाण भेद (पत्थरचट्टा) पौधे की खेती, संवर्धन और बाजारीकरण पर जानकारी दी गई। मेले में 70 लोगों ने योग सत्र में भाग लिया। आयुष विभाग ने उपस्थित लोगों को नींबू और अनार के उच्च गुणवत्ता वाले पौधे निशुल्क वितरित किए।

### आनी में 'सैनिक सम्मान कार्यक्रम' कल

**अनंत ज्ञान आनी।** एकल अभियान के तहत 30 मार्च को सरस्वती विद्या मंदिर, आनी में प्रातः 10 बजे 'सैनिक सम्मान कार्यक्रम' आयोजित होगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया जाएगा और नई पीढ़ी को देशभक्ति व सेवा का संदेश दिया जाएगा। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक लोकेन्द्र कुमार उपस्थित रहेंगे, जबकि अमर ठाकुर, वेद ठाकुर, सुरेंद्र ठाकुर, दूनिचंद चौहान, देवेंद्र ठाकुर व डॉ. प्रकाश रंभाल सहित कई गणमान्य व्यक्ति भाग लेंगे। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।

### मनाली में हिंदू सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** देवभूमि मनाली के शनाग क्षेत्र में 30 मार्च को होने वाले हिंदू सम्मेलन को लेकर क्षेत्र में उत्साह बढ़ गया है। इस आयोजन की मुख्य वक्ता प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु साध्वी ऋतंभरा होंगी। मनाली एकल अभियान अंचल के अध्यक्ष डीणे राम ने बताया कि उनके आगमन पर पतलीकुहल में ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ भव्य स्वागत किया जाएगा। स्थानीय कार्यकर्ता साध्वी के साथ जुलूस के रूप में सम्मेलन स्थल तक जाएंगे। सम्मेलन शनाग स्थित डॉ. श्री विश्वामित्र पार्किंग में आयोजित होगा। सम्मेलन का उद्देश्य समाज में पंच परिवर्तन की अवधारणा को सशक्त करना है।

### 4 को मनाएंगे आपदा जागरूकता दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** 4 अप्रैल को कुल्लू जिले के सभी सरकारी एवं निजी शिक्षण संस्थानों में 'आपदा जागरूकता दिवस' मनाया जाएगा। यह दिवस 4 अप्रैल 1905 को कांगड़ा क्षेत्र में आए विनाशकारी भूकंप की याद में मनाया जाता है, जिसमें 20,000 से अधिक लोग मारे गए और लगभग 1 लाख भवन क्षतिग्रस्त हुए थे। इस अवसर पर छात्रों को आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूक करने के लिए 'ड्रॉप, कवर और होल्ड' अभ्यास, भूकंप के दौरान क्या करें और क्या न करें, भाषण और निबंध प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएंगी। अप्रैल माह में ग्राम सभाओं की बैठकों में भी आपदा प्रबंधन और सुरक्षित भवन निर्माण पर जोर दिया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और ग्रामीणों में आपदा सुरक्षा और तैयारी की भावना बढ़ाना है।

# नग्गर की रौरिक आर्ट गैलरी में 'मनाली एक्जीबिट' कला प्रदर्शनी का आगाज



प्रदर्शनी के शुभारंभ मौके पर गणमान्य लोग। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** अंतरराष्ट्रीय रौरिक मेमोरियल ट्रस्ट (IRMT) नग्गर में शनिवार को 'मनाली एक्जीबिट' नामक एक भव्य कला प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। उसारी आर्ट, दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित इस प्रदर्शनी का उद्घाटन रशियन क्यूरेटर सहायक दमित्री सुरगिन और भारतीय क्यूरेटर सुरेश कुमार नड्डा ने संयुक्त रूप से किया।

रेवती मौर्य की क्यूरेटरशिप और सुचित्रा मौर्य के प्रबंधन में आयोजित इस प्रदर्शनी में भारत के 18 विख्यात कलाकारों की कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया है। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि महान चित्रकार निकोलस रौरिक की विरासत व कुल्लू की प्राकृतिक सुंदरता से प्रेरित यह आयोजन कलाकारों को एक सशक्त मंच प्रदान करने के साथ-साथ विभिन्न संस्कृतियों और विचारों को एक सूत्र में पिरोने का काम कर रहा है।

इस प्रदर्शनी में अभिषेक गोस्वामी, अलका शर्मा, आलोक तालुकदार और स्थानीय कलाकार अंजलि ठाकुर सहित 18 कलाकारों के लगभग 70 चित्र प्रदर्शित किए गए हैं। इन चित्रों में प्रकृति, वन्य जीवों, ऐतिहासिक इमारतों और विभिन्न प्रदेशों की संस्कृति को बखूबी उकेरा गया है। विशेष रूप से अंजलि ठाकुर के 'मंगला आर्ट' के माध्यम से कुल्लू की प्राचीन संस्कृति और लोक जीवन की झलक दर्शकों को काफी आकर्षित कर रही है। यह प्रदर्शनी आगामी 31 मार्च तक दर्शकों के लिए खुली रहेगी।

# बंजार-सैंज कॉलेजों में प्रवक्ताओं के रिक्त पदों पर सरकार की चुप्पी चिंताजनक: सुरेंद्र शौरी

**अनंत ज्ञान, बंजार।** बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी ने शनिवार को विधानसभा में बंजार व सैंज महाविद्यालयों में लंबे समय से खाली पड़े प्रवक्ताओं के पदों का गंभीर मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि बंजार महाविद्यालय में अंग्रेज़ी, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान,जीव विज्ञान व संस्कृत जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण विषयों के पद एक वर्ष से अधिक समय से रिक्त हैं, जिससे छात्रों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। वहीं सैंज महाविद्यालय में सोशियोलॉजी, हिंदी व संगीत के प्रवक्ताओं के पद खाली चल रहे हैं, जो सरकार की शिक्षा व्यवस्था के प्रति उदासीनता को दर्शाता है। शौरी ने कहा कि क्षेत्र में बिगड़ती शिक्षा व्यवस्था के कारण अब विद्यार्थी पलायन करने को मजबूर हो रहे हैं। कभी जहां महाविद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या हजारों में हुआ करती थी, आज वह घटकर केवल सैकड़ों में सिमट कर रह गई है—जो स्थिति की गंभीरता को स्पष्ट रूप से दर्शाती है। उन्होंने कहा कि सरकार की यह लापरवाही सीधे तौर पर क्षेत्र के युवाओं के भविष्य के साथ अन्याय है। उच्च शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में इस प्रकार की अनदेखी अस्वीकार्य है। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की कि इन रिक्त पदों को शीघ्र प्राथमिकता के आधार पर भरा जाए, ताकि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके और उनका भविष्य सुरक्षित हो। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाए, तो इस मुद्दे को जन-आंदोलन के रूप में भी उठाया जाएगा।

# मनाली के राजन नालवा को मिला एशिया बिजनेस लीडरशिप अवॉर्ड

अनंत ज्ञान

**◆ नई दिल्ली में बॉलीवुड एक्ट्रेस भाग्यश्री पटवर्धन ने किया सम्मानित**

**कमलेश वर्मा, केलांग/मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली में डायलन कॉफी हाउस के संचालक राजन नालवा को एशिया बिजनेस लीडरशिप अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के नालड़ा गांव से संबंध रखने वाले और वर्तमान में मनाली में रह रहे युवा उद्यमी राजन नालवा ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए 11वें 'एशिया बिजनेस लीडरशिप अवॉर्ड-2026' अपने नाम कर हिमाचल प्रदेश व कुल्लू और लाहुल स्पीति जिला का नाम रोशन किया है। राजन नालवा पिछले कई वर्षों से ओल्ड मनाली में कॉफी शॉप चलाते हैं। नालवा मनाली आने वाले कॉफी व कुकीज़ की वैरायटी देश विदेश के पर्यटकों को परोसते हैं। राजन नालवा को 'यह अवॉर्ड उनके मनाली स्थित प्रतिष्ठान डायलन कॉफी हाउस मनाली को 'पीपल्स चॉयस कैफे' के रूप में दो दशकों से अधिक समय तक उत्कृष्ट सेवा देने के लिए दिया गया है। अब तक 11 राष्ट्रीय अवार्ड इनके नाम हो चुके हैं।



यह अवॉर्ड नई दिल्ली के रेडिसन ब्लू होटल, द्वारका में आयोजित भव्य समारोह में बॉलीवुड एक्ट्रेस भाग्यश्री पटवर्धन द्वारा प्रदान किया गया। सनद रहे कि मनाली में स्थित उनका कॉफी हाउस आज सिर्फ एक कैफे नहीं, बल्कि एक पहचान बन चुका है, जहां देश-विदेश से आने वाले पर्यटक खास तौर पर पहुंचते हैं। उनकी मेहनत और लग्न ने इस छोटे से पहाड़ी इलाके को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है। राजन नालवा की यह सफलता न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे लाहौल-स्पीति व कुल्लू जिला सहित हिमाचल प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। एक साधारण ग्रामीण पृष्ठभूमि से निकलकर उन्होंने यह साबित कर दिया कि अगर हौसले बुलंद हों तो कोई भी मंजिल दूर नहीं होती।

उनकी यह उपलब्धि युवाओं के लिए एक प्रेरणा है कि सीमित संसाधनों के बावजूद भी कड़ी मेहनत, समर्पण और दूरदर्शिता से बड़े मुकाम हासिल किए जा सकते हैं। पूरे क्षेत्र में उनकी इस सफलता को लेकर खुशी और गर्व का माहौल है।

# केवीके बजौरा में 16 सामुदायिक प्रेरकों ने लिया प्रशिक्षण, किसानों तक पहुंचाएंगे नई तकनीकें

अनंत ज्ञान



सामुदायिक प्रेरकों के लिए पीयर लर्निंग कार्यक्रम आयोजित। अनंत ज्ञान

**भुंतर।** विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना (चरण-II) जायका-ओडीए के तहत खंड परियोजना प्रबंधन इकाई, कुल्लू द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र, बजौरा में सामुदायिक प्रेरकों के लिए एक दिवसीय पीयर लर्निंग इंटरैक्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जिला कुल्लू की 9 उप-परियोजनाओं से 16 सामुदायिक प्रेरकों (8 महिलाएं और 8 पुरुष) ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ खंड परियोजना प्रबंधक डॉ. जयंत रत्ना ने किया। उन्होंने प्रतिभागियों और संसाधन व्यक्तियों का स्वागत करते हुए सामुदायिक प्रेरकों की भूमिका पर प्रकाश डाला और कहा कि प्रेरक किसानों तक नई तकनीक, फसल प्रबंधन, पोषण, सिंचाई और रोग नियंत्रण संबंधी जानकारी पहुंचाने में महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं।

कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सुरेंद्र कुमार ठाकुर ने उर्वरकों और जैविक खादों के संतुलित उपयोग तथा रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग के दुष्प्रभावों पर विस्तृत जानकारी दी। विषय विशेषज्ञ डॉ. राधिका ने रसायन मुक्त सब्जी उत्पादन, फसल विविधीकरण और विदेशी सब्जियों की खेती के लाभों पर चर्चा की। डॉ. रमेश लाल ने फसलों में बीमारियों की पहचान, नियंत्रण उपाय और लाइट ट्रैप के उपयोग पर विस्तार से जानकारी दी। पशु चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. सुरेंद्र बंसल ने पशुधन प्रबंधन, टीकाकरण और पोषण के महत्व पर ध्यानाकर्षित किया।

निर्माण अभियंता भारत भूषण ने कुहल निर्माण की गुणवत्ता और समयबद्धता पर जोर दिया। डॉ. खूब राम ठाकुर ने सामुदायिक प्रेरकों को किसानों के बीच जागरूकता बढ़ाने और नई तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अंत में डॉ. जयंत रत्ना ने सभी विशेषज्ञों और प्रतिभागियों का धन्यवाद किया और कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रेरकों को अधिक सक्षम और जागरूक बनाने में सहायक होते हैं। इस अवसर पर कृषि अधिकारी संजय कुमार, कृषि प्रसार अधिकारी मोनिका सैनी और आईईसी समन्वयक युवराज भी उपस्थित रहे।

# तीर्थन में 8700 फुट ऊंचाई पर क्रिकेट का महासंग्राम 7 अप्रैल से

**अनंत ज्ञान, तीर्थन।** उपमंडल बंजार की तीर्थन घाटी के भिंडी थाच मैदान में 7 अप्रैल से 'शहीद लगन चंद मेमोरियल कप 2026 (सीजन-6)' का आयोजन होने जा रहा है। 8700 फीट ऊंचाई पर घने जंगलों और पहाड़ों के बीच स्थित यह मैदान अपनी प्राकृतिक सुंदरता और विशालता के लिए प्रसिद्ध है। ग्राम पंचायत शिल्ही की खेलकूद एवं पर्यटन विकास समिति द्वारा शहीद सैनिक लगन चंद की स्मृति में आयोजित इस टूर्नामेंट में 100 से अधिक टीमों के भाग लेने की संभावना है। विजेता टीम को 1,75,000 रुपए और ट्रॉफी, उपविजेता टीम को 88,000 रुपए और ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। सेमीफाइनल में पहुंची टीमों को 15,000 रुपए, व्यक्तिगत प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द सीरीज को 4,100 रुपये, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, गेंदबाज और विकेटकीपर को 2,100 रुपए और ट्रॉफी दी जाएगी। अंतिम दो दिनों में स्थानीय महिला मंडलों के लिए रस्साकसी प्रतियोगिता भी आयोजित होगी। आयोजन का उद्देश्य युवाओं को खेलों और सेना की ओर प्रेरित करना है।

# व्यवसायिक भवनों में फायर एनओसी पंजीकरण से पर्यटन कारोबारियों में चिंता

अनंत ज्ञान

**◆ मनाली में पुराने होटलों में फायर सिस्टम लागू करना हुआ चुनौतीपूर्ण**

**◆ सरकार ने छह महीने की मोहलत दी, होटलियर्स ने कोर्ट जाने की चेतावनी दी**

**एम बोकटापा, मनाली।** मनाली में व्यवसायिक भवनों के पंजीकरण के दौरान फ़ायर एनओसी लेना पर्यटन कारोबारियों के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। प्रदेश सरकार ने फिलहाल होटल मालिकों को छह महीने की मोहलत दी है, लेकिन अग्निशमन विभाग ने स्पष्ट किया है कि फायर सेफ्टी के उपकरण नहीं लगाए जाने पर भारी जुर्माना लगेगा।

अग्निशमन विभाग के अनुसार, पुराने होटलों में फायर सिस्टम लगाना मुश्किल ही नहीं बल्कि नामुमकिन है। सरकारी फरमान के अनुसार ग्राउंड फ्लोर में एक लाख लीटर का टैंक और छत पर बीस हज़ार लीटर का टैंक लगाना अनिवार्य है, साथ ही हर फ्लोर पर हाइड्रेंट, होज़रील और जनरेटर भी रखना होगा। लेकिन मनाली में अधिकांश होटल टीन की छत पर बने हैं और जमीन सीमित है, जिससे इन टैंकों और उपकरणों की स्थापना व्यावहारिक रूप से असंभव है। मनाली होटलियर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रोशन ठाकुर ने कहा कि फायर एनओसी लेना पुराने होटलों में संभव नहीं है।

उन्होंने बताया कि एसोसिएशन ने इस मुद्दे पर प्रदेश सरकार से कई बार बातचीत की है, लेकिन कोई ठोस जवाब नहीं मिला। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार फ़ायर एनओसी के नियम वापस नहीं लेती है तो होटल एसोसिएशन कोर्ट का रुख करेगा।

स्थानीय पर्यटन कारोबारी अजय अबरोल ने भी कहा कि पुराने होटलों में सिस्टम लगाना व्यावहारिक रूप से असंभव है और पहले पर्यटन विभाग के होटलों में इसका सफलतापूर्वक क्रियान्वयन दिखाया जाए।

# एसडीएम मनाली गुंजीत सिंह से मिली होटलियर एसोसिएशन



एसडीएम मनाली से शिष्टाचार भेंट करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**मनाली।** होटलियर एसोसिएशन मनाली का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष रोशन ठाकुर की अध्यक्षता में एसडीएम मनाली गुंजीत सिंह से मिला। गुंजीत सिंह ने वीरवार को ही एसडीएम मनाली का कार्यभार संभाला है। एसोसिएशन के सदस्यों ने एसडीएम मनाली के साथ शिष्टाचार भेंट कर मनाली की अनेकों समस्याओं बारे चर्चा की। होटलियर एसोसिएशन के अध्यक्ष रोशन ठाकुर ने एसडीएम को अवगत करवाया कि समर सीजन आने को है, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई भी तैयारी होती नहीं दिख रही है।

उन्होंने कहा कि माल रोड मनाली की सफाई व्यवस्था लचर हालत में है। ट्रैफिक जाम मनाली में बड़ी समस्या बनता जा रहा है। सड़कों की हालत सही नहीं है इस कारण पर्यटकों सहित स्थानीय लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। एसोसिएशन के सदस्यों ने एनएचएआई के कार्य में तेजी लाने का भी एसडीएम से आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मनाली के विकास कार्यों को लेकर होटलियर एसोसिएशन प्रशासन की यथासंभव मदद करेगा।

एसडीएम ने एसोसिएशन के प्रतिनिधियों की सभी बातों को सुना और विचार विमर्श कर समाधान करने का आश्वासन दिया। होटलियर एसोसिएशन उपाध्यक्ष मान चंद, कोषाध्यक्ष मकर ध्वज शर्मा मौजूद रहे।

**राहत** खिलाड़ी हुए सुरक्षित, विधायक भुवनेश्वर गौड़ व बिजली बोर्ड का जताया आभार

# खेल मैदान से हटाई 11 केवी बिजली लाइन

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** दुआड़ा के युवाओं के अथक प्रयास और लगातार उठाई गई मांग आखिरकार रंग लाई है। जिस खेल मैदान के बीचोंबीच खड़ी 11 केवी बिजली लाइन और पोल लंबे समय से खिलाड़ियों के लिए खतरा बने हुए थे, अब उन्हें मैदान से हटा दिया गया है। बिजली लाइन के हटने से अब यह मैदान पूरी तरह सुरक्षित हो गया है और युवाओं ने राहत की सांस लेते हुए स्थानीय विधायक भुवनेश्वर गौड़ तथा विद्युत विभाग का आभार व्यक्त किया है।

गौरतलब है कि गांव दुआड़ा के युवाओं ने लगभग दस वर्षों के लंबे इंतजार और कड़ी मेहनत के बाद अपने श्रमदान से इस खेल मैदान को तैयार किया था। मैदान बनने के बाद यहां दुआड़ा कप क्रिकेट प्रतियोगिता जैसे खेल आयोजनों की शुरुआत हुई, जिसमें क्षेत्र की करीब 20 से अधिक टीमों ने भाग लिया। लेकिन मैदान के ठीक बीच से गुजर रही 11 केवी हाईटेंशन लाइन खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए लगातार खतरा बनी हुई थी।



दुआड़ा मैदान से हटाई बिजली की लाइन। अनंत ज्ञान

क्रिकेट जैसे खेल में ऊंचे शॉट और तेज गेंदबाजी के कारण गेंद का बिजली लाइन से टकराने का खतरा बना रहता था। इसके अलावा मैदान के बीच लगे पोल खिलाड़ियों के लिए भी जोखिम पैदा करते थे। इस स्थिति को देखते हुए गांव के युवाओं ने स्थानीय विधायक भुवनेश्वर गौड़ से इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग उठाई थी।

युवाओं की मांग को गंभीरता से लेते हुए विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने इस विषय को संबंधित विभाग के समक्ष रखा और जल्द समाधान के लिए पहल की। इसके बाद विद्युत विभाग ने कार्रवाई करते हुए मैदान के बीच से गुजर रही 11 केवी लाइन को हटाकर दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया। बिजली लाइन हटने के बाद अब मैदान पूरी तरह सुरक्षित हो गया है, जिससे खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

दुआड़ा के युवाओं ने कहा कि यह केवल एक तकनीकी समस्या का समाधान नहीं, बल्कि गांव के युवाओं के सपनों को नई उड़ान देने वाला कदम है। उन्होंने विधायक भुवनेश्वर गौड़ और बिजली बोर्ड का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब इस मैदान में बिना किसी खतरे के खेल गतिविधियों का आयोजन किया जा सकेगा।

युवाओं का कहना है कि दुआड़ा कप जैसी प्रतियोगिताओं का उद्देश्य केवल खेल आयोजन नहीं, बल्कि युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखना और उन्हें खेलों के माध्यम से सकारात्मक दिशा देना है। अब मैदान सुरक्षित होने से नियमित अभ्यास, टूर्नामेंट और अन्य खेल गतिविधियां और बेहतर तरीके से आयोजित की जा सकेंगी। ग्रामीणों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि खेल मैदान से बिजली लाइन हटने के बाद यह स्थान आने वाले समय में क्षेत्र के युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण खेल केंद्र बन सकता है। इससे गांव की खेल प्रतिभाओं को निखरने का अवसर मिलेगा और क्षेत्र में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा।

# श्रीराम लोक मंदिर रुड़ा में महायज्ञ में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



अनंत ज्ञान

**सोलन।** कंडाघाट के रुड़ा स्थित श्रीराम लोक मंदिर में रामनवमी के पावन अवसर पर संस्थापक बाबा रामदेव की अगुआई में भव्य महायज्ञ का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में स्थानीय लोगों के साथ-साथ देश के विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पूर्ण आहुति डाली। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण बना रहा तथा श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। महायज्ञ 13 मार्च से आरंभ होकर 28 मार्च तक चला। इस दौरान शिव महापुराण कथा, 108 हनुमान चालीसा का पाठ, रुद्र पाठ, चंडी पाठ तथा अखंड रामायण पाठ जैसे कई धार्मिक अनुष्ठान विधि-विधान के साथ संपन्न किए गए। महायज्ञ के अंतिम दिन विशेष हवन का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने मिलकर पूर्णाहुति डाली। इस अवसर पर स्वामी अमरदेव ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा और आध्यात्मिक जागरूकता बढ़ती है।

# 5.9 लाख लोगों के बनेंगे आभा कार्ड

## सोलन में डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगा बढ़ावा

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** जिला सोलन में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक, पारदर्शी और सुलभ बनाने की दिशा में तेजी आई है। जिले की लगभग 90 प्रतिशत आबादी को कवर करते हुए अब तक करीब 5.9 लाख लोगों के आभा कार्ड सफलतापूर्वक जारी किए जा चुके हैं।

◆ **इलाज की प्रक्रिया होगी काफी सरल**

यह कार्ड न केवल मरीजों का पूरा स्वास्थ्य रिकॉर्ड डिजिटल रूप में सुरक्षित रखता है, बल्कि अस्पतालों में इलाज की प्रक्रिया को पहले की तुलना में कई गुना तेज, आसान और व्यवस्थित बना रहा है। सोलन जिला, जो हिमाचल प्रदेश का एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य केंद्र है, इस मिशन में देशभर में अग्रणी जिलों में शुमार हो गया है।

### पुरानी रिपोर्ट्स, पर्चियां साथ लाने का झंझट होगा खत्म

**मुख्य** चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय पाठक ने बताया कि आभा कार्ड एक यूनिक 14-अंकीय हेल्थ आईडी है, जो मरीज की सभी मेडिकल जांच रिपोर्ट्स, पर्चियां, दवाओं का इतिहास, एलर्जी की जानकारी और पूर्व उपचार विवरण को क्लाउड पर सुरक्षित संग्रहीत करता है। अब मरीजों को हर बार पुरानी रिपोर्ट्स और पर्चियां साथ लाने की झंझट से मुक्ति मिल गई है। डॉक्टर मोबाइल ऐप या कंप्यूटर पर तुरंत मरीज की पूरी मेडिकल हिस्ट्री देख सकते हैं, जिससे सही दवा और सटीक उपचार संभव होता है। इससे न केवल समय की बचत हो रही है, बल्कि चिकित्सकीय त्रुटियां भी कम हुई हैं।

### जिले में इन स्वास्थ्य केंद्रों में मिलेगी प्राथमिकता

**डॉ. पाठक** ने बताया कि जिले के क्षेत्रीय अस्पताल सोलन, कंडाघाट, अर्की, नालागढ़, बरोटीवाला और अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आभा कार्ड को पूरी प्राथमिकता दी जा रही है। इन संस्थानों में अब पंजीकरण काउंटर पर आभा कार्ड स्कैनर लगाए गए हैं, जिससे ओपीडी रजिस्ट्रेशन मात्र कुछ सेकेंड में पूरा हो जाता है। इसके अलावा, टेलीमेडिसिन सेवाओं और ई-संजीवनी ऐप के माध्यम से भी आभा कार्ड का एकीकरण किया गया है, जिससे दूरदराज के गांवों के मरीज घर बैठे विशेषज्ञों से परामर्श ले सकते हैं। जिले में अब तक 50 से अधिक स्वास्थ्य केंद्रों पर यह सुविधा पूरी तरह चालू है।

### मरीजों से अपील : अस्पताल जाते समय आभा कार्ड साथ रखें

**मरीजों** से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि अस्पताल जाते समय अपना आभा कार्ड या मोबाइल नंबर अवश्य साथ रखें। आभा कार्ड बनाने के लिए केवल आधार कार्ड या मोबाइल नंबर की जरूरत पड़ती है और यह पूरी तरह मुफ्त है। इस पहल से न केवल स्वास्थ्य सेवाएं डिजिटल हो रही हैं, बल्कि पेपरलेस और कैशलेस इलाज की दिशा में सोलन एक मिसाल बन रहा है।

### 1.2 लाख से अधिक कार्ड घर-घर पहुंचाए

**इस** प्रगति के पीछे जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग की टीमों और स्थानीय आशा कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका रही है। विशेष अभियान चलाकर स्कूलों, कॉलेजों, बाजारों और ग्राम पंचायत स्तर पर आभा कार्ड बनवाए गए। अब तक 1.2 लाख से अधिक कार्ड मोबाइल वैन के जरिए घर-घर पहुंचाए गए हैं। डॉ. पाठक ने बताया कि मिशन के तहत 100 प्रतिशत आबादी को कवर करने का लक्ष्य 2026 के अंत तक हासिल किया जाएगा। अभी जिले की कुल आबादी करीब 6.5 लाख है, जिसमें से शेष लोगों के लिए विशेष कैंप आयोजित किए जा रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### पेट्रोल-डीजल की एक्साइज ड्यूटी घटाने पर केंद्र का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता मेला राम शर्मा और जिला महासचिव रणबीर ठाकुर ने केंद्र में मोदी सरकार का पेट्रोल और डीजल की एक्साइज ड्यूटी घटाने पर आभार जताया है। भाजपा नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल की एक्साइज ड्यूटी 10 रुपए प्रति लीटर की कमी करके राष्ट्र की जनता को महंगाई की मार से बचाया है। उन्होंने कहा कि डीजल और पेट्रोल में के दाम में प्रति लीटर 10 की कमी आने से पूरे राष्ट्र में सभी वस्तुओं के दाम घटेंगे और देश की जनता को खाद्यान्न, भवन निर्माण सामग्री और हर प्रकार की चीजे सस्ते भाव में उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि जहां एक और केंद्र की भाजपा सरकार पूरे राष्ट्र के लोगों को महंगाई की मार से बचाना चाह रही है, वहीं दूसरी ओर हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार डीजल और पेट्रोल के दाम बढ़ाकर प्रदेश की जनता को महंगाई की गर्त में धकेल रही है।

### सिरमौर में एचपीवी वैक्सीन अभियान 29 मार्च से 24 मई तक : सीएमओ

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर में सर्वाइकल कैंसर (बच्चेदानी के मुंह का कैंसर) से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान के तहत 29 मार्च, 5 अप्रैल, 12 अप्रैल, 19 अप्रैल, 10 मई व 24 मई को जिला के छह चिकित्सा खंडों में चयनित सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर 14-15 वर्ष की आयु वर्ग की किशोरियों को टीका लगाया जाएगा। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राकेश प्रताप ने देते हुए बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिले के 19 कोल्ड चेन स्थल निर्धारित किए गए हैं, जिसमें चिकित्सा खंड धगेड़ा में एमसीएच सेंटर मेडिकल कॉलेज नाहन तथा सिविल अस्पताल ददाहू, खंड संगडाह में सीएचसी संगडाह, सीएचसी हरिपुरधार, सीएचसी नोहराधार, पीएचसी काटिधीमान (सीएच ददाहू में) खंड राजपुर में सिविल अस्पताल पांवटा साहिब, सीएचसी राजपुर, पीएचसी सतौन, पीएचसी कुंड़ियां, पीएचसी कमरऊ, पीएचसी गोरखुवाला, पीएचसी जाखना तथा पीएचसी रामपुर भारापुर, और खंड शिलाई में सिविल अस्पताल शिलाई, खंड राजगढ़ में सिविल अस्पताल राजगढ़ तथा चिकित्सा खंड पच्छाद में सिविल अस्पताल सराहां व पीएचसी नारग में एचपीवी वैक्सीन का निःशुल्क टीका लगाया जाएगा।

### त्रिलोकपुर-पालियों संपर्क मार्ग पर अज्ञात शव बरामद, पोस्टमार्टम के लिए भेजा अस्पताल

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पालियों संपर्क मार्ग पर शनिवार को पुलिस ने एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया है। शव की अभी तक शिनाख्त नही हो पाई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया है। जानकारी के अनुसार 26 वर्षीय युवक सड़क किनारे लगे पैराफिट पर सोया हुआ था। दोपहर के वक्त संतुलन बिगड़ने के कारण वह पैराफिट से सीधे नीचे गहरे खाले में जा गिरा। मृतक की बाजू पर 'धनेश्वर प्रजापति' नाम का टैटू बना हुआ है। पुलिस इसी नाम को आधार मानकर उसकी पहचान के प्रयास कर रही है। एसपी एनएस नेगी ने पुष्टि करते हुए बताया कि मृतक किसी राज्य का निवासी है। एसपी ने बताया कि मेडिकल कॉलेज नाहन भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### मालरोड में दो गुटों के बीच चले लाठी और डंडे

**सोलन।** शहर के हृदयस्थल मालरोड पर अफरातफरी मच गई, जब दो गुटों की मामूली कहासुनी लाठी-डंडों वाली मारपीट में बदल गई। आनंद कॉम्प्लेक्स के पास हुई इस घटना से दुकानदार और ग्राहक दहशत में भागे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, छोटी-मोटी बहस जल्द ही हिंसक झड़प बन गई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर डंडे बरसाए, जिससे बाजार में दुकानें बंद हो गईं और लोग सुरक्षित ठिकानों की तलाश में दौड़े। दुकानदारों ने बताया कि ऐसी घटनाएं बाजार के माहौल को बिगाड़ती हैं और डर फैलाती हैं। खरीदारों ने भी कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए। सौभाग्य से कोई घायल नहीं हुआ, लेकिन लोगों ने पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### खेलो इंडिया के तहत शावगा में दो दिवसीय बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** जगढ़ उपमंडल के शावगा में खेलो इंडिया के अंतर्गत बालिकाओं की दो दिवसीय अस्मिता वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ सेवानिवृत्त एवं स्टेट अवार्डी रणवीर ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि किया। प्रतियोगिता का समापन शावगा स्कूल की कार्यकारी प्रधानाचार्य प्रभा किरण की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। समापन अवसर पर उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी छात्राओं को प्रमाण-पत्र वितरित किए। प्रतियोगिता में फागु की टीम ने प्रथम जबकि शावगा की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जिला सिरमौर वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष पृथ्वीराज ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों तथा स्वयं सहायता समूहों की 200 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया।

### सोलन के न्यू कथेड़ में बार बार धंस रहे एनएच को लेकर सांसद को भेजा पत्र

**अनंत ज्ञान, सोलन।** व्यापार मंडल सोलन के पूर्व प्रधान व भाजपा नेता मुकेश गुप्ता ने नेशनल हाईवे के न्यू कथेड़ में फोरलेन की सर्विस लाइन के बार-बार धंसने के मामले को लेकर सांसद सुरेश कश्यप को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। गुप्ता ने कहा कि सड़क यह का हिस्सा पिछले तकरीबन चार साल से बार-बार धंसने से न्यू कथेड़ को जाने सडक बंद हो जाती है, जिसकी वजह से लोगों व व्यापारियों खासी दिक्कतें पेश आ रही हैं। इससे एनएचएआई की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। गुप्ता ने सांसद से व्यक्तिगत तौर पर मौके का जायजा लें साथ ही जनता की सुविधा के लिए उचित संज्ञान लेने की मांग की।

### नशे की ओर बढ़ रहे युवाओं को रंगमंच से जोड़ना बेहतर प्रयास

**अनंत ज्ञान, नाहन।** विश्व रंगमंच दिवस के मौके पर जिला मुख्यालय नाहन में हिमजनक मंच द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें रंगमंच से जुड़े कई कलाकार शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान जहां रंगमंच से जुड़े कलाकारों को सम्मानित किया गया, वहीं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सामाजिक संदेश देने का भी प्रयास किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे रंगमंच से जुड़े कलाकार नीरज गुप्ता ने बताया कि 27 मार्च, 1961 में इंटरनेशनल थिएटर इंस्टीट्यूट द्वारा रंगमंच दिवस की शुरुआत की थी। कार्यक्रम के आयोजक सिद्धार्थ नेगी ने बताया कि रंगमंच दिवस के मौके पर आज इन जनक मंच द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें रंगमंच जुड़े कई कलाकारों को सम्मानित भी किया गया।

## तीन प्रतिशत वेतन कटौती का प्रवक्ता संघ को लगा झटका

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला सिरमौर ने हाल ही में प्रस्तुत बजट में कलास-बी कर्मचारियों के वेतन की तीन प्रतिशत कटौती का कड़ा विरोध किया है। संघ ने कहा कि कहां प्रवक्ता इस बजट में लंबित 13 मंहगाई भते एवं एरियर की कुछ आंशिक राहत की आस लगाए बैठे थे और कहां वेतन कटौती का झटका मिला। हिमाचल प्रदेश विद्यालय प्रवक्ता संघ राज्य चेयरमैन सुरेंद्र पुंडीर, राज्य विशिष्ट सदस्य नरेंद्र नेगी, जिला अध्यक्ष डॉक्टर आईडी राही, राज्य संरक्षक रमेश नेगी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय शर्मा, महिला विंग सिरमौर अध्यक्ष संध्या चौहान, जिला सिरमौर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा, महासचिव दिनेश शर्मा, कोषाध्यक्ष लाल सिंह ठाकुर व अन्य सभी ने कहा कि श्रेणी-बी में जो कर्मचारी आते हैं, वे बहुतायात मध्यम वर्ग से संबंध रखते हैं। इस तरह की कटौती समस्त घरेलू वित्त व्यवस्था को बिगाड़ने का मुख्य कारक सिद्ध होगी।

# नशे पर अंकुश लगाने के लिए सभी की एकजुटता आवश्यक : उपायुक्त

## जिला स्तरीय नारको समन्वय समिति की बैठक आयोजित

अनंत ज्ञान

**सोलन।** उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि नशे जैसी सामाजिक बुराई पर अंकुश लगाने के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। मनमोहन शर्मा शनिवार को जिला स्तरीय नारको समन्वय समिति (एनसीओआरडी) के तहत आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मनमोहन शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार मादक पदार्थ चिट्टे के विरुद्ध 'चिट्टा मुक्त सोलन अभियान' कार्यान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला सोलन को चिट्टा मुक्त बनाने के लिए विभिन्न स्थानों पर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही सोलन में चिट्टा मुक्त विशाल रैली का आयोजन किया जाएगा।

उपायुक्त ने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि शिक्षण संस्थानों के आस-पास का समय-समय पर निरीक्षण सुनिश्चित बनाए। इस दिशा में विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विद्यालय स्तर पर आंतरिक जागरूकता भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य मादक पदार्थों पर रोक लगाना है। सोलन को चिट्टा मुक्त बनाने के लिए ग्राम पंचायत स्तर तक समितियों का गठन किया गया है। बैठक में विश्वविद्यालय प्रतिनिधियों सहित स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने बहुमूल्य सुझाव प्रस्तुत किए।



बैठक की अध्यक्षता करते डीसी मनमोहन शर्मा। अनंत ज्ञान

## भावना व हिमानी को मिली श्रीनिवास रामानुजन स्टूडेंट्स डिजिटल छात्रवृत्ति

अनंत ज्ञान



**दाड़लाघाट।** राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट के लिए यह अत्यंत गर्व का क्षण रहा, जब महाविद्यालय की दो पूर्व छात्राओं भावना शर्मा और हिमानी वर्मा को श्रीनिवास रामानुजन स्टूडेंट्स डिजिटल योजना के अंतर्गत 16-16 हजार रुपए की छात्रवृत्ति से सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि न केवल छात्राओं की मेहनत और प्रतिभा का प्रमाण है, बल्कि महाविद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और मार्गदर्शन को भी दर्शाती है।

◆ **16 हजार रुपए की छात्रवृत्ति से हुईं सम्मानित**

छात्रवृत्ति प्रभारी डॉ. भावना आजाद ने बताया कि भावना शर्मा और हिमानी वर्मा वर्ष 2024 में महाविद्यालय से उत्तीर्ण हुई थीं। दोनों छात्राओं का चयन उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों एवं मेरिट के आधार पर किया गया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की योजनाएं विद्यार्थियों को आगे बढ़ने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करती हैं। इस अवसर पर भावना शर्मा ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि महाविद्यालय से प्राप्त मार्गदर्शन और शिक्षकों के सहयोग ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं हिमानी वर्मा ने भी बताया कि यह छात्रवृत्ति उनके आत्मविश्वास को और मजबूत करेगी तथा उन्हें अपने करियर में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।

## पुलिस की कार्रवाई : पांवटा में ओवर लोडिड 4 डंपर किए जब्त

अनंत ज्ञान

**नाहन।** पांवटा साहिब ब्लॉक में ओवरलोडिंग के खिलाफ पुलिस ने शिकंजा कसते हुए बीती देर रात एक विशेष अभियान के तहत सड़कों पर दौड़ रहे ओवरलोडिड डंपरों के खिलाफ कड़ी कारवाई करते हुए 4 डंपरों को कब्जे में लिया है।

देर रात जब ये डंपर क्षमता से अधिक माल लादकर गुजर रहे थे, तो पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया। तलाशी और वजन की जांच में पाया गया कि वाहन तय सीमा से कहीं अधिक भार ले जा रहे थे। मामले की पुष्टि करते हुए पांवटा के डीएसपी मानवेंद्र ठाकुर ने बताया कि कब्जे में लिए गए चारों डंपरों के चालान किए गए हैं। वाहनों का अंतिम चालान और जुर्माने की राशि अदालत द्वारा ही तय की जाएगी। ओवरलोडिंग के मामलों में अब मौके पर मामूली जुर्माना करने के बजाय सीधे अदालती कार्रवाई की जा रही है, ताकि वाहन चालकों में डर बना रहे।

◆ **चालान और जुर्माने की राशि अदालत करेगी तय**

### गौशाला के अंदर रखी 16 गत्ता पेटियां देशी शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पुलिस थाना कसौली की एक टीम को सूचना प्राप्त हुई कि विरेंद्र कुमार नामक व्यक्ति अपने रिहायशी मकान में अवैध रूप से शराब बेचने का कार्य करता है तथा उक्त मकान की तलाशी ली जाए, तो भारी मात्रा में शराब बरामद हो सकती है। सूचना के आधार पर टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए उक्त मकान में दबिश दी गई। तलाशी के दौरान मकान के नीचे बनी गौशाला के अंदर रखी कुल 16 गत्ता पेटियां देशी शराब बरामद की गईं। इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी विरेंद्र कुमार से गहन पूछताछ की गई। मामले में जांच जारी है।

## ड्रॉ प्रक्रिया से नप पांवटा साहिब में महिलाओं के लिए 5 वार्ड आरक्षित

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** एसडीएम पांवटा साहिब, द्विज गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि उपमंडलाधिकारी कार्यालय में नगरपालिका परिषद पांवटा साहिब के पांच वार्डों को महिलाओं के लिए आरक्षित करने हेतु लॉट (ड्रा) प्रक्रिया आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि लॉट (ड्रॉ) प्रक्रिया के तहत नगरपालिका परिषद पांवटा साहिब के वार्ड नंबर 2, 3, 4, 6 तथा 12 को महिलाओं के लिए आरक्षित किया गया है। एसडीएम ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग, हिमाचल प्रदेश के निर्देशों की अनुपालना में नगर पालिका परिषद पांवटा साहिब के कुल 13 वार्डों में से वार्ड नंबर 10 एवं 11 (दो वार्ड) अनुसूचित वर्ग के लिए आरक्षित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि शेष वार्डों में से 5 वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित किए जाने प्रस्तावित थे, जिनके लिए लॉट (ड्रॉ) प्रक्रिया संपन्न की गई।

## वॉलीबॉल सिटी लीग में सोलन बना चैंपियन, कीप्स रहा रनरअप



विजेता टीम मुख्यअतिथि के साथ। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**कसौली।** कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल (किप्स), सनवारा में 'साई अस्मिता खेलो इंडिया: एम्पावरिंग वीमेन थ्रू वॉलीबॉल सिटी लीग' का समापन हुआ। यह प्रतियोगिता 27 से 28 मार्च तक स्कूल परिसर में आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य महिलाओं को खेलों के माध्यम से सशक्त बनाना और वॉलीबॉल में उनकी भागीदारी को बढ़ावा देना है।

प्रतियोगिता के दूसरे और अंतिम दिन कड़े मुकाबलों के बाद सोलन की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि मेज़बान कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल की टीम दूसरे स्थान पर रही तथा गीता आदर्श विद्यालय, सोलन वॉलीबॉल टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच मिलता है, बल्कि महिलाओं के आत्मविश्वास और सशक्तिकरण को भी बढ़ावा मिलता है। इस अवसर पर सुभाष चंद्र बतौर मुख्यतिथि रहे। मुख्यातिथि ने अपने भाषण में विद्यालय द्वारा शिक्षा और खेलकूद के क्षेत्र में विद्यालय द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

## गैस सिलेंडर लीक होने से टी-स्टॉल में लगी आग

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट क्षेत्र की चंडी सेवड़ी पंचायत में आयोजित मेले के दौरान उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब रूडाल सड़क पर परस राम की बिल्डिंग में स्थित मस्त राम की दुकान ठाकुर टी-स्टॉल में गैस सिलेंडर लीक होने के कारण अचानक आग लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सिलेंडर से गैस लीक होने के चलते आग भड़क उठी, जिससे दुकान में रखा फ्रिज सहित अन्य सामान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार करीब 50 से 60 हजार रुपए तक का नुकसान हुआ है। इस बीच अग्निशमन विभाग चौकी अर्की को दोपहर को सूचना मिली, जिसके बाद टीम तुरंत मौके के लिए रवाना हुई। जब तक दमकल टीम मौके पर पहुंची, तब तक स्थानीय लोगों द्वारा आग पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा चुका था। इसके बाद दमकल कर्मियों ने स्थिति को पूरी तरह नियंत्रित करते हुए आग को बुझा दिया।

# शत-प्रतिशत रहा सेंट बीर्स इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम

## बच्चों की लग्न व स्टाफ की मेहनत से उत्कृष्ट रहा परिणाम : दिव्या राणा

अनंत ज्ञान

**बीबीएन।** औद्योगिक क्षेत्र बीबीएन के प्रतिष्ठित स्कूल सेंट बीर्स इंटरनेशनल के बच्चों ने अपनी काबलियत का लोहा मनवाते हुए स्कूल का नाम फिर से रोशन किया है। सेंट बीर्स इंटरनेशनल स्कूल प्रबंधन व स्टाफ की मेहनत की बदौलत इस बार भी स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिससे बच्चों व अभिभावकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। छोटी कक्षाओं से लेकर बड़ी कक्षाओं के अधिकतर बच्चों ने अपनी मेहनत व शिक्षा के प्रति लग्न की बदौलत 90 से 99 प्रतिशत के बीच अंक हासिल किए हैं।

विद्यालय की प्रधानाचार्या दिव्या राणा एवं एमडी करनवीर राणा सिंह ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए अनेक नई शिक्षा योजनाएं लाने का भरोसा दिलाया। प्रिंसिपल दिव्या राणा ने बताया के इस सैशन में शिक्षा, धर्म, बैकिंग, स्वास्थ्य, पर्यावरण व औद्योगिक जानकारी से सेमिनार आयोजित किये जाएंगे, जिससे बच्चों का बौद्धिक व मानसिक विकास सुनिश्चित किया जा सके। प्रिंसिपल दिव्या राणा ने कहा कि स्कूल की कोऑर्डिनेटर बबली जांगड़ा, अनवर खान, सुनीता, सपना ठाकुर, प्रबजोत कौर, चारू गर्ग, अंजली, रेखा कुमारी, संजू देवी, आरती शर्मा, चांदनी, शहिना अंजुम, रिया शर्मा, सुनील, सुरेश , सुलेखा, अनुराधा एवं सभी शिक्षकों की मेहनत व समर्पण से ही विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है।



सेंट बीर्स इंटरनेशनल स्कूल मलपुर के घोषित वार्षिक परीक्षा परिणाम के दौरान मेधावी बच्चे व अभिभावक प्रधानाचार्य दिव्या राणा के साथ। अनंत ज्ञान

**सरोकार** सरकार ने दी विकास योजनाओं को सैद्धांतिक स्वीकृति

# पांवटा साहिब में विकास को मिली रफ्तार

अनंत ज्ञान

**अनुराग गुप्ता, पांवटा साहिब।** पांवटा साहिब विधानसभा के विकास कार्यों के लिए विधानसभा सत्र के दौरान विधायक सुखराम चौधरी के प्रयास रंग लाए। विधानसभा में सरकार ने आश्वासन दिया है कि पांवटा साहिब विधानसभा क्षेत्र के जो काम 70 प्रतिशत पूरे हो चुके हैं, उन कामों के लिए अनुमानित बजट अनुसार धनराशि स्वीकृत की जाएगी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह, उपमुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने इन कामों हेतु सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। पांवटा साहिब विधानसभा में श्री गुरु गोविंद सिंह महाविद्यालय के भवन कार्य को पूरा करने के लिए 2 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। इसके अतिरिक्त पुरूवाला स्कूल में साइंस लैब, नघेता स्कूल के भवन को पूरा करने हेतु भी अनुमानित बजट अनुसार धनराशि स्वीकृत करने को मंजूरी प्रदान की गई है।

◆ **विधायक सुखराम चौधरी के प्रयास लाए रंग**

जलशक्ति विभाग में पांवटा साहिब विधानसभा में हिमकैड योजना के माध्यम से लगे 133 सिंचाई ट्यूबवेलों को पूरा करने के लिए भी अनुमानित बजट अनुसार धनराशि स्वीकृति को सैद्धांतिक मंजूरी दी गई है।



सुखराम चौधरी ने कहा कि वह निरंतर पांवटा साहिब की जनता की आवाज को विधानसभा में सरकार के समक्ष उठा रहे हैं, जिसका सकारात्मक परिणाम मिला है। उन्होंने उम्मीद जताई कि नावघाट सिंघपुरा से विकासनगर को जोड़ने वाला यमुना पुल भी जल्द पूरा होकर जनता को समर्पित होगा।

### नगर पंचायत राजगढ़ के वार्डों की आरक्षण सूची जारी

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** आगामी शहरी निकायों के चुनाव को मध्यनजर रखते हुए नगर पंचायत राजगढ़ के वार्डों का आरक्षण कार्य भाग्य पत्रक के माध्यम से शनिवार को एसडीएम राजगढ़ राजकुमार ठाकुर की अध्यक्षता में संपन हुआ। जिसमें वार्ड एक (कलोनी वार्ड) को अनारक्षित, वार्ड नंबर दो (बस स्टैंड वार्ड) अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित, वार्ड नंबर 3 (राधा कृष्ण मंदिर वार्ड) अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित, वार्ड नंबर 4 (नेहरू मैंदान वार्ड) अनारक्षित महिला के लिए, वार्ड नंबर 5 (स्कूल वार्ड) भी अनारक्षित महिला के लिए, वार्ड नंबर 6 (पुलिस थाना वार्ड) अनारक्षित और वार्ड नंबर 7 गांव कोटली (हड़ेच वार्ड) को अनारक्षित किया गया है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### चोट के कारण जोकोविच ने मोंटेकार्लो मास्टर्स से वापस लिया अपना नाम



**एजेंसी, मोनाको।** नोवाक जोकोविच ने दाहिने कंधे की चोट के कारण मियामी ओपन में भाग न लेने के बाद मोंटेकार्लो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट से भी नाम वापस ले लिया है। इस क्लेकोर्ट टूर्नामेंट के आयोजकों ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर जोकोविच के टूर्नामेंट से हटने की घोषणा करते हुए लिखा, "हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं और उम्मीद करते हैं कि वह जल्द ही कोर्ट पर वापसी करेंगे।" इस पोस्ट में 38 वर्षीय जोकोविच के टूर्नामेंट से हटने का कारण स्पष्ट नहीं किया गया है, लेकिन 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने दो सप्ताह पहले बीएनपी परिबास ओपन के चौथे दौर में जैक ड्रेपर से तीन सेटों में हारने के बाद से कोई मैच नहीं खेला है। एक साल पहले मोंटेकार्लो में जोकोविच दूसरे दौर में एलेजांद्रो तबिलो से हार गए थे। दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी जोकोविच ने भी टूर्नामेंट से नाम वापस लेने के बारे में कोई टिप्पणी नहीं की है। (अनंत ज्ञान)

### नवनीत कौर ने प्लेयर ऑफ द ईयर अवॉर्ड मिलने पर जताई खुशी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम की स्टार फॉरवर्ड नवनीत कौर ने हॉकी इंडिया आठवें वार्षिक अवॉर्ड्स 2025 में 'प्लेयर ऑफ द ईयर (महिला)' का प्रतिष्ठित सम्मान मिलने पर खुशी जाहिर की। उन्हें यह सम्मान हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर अवॉर्ड के तहत प्रदान किया गया। नवनीत कौर के लिए बीता साल बेहद शानदार रहा, जहां उन्होंने भारतीय टीम के लिए लगातार बेहतरीन प्रदर्शन किया। हैदराबाद में आयोजित एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप क्वालीफायर में उन्होंने अहम भूमिका निभाते हुए भारत को रजत पदक दिलाने में योगदान दिया। इस टूर्नामेंट में उन्होंने चार गोल किए और 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' भी चुनी गईं। इसके अलावा महिला एशिया कप 2025 में भी नवनीत का प्रदर्शन दमदार रहा, जहां भारत ने रजत पदक जीता। इस प्रतियोगिता में उन्होंने छह गोल दागे। इसी दौरान उन्होंने अपने करियर का एक बड़ा मुकाम हासिल करते हुए 200 अंतरराष्ट्रीय मैच भी पूरे किए। पुरस्कार मिलने के बाद नवनीत कौर ने कहा, "इस सम्मान को पाकर मैं बेहद गौरवान्वित महसूस कर रही हूं। यह उपलब्धि मेरी टीम के साथियों के सहयोग और विश्वास के बिना संभव नहीं थी। मैं हॉकी इंडिया का भी धन्यवाद करना चाहती हूं, जो हर साल इस तरह का मंच उपलब्ध कराता है, जिससे खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलती है।" (अनंत ज्ञान)

### आर्थिक चुनौतियों के बावजूद वेट लिफ्टिंग में पहचान बना रहे हेम्ब्रम

**एजेंसी, रायपुर।** सीमित संसाधनों और आर्थिक तंगी के बावजूद झारखंड के युवा वेटलिफ्टर बाबूलाल हेम्ब्रम अपने संघर्ष और मेहनत के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहे हैं। रामगढ़ जिले के केरिबांदा गांव से आने वाले बाबूलाल आज एक-एक पदक के साथ अपने सपनों को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। कोच गुरविंदर सिंह की सलाह पर वेटलिफ्टिंग को अपनाने वाले बाबूलाल के लिए शुरुआती दौर बेहद चुनौतीपूर्ण रहा। संसाधनों की कमी के कारण उन्होंने निर्माण स्थलों पर बांस और लोहे की रॉड से अभ्यास शुरू किया। बाद में उन्होंने झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी के प्रशिक्षण केंद्र में प्रवेश लिया, जहां वे प्रतिदिन लगभग 60 किलोमीटर की दूरी तय कर प्रशिक्षण प्राप्त करते रहे। 19 वर्षीय बाबूलाल ने बताया कि उनके परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर रही है। उनकी मां स्थानीय स्कूल में रसोइया हैं, जबकि पिता छोटे-मोटे काम करते हैं। इन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और खेल के प्रति अपने समर्पण को बनाए रखा। (अनंत ज्ञान)

### खूबसूरत टेबल टेनिस खिलाड़ी

**मनिका** बत्रा एक प्रमुख भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी हैं, जो एशियाई कप में कांस्य पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला, राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता, और ओलंपिक में राउंड ऑफ 32 तक पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी हैं। वे अपनी आक्रामक खेल शैली और खूबसूरती के लिए जानी जाती हैं।



अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

'अनंत ज्ञान' की प्रति प्राप्त करने
समाचार, विज्ञापन, शुभकामना संदेश
एवं निविदा प्रकाशित करने के लिए संपर्क करें।

''अनंत ज्ञान – आपकी आवाज, आपका समाचार पत्र''

शिमला – सत्यदेव भारद्वाज, ब्यूरो चीफ, मो. 70181-60595
धर्मशाला – राजेश कुमार, जिला प्रभारी, मो. 98164-48474
सोलन – मोहन चौहान, जिला प्रभारी, मो. 94181-57519
मंडी – अनिल शर्मा, ब्यूरो चीफ, मो. 94189-80288
हमीरपुर – विक्रम ढटवालिया, ब्यूरो चीफ, मो. 94180-03422
बिलासपुर – अरुण डोगरा, जिला प्रभारी, मो. 90159-09310
चंबा – राहुल सहगल, वरिष्ठ संवाददाता, मो. 78278-66759
ऊना – राजेश शर्मा, ब्यूरो चीफ, मो. 98163-96500
कुल्लू एवं लाहौल/स्पीति – कमलेश वर्मा, जिला प्रभारी, मो. 86298-97600
पठानकोट – अशोक ठाकुर, विशेष संवाददाता, मो. 94184-85666
चंडीगढ़/मोहाली – गुरनाम सागर, स्टाफ रिपोर्टर, मो. 99153-26615

Head Office:- Plot No.8, Phase-II, Ind. Area Nagrota Bagwan, Distt. Kangra (H. P.)- 176047
Contact: 01892-299098, 98168-75517
Email: anantgyaanmedia@gmail.com

# आरसीबी–हैदराबाद मैच से आईपीएल का आगाज

## जैकब डफी ने आईपीएल में अपने डेब्यू मैच में 22 रन देकर लिए तीन विकेट

**एजेंसी, बेंगलुरु**

आईपीएल के 19वें सीजन (आईपीएल–2026) का शनिवार को आगाज हो गया। डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के बीच उद्घाटनी मैच खेला गया। चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। 8 ओवर के बाद हैदराबाद ने 3 विकेट के नुकसान पर 70 रन बना लिए थे।



टीम से ईशान किशन और हेनरिक क्लासन पिच पर हैं। जैकब डफी ने अभिषेक शर्मा, नीतीश रेड्डी और ट्रैविस हेड को कैच कराया। अभिषेक ने 7, नीतीश ने 1 और हेड ने 11 रन बनाए। बेंगलुरु ने पहली पारी के 8वें ओवर में ही इम्पैक्ट प्लेयर नियम का इस्तेमाल कर लिया। जैकब डफी 4 ओवर फेंकने के बाद बाहर चले गए। उनकी जगह देवदत्त पडिक्कल इम्पैक्ट सब बनकर मैदान में आए। वे नंबर–3 पर बैटिंग करेंगे। डफी ने अपने डेब्यू मैच में 22 रन देकर 3 विकेट लिए। (अनंत ज्ञान)

# नेपाल में चमके चंबा के पंकज बसंत एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जीता सोना

**अनंत ज्ञान**

**चंबा।** नेपाल में हुई अंतरराष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत देश की ओर हिमाचल प्रदेश राज्य के जिला चंबा(सलूणी) निवासी पंकज बसंत ने रिले दौड़ 3 किमी में प्रथम स्थान (गोल्ड मेडल) हासिल कर देश, प्रदेश व जिला का नाम किया है। धावक पंकज बसंत ने बताया कि वह हिमाचल प्रदेश के जिला चंबा के तहसील सलूणी के छोटे से गांव खरोठी से संबंधित है।

उन्होंने कहा कि अपनी इस उपलब्धि का श्रेय धावक पंकज बसंत माता रेशमा देवी पिता कुलदीप कुमार भाई मोहित बसंत व बहन सपना ठाकुर सहित विशेषतौर लूना अकादमी जिला



कांगड़ा के कोच को देते हैं, जिनके मार्गदर्शन से वह यह मुकाम हासिल कर पाए हैं। उन्होंने बताया कि बचपन से वह सफल धावक बनने की हसरत रखते थे। उन्होंने कहा कि वह एक निर्धन परिवार से संबंध रखते हैं। वह जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में लगातार भाग लेते रहे व कुछ समय पश्चात लूना अकादमी जिला कांगड़ा में प्रवेश लिया, जहां एथलेटिक्स के कई तकनीकी पहलुओं का उन्हें बारीकी से अध्ययन के अवसर प्राप्त हुए। इसकी बदौलत वह राज्य स्तरीय, राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं में एक बाद एक कामयाबी की सीढ़ी चढ़ते हुए नेपाल देश में आयोजित हो रही अंतरराष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप तक पहुंच सके और भारत देश का नाम रोशन करने का गौरव प्राप्त किया।

# आईपीएल : मुंबई–केकेआर में भिड़ंत आज

## पांच बार की चैंपियन टीम के स्टार प्लेयर रोहित शर्मा चौके-छक्के लगाने को तैयार

**एजेंसी, मुंबई**

खेल के सभी विभागों में मजबूत दिख रही मुंबई इंडियंस की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पांच साल के खिताब के सूखे को खत्म करने के लिए रविवार को टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का सामना करेगी, जिसकी टीम कुछ खिलाड़ियों के चोटिल होने से कमजोर नजर आ रही है।

मुंबई इंडियंस ने 2013 से लेकर 2020 के बीच पांच बार खिताब जीता था, लेकिन वह पिछले कुछ वर्षों से चैंपियन नहीं बन पाया है। इस बार उसकी निगाह अपना छठा खिताब जीतने पर होगी और इसके लिए वह शानदार शुरुआत करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। पिछले साल हार्दिक पंड्या की अगुवाई वाली टीम क्वालीफायर दो में पंजाब किंग्स से हारने के बाद तीसरे स्थान पर रही थी, लेकिन मुंबई इंडियंस इस बार अच्छी तैयारी के साथ मैदान पर उतर रहा है।

रोहित शर्मा फॉर्म में वापसी करने के लिए उत्सुक होंगे। रोहित के अलावा उसकी टीम में कई स्टार



खिलाड़ी हैं जिनमें भारत की टी20 विश्व कप विजेता टीम के खिलाड़ी कप्तान सूर्यकुमार यादव, पंड्या, तिलक वर्मा और जसप्रीत बुमराह भी शामिल हैं।

मुंबई इंडियंस के पास कई शानदार विदेशी खिलाड़ी भी हैं, जिनमें रयान रिकेल्टन, शेरफेन रदरफोर्ड, कॉर्बिन बॉश, न्यूजीलैंड के कप्तान मिशेल सेंटनर, विल जैक्स, एएम ग़ज़नफ़र और ट्रेंट बोल्ट प्रमुख हैं। बुमराह और बोल्ट की जोड़ी खतरनाक साबित हो सकती है। शार्दुल ठाकुर और दीपक चाहर के रूप में मुंबई इंडियंस के पास दो अनुभवी भारतीय गेंदबाज हैं, जबकि नमन धीर एक बार फिर फिनिशर की भूमिका अच्छी तरह से निभाने की कोशिश करेंगे।

दूसरी ओर, नीलामी के समय केकेआर का गेंदबाजी आक्रमण अच्छा नजर आ रहा था, लेकिन बीसीसीआई के निर्देश पर केकेआर ने बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को बाहर कर दिया है जबकि उसके दो भारतीय तेज गेंदबाज आकाश दीप और हर्षित राणा चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। जिंबॉब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी प्रतिभाशाली हैं, लेकिन उन पर दबाव हो सकता है। ऐसे में गेंदबाजी विभाग की बड़ी जिम्मेदारी वरुण चक्रवर्ती को निभानी पड़ेगी जो टी–20 विश्व कप में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। (अनंत ज्ञान)

### संभावित टीमें

**मुंबई इंडियंस:** हार्दिक पंड्या (कप्तान), क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), दानिश मालेवार, रॉबिन मिंज (विकेटकीपर), रयान रिकेल्टन (विकेटकीपर), शेरफेन रदरफोर्ड, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, अथर्व अंकोलेकर, राज बावा, कॉर्बिन बॉश, विल जैक्स, मयंक रावत, नमन धीर, मिशेल सेंटनर, शार्दुल ठाकुर, तिलक वर्मा, अश्विनी कुमार, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह, दीपक चाहर, एएम गजनफर, मयंक मार्कंडेय, मोहम्मद इज़हार, रघु शर्मा।

**कोलकाता नाइट राइडर्स:** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह (उपकप्तान), फिन एलन, तेजस्वी दहिया (विकेटकीपर), मनीष पांडे, रोवमैन पॉवेल, अंगकृष रघुवंशी, रमनदीप सिंह, सार्थक रंजन, टिम सीफर्ट (विकेटकीपर), राहुल त्रिपाठी, दक्ष कामरा, कैमरन ग्रीन, सुनील नारायण, रचिन रवींद्र, अनुकूल रॉय, वैभव अरोड़ा, सौरभ दुबे, कार्तिक त्यागी, ब्लेसिंग मुजरबानी, मथीशा पथिराना, नवदीप सैनी, प्रशांत सोलंकी, उमरान मलिक, वरुण चक्रवर्ती।

# मुंबई इंडियंस से जुड़े बुमराह गेंदबाजी में दिखाएंगे कमाल

**एजेंसी, मुंबई**

जसप्रीत बुमराह मुंबई इंडियंस टीम से जुड़ गए हैं। खबरों के मुताबिक, वे शुक्रवार शाम टीम होटल पहुंचे। बुमराह रविवार को मुंबई में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ खेल सकते हैं। बुमराह पिछले पांच दिनों से बेंगलुरु स्थित बीसीसआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में थे और अपने फिटनेस और वर्कलोड मैनेजमेंट पर काम कर रहे थे। मुंबई की टीम के विल जैक्स और मिचेल सैंटनर अभी तक स्क्वॉड से नहीं जुड़े हैं। दोनों



### दूसरे टॉप विकेट टेकर

**बुमराह** ने 2013 में मुंबई के लिए डेब्यू किया था और तब से वे टीम के सबसे अहम गेंदबाजों में शामिल हैं। उन्होंने 148 मैचों में 186 विकेट लिए हैं। वे मुंबई के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों में दूसरे नंबर पर हैं। उन्होंने 2013, 2015, 2017, 2019 और 2020 की खिताबी जीत में बड़ी भूमिका निभाई है।

खिलाड़ी 27 मार्च को हुए जरूरी प्रैक्टिस सेशन में भी नजर नहीं आए। हालांकि, उनकी अनुपस्थिति के पीछे इंटरनेशनल क्रिकेट शेड्यूल और आराम को वजह माना जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### पिछले सीजन में भी नहीं खेले थे शुरुआती 4 मैच

**बुमराह** पिछले सीजन में शुरुआती चार मैच नहीं खेल पाए थे। टीम उन मुकाबलों में से तीन हार गई थी। हालांकि मुंबई इंडियंस किसी तरह प्लेऑफ में जगह बनाने में सफल रही, लेकिन टीम चौथे स्थान पर ही रह सकी।

## सीएसके ने पोस्ट में मांसपेशियों में खिंचाव होने की बताई दिक्कत

# आईपीएल से 2 हफ्ते बाहर रह सकते हैं धोनी

**एजेंसी, चेन्नई**

एमएस धोनी आईपीएल –2026 के शुरुआती दो हफ्ते बाहर रह सकते हैं। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के पूर्व कप्तान इस समय मांसपेशियों में खिंचाव के कारण रिहैब से गुजर रहे हैं। सीएसके की ओर से एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि उन्हें काफ स्ट्रेन, यानी पिंडली में खिंचाव है। अगर धोनी पूरे 2 हफ्ते यानि 14 दिन तक बाहर रहते हैं तो वो कम से कम 3 मैच नहीं खेल पाएंगे। सीएसके का



पहला मैच 30 मार्च को गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ है। इसके बाद उसका अगला मैच 3 अप्रैल को चेन्नई में पंजाब किंग्स के खिलाफ है। टीम अपना तीसरा मैच 5 अप्रैल को डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ उसके ही घर में खेलेगी, जिसका हर किसी को बेसब्री से इंतजार है। धोनी इन तीनों ही मैच से बाहर रह सकते हैं। उनकी वापसी 11 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में हो सकती है। (अनंत ज्ञान)

### आईपीएल के सबसे उम्रदराज व सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी

**धोनी** फिलहाल 44 साल के हैं। वे आईपीएल 2026 के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। पिछले सीजन ऋतुराज गायकवाड के चोटिल होने के बाद उन्हें बीच में ही चेन्नई की कप्तानी करनी पड़ी। उन्होंने टीम को 4 में से 3 मैचों में जीत दिलाई थी। आईपीएल में सबसे ज्यादा मैच खेलने वालों में महेंद्र सिंह धोनी पहले पायदान पर हैं। वे अब तक 278 मैच खेल चुके हैं। चेन्नई सुपर किंग्स को पांच बार खिताब जिताया है। 38.30 की औसत से 5439 रन बनाए हैं।

# मियामी ओपन के फाइनल में पहुंचे सिनर

## ज्वेरेव को 6-3, 7-6 (7/4) से हराया, फाइनल में लेहेका से होगा सामना

**एजेंसी, मियामी**

मियामी ओपन 2026 में दुनिया के नंबर–2 टेनिस खिलाड़ी इटली के यानिक सिनर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर फाइनल में जगह बना ली है। अब खिताबी मुकाबले में उनका सामना चेक गणराज्य के जिरी लेहेका से होगा। 24 वर्षीय सिनर ने सेमीफाइनल में ज्वेरेव को 6–3, 7–6 (7/4) से हराया। यह ज्वेरेव के खिलाफ उनकी लगातार सातवीं जीत रही।

इसके साथ ही सिनर ने मास्टर्स 1000 स्तर पर लगातार जीते गए सेट्स की संख्या 32 तक पहुंचा दी। विंबलडन चैंपियन सिनर इससे पहले इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में भी ज्वेरेव को हरा



चुके हैं और अब वह तीन साल में अपना दूसरा मियामी ओपन खिताब जीतने के करीब हैं। वह 2017 में रोजर फेडरर के बाद 'सनशाइन डबल' (इंडियन वेल्स और मियामी दोनों खिताब) हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी बनने की कोशिश में हैं।

दूसरी ओर, 21वीं वरीयता प्राप्त लेहेका ने फ्रांस के आर्थर फिल्स को एकतरफा मुकाबले में 6–2, 6–2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। लेहेका ने पूरे टूर्नामेंट में अब तक एक भी सेट नहीं गंवाया है और यह उनका पहला एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल होगा। हालांकि, लेहेका का रिकॉर्ड सिनर के खिलाफ अच्छा नहीं रहा है। दोनों के बीच अब तक खेले गए तीनों मुकाबलों में सिनर ने जीत दर्ज की है और लेहेका एक भी सेट नहीं जीत सके हैं। (अनंत ज्ञान)

# पुरुष भारोत्तोलन 88 किग्रा वर्ग में अरुणाचल के रुबा ताडु बने चैंपियन

**एजेंसी, रायपुर**

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 प्रतियोगिता में 88 किलोग्राम वर्ग पुरुष भारोत्तोलन में अरुणाचल प्रदेश के रुबा ताडु ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कुल 274 किलोग्राम वजन उठाकर पहला स्थान हासिल किया और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। रुबा ताडु ने स्नैच में 117 किग्रा तथा क्लीन एंड जर्क में 157 किग्रा वजन उठाकर शीर्ष स्थान सुनिश्चित किया। खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीत लिया। प्रतियोगिता में देशभर के अनेक प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया और प्रतिस्पर्धा में कड़े मुकाबले देखने को मिले। दूसरे स्थान पर आंध्र प्रदेश के देवरकोंडा प्रेम सागर रहे, जिन्होंने कुल 270 किलोग्राम वजन उठाकर रजत पदक जीता। वहीं अरुणाचल प्रदेश के ही सोरम हिटलर टाग्रू ने 262 किलोग्राम के साथ तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक हासिल किया। प्रतियोगिता में ओडिशा के सनातन मलिक (249 किग्रा) चौथे स्थान पर रहे, जबकि असम के प्रीतम सोनोवाल (248 किग्रा) ने पांचवां स्थान प्राप्त किया। मध्यप्रदेश के पृथ्वीराज चौहान (226 किग्रा) छठे स्थान पर रहे। (अनंत ज्ञान)

# टाइगर वुड्स गिरफ्तार, कुछ ही देर बाद जमानत पर रिहा

**एजेंसी, जुपिटर( आइलैंड )।** दिग्गज गोल्फर टाइगर वुड्स को नशे में गाड़ी चलाने के संदेह में गिरफ्तार किए जाने के कुछ घंटे बाद शुक्रवार देर रात जमानत पर रिहा कर दिया गया। वुड्स की लैंड रोवर एक ट्रक से टकराने के बाद पलट गई थी। मार्टिन काउंटी शेरिफ जॉन बुडेन्सिएक ने बताया कि वुड्स रिहायशी सड़क पर तेज रफ्तार से गाड़ी चला रहे थे और दुर्घटना के बाद उनमें नशे के लक्षण दिखाई दिए। जांचकर्ताओं का मानना है कि वुड्स ने किसी तरह की दवा या नशीले पदार्थ का सेवन किया था। उन्होंने बताया कि वुड्स काफी सुस्त लग रहे थे। वह नशे का पता लगाने के लिए सांस का टेस्ट करने के लिए सहमत हो गए थे, लेकिन उन्होंने मूत्र का परीक्षण कराने से इनकार कर दिया जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। फ्लोरिडा के कानून के अनुसार जमानत मिलने से पहले उन्हें कम से कम आठ घंटे जेल में बिताने पड़े। (अनंत ज्ञान)

# जर्मनी ने स्विट्जरलैंड को 4–3 से हराया, इंग्लैंड व उरुग्वे का मैच ड्रॉ

**एजेंसी, लंदन**

फ्लोरियन विट्र्ज ने दो गोल किए और दो गोल में मदद की, जिससे जर्मनी ने दो बार पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए विश्व कप फुटबॉल से पहले के मैत्री मैच में स्विट्जरलैंड को 4–3 से हराया जबकि मिकेल ओयाज़ार्बल के दो गोल की मदद से स्पेन ने सर्बिया को 3–0 से पराजित किया।

अन्य मैचों में बेन व्हाइट ने इंग्लैंड की टीम में वापसी करते हुए गोल किया, लेकिन फिर स्टॉपेज टाइम में पेनल्टी दे दी, जिससे इंग्लैंड ने उरुग्वे के साथ 1–1 से ड्रॉ खेला, जबकि नीदरलैंड ने एम्स्टर्डम में



नॉर्वे को 2–1 से हराया। अन्य मैचों में अल्जीरिया ने ग्वाटेमाला को 7–0 से और मिस्र ने सऊदी अरब को 4–0 से हराया। मोरक्को ने इक्वाडोर के साथ 1–1 से ड्रॉ खेला। (अनंत ज्ञान)

**शतरंज** प्रतियोगिता के ओपन वर्ग में भारत से भाग ले रहा एकमात्र खिलाड़ी

# कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में प्रज्ञाननंदा के सामने कड़ी चुनौती

**एजेंसी, पाफोस**

आठ खिलाड़ियों की एलीट प्रतियोगिता के ओपन वर्ग में भाग ले रहे एकमात्र भारतीय खिलाड़ी ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा को रविवार से यहां शुरू होने वाले कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

इस टूर्नामेंट का विजेता खिलाड़ी इस साल के आखिर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश का सामना करेगा। इस टूर्नामेंट में आठ खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जो डबल राउंड–रॉबिन प्रारूप में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

प्रत्येक खिलाड़ी अन्य सभी प्रतिभागियों का दो बार सामना करेगा और सबसे अधिक अंक हासिल करने वाला खिलाड़ी विश्व चैंपियन बनने के लिए गुकेश को चुनौती देने का अधिकार हासिल करेगा। हाल के प्रदर्शन को देखते हुए अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारुआना प्रबल दावेदार नजर आते हैं लेकिन उनके हमवतन हिकारू नाकामुरा का दावा भी मजबूत है जिन्होंने अपनी रेटिंग के आधार पर



क्वालीफाई किया है। नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर अनीश गिरी भी अच्छी फॉर्म में हैं और उन पर नजर रखने की जरूरत है। अगर उनकी लय कायम रहती है, तो वह मजबूत दावेदार साबित होंगे। चीन के वेई यी, उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव तथा एंड्री एसेपेंको और मैथियास ब्लूबाउम अन्य चार खिलाड़ी हैं जो इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं।

प्रज्ञाननंदा के लिए कैंडिडेट्स टूर्नामेंट की तैयारी पूरी तरह से आसान नहीं रही है। हालांकि लंबे और सुनियोजित अवकाश के बाद यह भारतीय खिलाड़ी तरोताजा महसूस कर रहा होगा। फरवरी में टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट के बाद से इस युवा ग्रैंडमास्टर ने कोई भी टूर्नामेंट नहीं खेला है और इसके बजाय उन्होंने अपनी टीम के साथ इस प्रतियोगिता की तैयारी की। कैंडिडेट्स के लिए क्वालीफाई करने के बाद प्रज्ञाननंदा की फॉर्म में गिरावट देखी गई, जो इस वर्ष की शुरुआत में टाटा स्टील मास्टर्स में भी जारी रही।

भारतीय खिलाड़ी को अगर विश्व चैंपियनशिप में दो भारतीयों के बीच मुकाबला तय करना है तो उन्हें ;यहां अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। (अनंत ज्ञान)

# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 103 रन से हराकर सीरीज में बनाई 1–0 की बढ़त

**एजेंसी, सेंट किट्स**

सेंट किट्स के बासेटेरे में शुक्रवार रात खेले गए पहले वनडे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने दमदार प्रदर्शन करते हुए वेस्टइंडीज को 103 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1–0 की बढ़त बना ली। नई कप्तान सोफी मोलिन्यूक्स के नेतृत्व में टीम ने शानदार जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने 341 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया। टीम की शुरुआत मजबूत रही और ओपनिंग जोड़ी ने 75 रन जोड़े। जॉर्जिया वोल ने 32 गेंदों में 42 रन बनाए, जबकि फोएबे लिचफील्ड ने 72 गेंदों पर 77 रनों की अहम पारी खेली। एलिस पेरी ने 46 गेंदों में 44 रन बनाकर टीम को मजबूती दी। मध्यक्रम में कप्तान सोफी मोलिन्यूक्स ने 47 रन बनाए और निकोला कैरी (49) के साथ 91 रनों की साझेदारी की। अंत में जॉर्जिया वेयरहैम ने 42 रन बनाकर टीम को 300 के पार पहुंचाया। वेस्टइंडीज की ओर से अफी फ्लेचर ने 3 विकेट लिए, लेकिन काफी महंगे साबित हुईं।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत खराब रही और टीम ने जल्दी विकेट गंवा दिए, जिसमें कप्तान हेले मैथ्यूज का विकेट भी शामिल था। अनुभवी बल्लेबाज स्टेफनी टेलर ने शानदार नाबाद 105 रन बनाकर टीम को संभालने की कोशिश की, लेकिन उन्हें दूसरे छोर से पर्याप्त समर्थन नहीं मिला। (अनंत ज्ञान)